RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 68
नई दिल्ली, बुधवार, 11 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विराट कोहली का शतक, भारत 67 रनों से जीता

स्पोर्ट्स-12

# 55 यात्रियों को छोड़ विमान पहुंचा दिल्ली

### ● बेंगलुरु में इंतजार करते रह गए यात्री, एयरलाइन ने मांगी माफी, डीजीसीए ने गो फर्स्ट को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**विमान** से यात्रा करने वालों के लिए नया साल कई हैरतभरी खबरों को लेकर आया। इसमें उड़ान के दौरान सहयात्री पर पेशाब करने की घटना से लेकर बम की धमकी तक जैसे मामले शामिल हैं। इसके अलावा इसमें उड़ाने रद्द होने तथा उड़ान के दौरान मारपीट जैसी घटनाएं भी शामिल हैं। इस कड़ी में जो सबसे चौंकाने वाली खबर है वह यह है कि एक विमान अपने 55 यात्रियों को छोड़कर उड़ान भरकर दिल्ली पहुंच गया।

यह घटना सोमवार को हुई जब गो फर्स्ट की बेंगलुरू-दिल्ली उड़ान (जी8-116) सुबह 6.30 बजे अपने 55 यात्रियों के बगैर रवाना हो गई। एयरलाइन की बस से यात्री विमान की ओर जा रहे थे, तभी विमान ने उड़ान भर ली। कई नाराज यात्रियों ने ट्वीटर पर एयरलाइन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। बाद में एयरलाइन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए यात्रियों के लिए चार घंटे बाद दूसरी उड़ान का इंतजाम किया। रिपोर्ट के मुताबिक 55 में 53 यात्रियों को दूसरी उड़ान में शिफ्ट किया तथा बाकी बचे दो यात्रियों का पैसा रिफंड किया गया। वहीं नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गो फर्स्ट को मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इस बीच, मामले में गो फर्स्ट ने यात्रियों से माफी मांगी है। गो फर्स्ट ने मंगलवार को कहा कि उड़ान से पहले यात्रियों की जांच के दौरान लापरवाही के कारण ही यह घटना हुई।

एयरलाइन कंपनी ने इस मामले की जांच के आदेश देते हुए घटना से जुड़े सभी कर्मचारियों कार्यक्रम सारिणी (रोस्टर) से हटा दिया है। किफायती विमान सेवा कंपनी ने बयान में कहा, बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या जी8-116 के उड़ान भरने से पहले यात्रियों की जांच के दौरान लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई इस स्थिति के लिए हम माफी मांगते हैं। गो फर्स्ट ने कहा कि इस मामले से प्रभावित सभी यात्रियों को अगले 12 माह में घरेलू मार्ग पर उड़ान का एक टिकट निःशुल्क दिया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने इसके बाद कहा कि जांच जारी रहने तक सभी संबंधित कर्मचारियों को रोस्टर से हटा दिया गया है। वहीं नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर एक यात्री कोच में ( शेष पेज 8 )



## एयरलाइन के खाने में पत्थर मिला

**नई दिल्ली।** एयरलाइन की लापरवाही की एक और घटना सामने आई है। एक महिला ने एयर इंडिया की फ्लाइट ए1 215 में खाने में पत्थर मिलने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर खाने की फोटो शेयर करते हुए पीड़ित सर्वप्रिया सांगवान ने लिखा- पत्थर मुक्त भोजन सुनिश्चित करने के लिए आपको और धन की आवश्यकता नहीं है। क्रू द्वारा परोसे गए भोजन में मुझे पत्थर मिला। इसकी जानकारी क्रू मेंबरको दी थी। लेकिन उन्होंने इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं है। सर्वप्रिया के ट्वीट का एअर इंडिया ने अपने ऑफिशियल हैंडल से जवाब देते हुए लिखा- यह चिंता का विषय है। हम इसे तुरंत अपनी खानपान टीम के साथ शेयर कर रहे हैं। कृपया हमें कुछ समय दें। इसे हमारे ध्यान में लाने के लिए हम आभारी हैं।

## मॉस्को से आ रहे विमान में बम की धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला

### ● 15 घंटे जामनगर रुकने के बाद पहुंचा गोवा

**पायनियर समाचार सेवा।** जामनगर, पणजी

**गुजरात** के जामनगर हवाई अड्डे पर बम होने की सूचना पर आपात स्थिति में उतरने वाली अजूर एयर की मॉस्को से गोवा की उड़ान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला जिसके बाद विमान मंगलवार दोपहर को यहां से रवाना हुआ और गोवा पहुंचा।

अधिकारियों ने बताया कि विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और स्थानीय पुलिस के दलों ने तलाशी ली, जिसमें कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ। जामनगर हवाई अड्डे पर 15 घंटे तक रुकने के बाद विमान ने आज दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर गोवा हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विमान अपराह्न दो बजकर 39 मिनट पर गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर उतरा। अधिकारियों ने बताया कि विमान में 236 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य सवार थे।

विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद सोमवार रात नौ बजकर 49 मिनट पर आपात स्थिति में उसे जामनगर हवाई अड्डे पर उतारा गया। उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और सघन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। चालक दल के सदस्यों व यात्रियों ने हवाईअड्डे के प्रतीक्षालय में रात ( शेष पेज 8 )

# जोशीमठ में दो होटलों को गिराने की तैयारी

### ● मालिकों ने किया तोड़फोड़ का विरोध, मुआवजे की मांग
### ● दरार प्रभावित मकानों की संख्या बढ़कर 700 से अधिक हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** जोशीमठ

**उत्तराखंड** सरकार ने जोशीमठ में भू-धंसाव से बुरी तरह प्रभावित दो होटलों को मंगलवार को गिराने की तैयारी कर ली है, लेकिन संपत्ति मालिकों ने इसका विरोध किया है। खतरा वाले क्षेत्र से कुछ और लोगों को निकाला गया है तथा दरार प्रभावित मकानों की संख्या बढ़कर 700 से अधिक हो गई है। राज्य सरकार ने सोमवार को माउंट व्यू और मालारी इन होटलों को गिराने का फैसला किया था, जिनमें हाल में बड़ी दरारें आ गईं और दोनों एक-दूसरे की ओर झुक गए हैं।

इससे आसपास की इमारतों को खतरा पैदा हो गया है। इलाके में अवरोधक लगा दिए गए हैं और इन होटल तथा आसपास के मकानों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है जिससे करीब 500 घरों अंधेरा हो गया है। राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) के कर्मी जेसीबी के साथ मौके पर पहुंच गए हैं और लोगों को इन होटल से दूरी बनाने को कहा गया है। हालांकि, जब प्रशासन मंगलवार शाम को मलारी इन को गिराने वाला था तो इसके मालिक ठाकुर सिंह विरोध स्वरूप होटल के सामने सड़क पर लेट गए। होटल मालिकों ने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के ( शेष पेज 8 )



जोशी मठ में होटल और मकान गिराए जाने का विरोध करते स्थानीय निवासी

## प्रभावित लोगों को निकालना प्राथमिकताः एनसीएमसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) ने मंगलवार को जोशीमठ की स्थिति की समीक्षा की, जहां इमारतों और अन्य ढांचों में दरारें आ गई हैं। समिति ने इस बात पर जोर दिया कि प्रभावित क्षेत्र से पूरी तरह से एवं सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एनसीएमसी की एक बैठक में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने इस बात पर जोर दिया कि संवेदनशील ढांचे को सुरक्षित तरीके से गिराने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एनसीएमसी ने कहा कि भू-तकनीकी, भू-भौतिकीय और हाइड्रोलॉजिकल सहित सभी अध्ययनों तथा ( शेष पेज 8 )

## एटीएम पर कैश वैन के गार्ड की हत्या कर आठ लाख लूटे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तरी** दिल्ली के वजीराबाद इलाके में मंगलवार शाम अज्ञात बदमाश ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम पर एक सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर आठ लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गया। यह घटना जगतपुर फ्लाईओवर के पास 4.50 बजे उस समय हुई जब कैश वैन एटीएम में रकम डालने के लिए आई थी। उसी समय पीछे से एक व्यक्ति आया और कैश वैन के गार्ड पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित की पहचान जय सिंह (55) के रूप में हुई है। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि शाम लगभग 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को वजीराबाद इलाके में कैश वैन लूटने के साथ फायरिंग की घटना के बारे में एक कॉल मिली थी। फौरन ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ( शेष पेज 8 )

# तमिलनाडु सरकार व राज्यपाल के बीच विवाद और गहराया

### ● पोंगल के लिए भेजे गए निमंत्रण में तमिझागम राज्यपाल लिखा गया, राज्य के बजाय केंद्र सरकार का प्रतीक चिन्ह छपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**तमिलनाडु** सरकार और राज्यपाल आर.एन. रवि के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है। राजभवन ने 12 जनवरी को चेन्नई राजभवन में मनाए जाने वाले पोंगल पेरुविझा उत्सव के लिए गणमान्य व्यक्तियों को भेजे गए निमंत्रण में रवि को तमिझागा आलुनार या तमिझागम राज्यपाल के रूप में संबोधित किया है।

यही नहीं, राजभवन ने पोंगल के आधिकारिक निमंत्रण पत्रों में राज्य सरकार के बजाय केंद्र सरकार के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया है। राज्यपाल ने इससे पहले राज्य का नाम तमिलनाडु से बदलकर तमिझागम करने का सुझाव देकर बड़ा विवाद पैदा कर दिया था। सत्तारूढ़ द्रमुक ने इस सुझाव के लिए राज्यपाल की तीखी आलोचना की थी। बीते सोमवार को ही राज्यपाल ने तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के कुछ हिस्सों को छोड़ दिया था और इसके बाद अभूतपूर्व कदम उठाते हुए विधानसभा से बाहर चले गए थे। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्यपाल के मूल भाषण एवं राज्यपाल के विधानसभा से बहिर्गमन को रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए कहा तो विवाद और गहरा गया।

इससे पहले राजभवन से पोंगल के निमंत्रण में 'तमिलनाडु के राज्यपाल' लिखा जाता था।




चेन्नई में राज्यपाल आरएन रवि के विरोध में लगे बैनर के सामने से गुजरतीं छात्राएं

## रक्षा मंत्रालय ने 4,276 करोड़ के खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्रालय ने चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कुल 4,276 करोड़ रुपए की लागत से हेलिना एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल समेत तीन खरीद प्रस्तावों को मंगलवार को मंजूरी दी। खरीद प्रस्तावों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने मंजूरी दी। इनमें दो प्रस्ताव थल सेना के लिए थे और तीसरा भारतीय नौसेना के लिए था। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि डीएसी ने 4,276 करोड़ रुपए की लागत से तीन खरीद प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा, डीएसी ने एओएन को हेलिना एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल, लॉन्चर और संबंधित सहायक उपकरण की खरीद के लिए मंजूरी दे दी है, जिसे उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) में लगाया जाएगा।

# बेंगलुरु में मेट्रो पिलर गिरा, मां-बेटे की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

### ● पति और बेटी गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु** में निर्माणाधीन मेट्रों का एक खंभा मंगलवार को चार लोगों के परिवार पर गिर गया, जिससे एक महिला और उसके ढाई साल के बेटे की मौत हो गई, जबकि उसका पति और एक अन्य बच्चा घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, घटना बेंगलुरु में एचबीआर लेआउट के पास आउटर रिंग रोड पर सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुई। नम्मा मेट्रो (बेंगलुरु मेट्रो) के वास्ते कंक्रीट के खंभे को खड़ा करने के लिए की गई स्टील रॉड सेंटरिंग उनके स्कूटर पर गिर गई।

खंभे की उंचाई 40 फुट से ज्यादा और वजन कई टन बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने महिला और उसके ढाई साल के बेटे को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनका उपचार करने वाले चिकित्सकों ने कहा, दोनों के सिर पर चोट आई थी। हमने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की। खून काफी बह गया था और रक्तचाप भी गिर गया था। हादसे में घायल महिला के पति लोहित और दूसरे बच्चे की हालत स्थिर है। नम्मा मेट्रो और कर्नाटक सरकार ने प्रभावित परिवार को 20-20 लाख के मुआवजे की घोषणा की।

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने धारवाड़ में पत्रकारों से बात करते हुए घटना की जांच कराने और शोक संतप्त परिवार को मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मुझे अभी इसके बारे में पता चला है, हम इसकी जांच कराएंगे.. हम खंभा गिरने के कारणों का पता लगाएंगे और मुआवजा भी देंगे। हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते ( शेष पेज 8 )

## सेना पर टिप्पणी के लिए शेहला पर चलेगा देशद्रोह का मुकदमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सेना के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की पूर्व उपाध्यक्ष शेहला राशिद शोरा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को शेहला के खिलाफ मुकदमा चलाने की स्वीकृति दे दी है। उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार, यह अनुमति शेहला राशिद शोरा के खिलाफ वर्ष 2019 में दर्ज एक प्राथमिकी से संबंधित है। वकील अलख आलोक श्रीवास्तव की शिकायत पर नई दिल्ली में विशेष प्रकोष्ठ थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए के तहत शोरा के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि मुकदमे की मंजूरी दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 की धारा 196 के तहत दी गई है, जो राज्य के खिलाफ अपराधों के लिए मुकदमा चलाने और ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,115 | ↓ 631 | |
| निफ्टी | 17,914 | ↓ 187 | |
| सोना | 56,160 | ↓ 105 | /10g |
| चांदी | 68,725 | ↓ 833 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत ने पृथ्वी-2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को ओडिशा तट से सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल ने तय लक्ष्य पर बेहद सटीक तरीके से निशाना लगाया। मंत्रालय ने कहा, कम दूरी की मारक क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल परीक्षण 10 जनवरी को ओडिशा तट पर स्थित चांदीपुर समेकित परीक्षण रेंज से किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा, प्रतिष्ठित प्रणाली पृथ्वी-2 मिसाइल भारत के परमाणु जखीरे का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मिसाइल ने बेहद सटीक तरीके से निशाना लगाया। बयान में कहा गया है कि सफल परीक्षण में मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मानदंड सही पाए गए। पृथ्वी-2 मिसाइल की रेंज करीब 350 किलोमीटर की है।

## यूक्रेन विवाद के असर पर चर्चा करेंगे वैश्विक नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● खाद्य, ईंधन और उर्वरकों पर पड़ने वाले प्रभाव पर होगी बातचीत

**पिछले** 11 महीने से यूक्रेन संघर्ष जारी है, फ्रेंच राष्ट्रपति एनामुएल मैक्रां, जर्मन चांसलर ओल्फ स्कोल्ज तथा आस्ट्रिया के प्रधानमंत्री एंथोनी एबानीस समेत कई वैश्विक नेता अगले कुछ महीनों में भारत यात्रा करेंगे। इस दौरान संघर्ष के चलते खाद्य, ईंधन और उर्वरक के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामता पर चर्चा होगी।

हालांकि नई दिल्ली इस विवाद को हल करने के लिए बातचीत और कूटनयिक रास्ते को अपनाने के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की से एकदूसरे से बातचीत कर विवाद का हल ढूंढने के लिए अपील कर चुके है। भारत 12 और 13 जनवरी को ग्लोबल साउथ कंट्रीज कांफ्रेंस की वर्चुअल मेजबानी करेगा जिसमें विवाद के प्रभाव की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों ने संकेत दिया कि राष्ट्रों के प्रमुख ऊर्जा, व्यापार, तकनीक, रक्षा उत्पादन, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

चांसलर स्कोल्ज जहां अगले महीने के अंत में आएंगे वहीं एबेनीस मार्च की शुरुआत में भारत पहुंचेंगे। उधर, फ्रांस मार्च के पहले हफ्ते में मैक्रां की भारत यात्रा की संभावना तलाश रहा है लेकिन अभी तिथियों का ऐलान नहीं किया गया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी इस माह के अंत में आएंगे और गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि होंगे। कई जी20 के विदेश मंत्री मंत्रियों की बैठक में ( शेष पेज 8 )

# जलवायु संकट का मुख्य केंद्र है दक्षिण एशिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● यूएन महासचिव गुतारेस ने कहा- इस क्षेत्र में जलवायु संकट से मौत का खतरा 15 गुना अधिक

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी है कि दक्षिण एशिया जलवायु संकट का सबसे बड़ा केंद्र है, जहां इसके प्रभाव से मौत का खतरा 15 गुना अधिक रहता है। उन्होंने इस बात पर भी निराशा जताई कि वैश्विक नेता इस आपात स्थिति से निपटने के लिए न तो कदम उठा रहे हैं और न ही उतना निवेश कर रहे हैं, जितना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया दुनिया के वैश्विक जलवायु संकट के हॉटस्पॉट (केंद्र) में से एक है, जहां अन्य जगहों की तुलना में जलवायु प्रभावों से लोगों के मरने की संभावना 15 गुना अधिक है। पिछले साल की विनाशकारी बाढ़ से पाकिस्तान को उबरने में मदद करने को जिनेवा में फंड एकत्र करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित सम्मेलन में गुतारेस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हमेशा की तरह जलवायु परिवर्तन के लिए कम से कम जिम्मेदार विकासशील देश सबसे अधिक इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जलवायु परिवर्तन के कारण विकासशील देशों को होने वाले नुकसान और बर्बादी के क्रूर अन्याय को ईमानदारी से देखने की जरूरत है।

यदि किसी को भी इस बारे में कोई संदेह है तो वह पाकिस्तान जाकर स्थिति देख सकता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि सम्मेलन में पाकिस्तान को 9 अरब डॉलर से अधिक का फंड मिला वादा किया गया। इनमें पहली बार ऐसा हुआ जब इसमें से आधी से अधिक दानदाता विकासशील देशों से सामने आए। गुतारेस ने कहा कि इस्लामाबाद को संकट से उबारने के लिए 16 अरब डॉलर की जरूरत होगी और इस सम्मेलन से इसकी आधी राशि का वादा उसे मिल चुका है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पाकिस्तान की तबाही को सीधा जलवायु परिवर्तन से जोड़ा और भारत के इस पड़ोसी देश की मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की अपील की। गुटेरेस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का एक प्रतिशत से भी कम का भागीदार पाकिस्तान जलवायु संकट का कारण नहीं है, लेकिन यह इसके सबसे ( शेष पेज 8 )



## पिछले साल दिल्ली रहा सर्वाधिक प्रदूषित शहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पिछले साल राजधानी दिल्ली भारत का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा और इस दौरान पीएम 2.5 की मात्रा सुरक्षित स्तर से दोगुना से ज्यादा रही तथा पीएम 10 से होने वाले प्रदूषण के मामले में शहर तीसरे नंबर पर रहा।

एनसीएपी ट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का प्रदूषण पिछले पांच वर्षों में करीब सात प्रतिशत घटा है और 2019 के 108 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से घटकर यह 2022 में 99.71 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रह गया है। हालांकि, यह कमी अभी भी इच्छित स्तर से काफी कम है। केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का लक्ष्य 2017 को आधार वर्ष मानते हुए 2024 तक पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषकों की मात्रा को 20 से 30 प्रतिशत तक कम करना है। आंकड़ों के अनुसार, पीएम 2.5 प्रदूषकों के स्तर के लिहाज से चार सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली-एनसीआर में जबकि नौ सबसे अधिक प्रदूषित शहर सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्र में आते हैं।

सीपीसीबी के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, पीएम 2.5 के स्तर के आधार पर सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली (97.71 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर), हरियाणा का फरीदाबाद ( शेष पेज 8 )

# गाजियाबाद में होगा 8 हजार करोड़ का निवेश

## प्रदेश के विकास व रोजगार सृजन के लिए अगले माह लखनऊ में होगी निवेशक समिट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रदेश के विकास और रोजगार सृजन के लिए अगले महीने लखनऊ में निवेशक समिट होने जा रही है। इसके लिए अधिक से अधिक निवेशक तलाशने की जिम्मेदारी प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों को भी दी गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। इसी को लेकर आज जीडीए वीसी आरके सिंह की अध्यक्षता में निवेशकों के साथ बैठक हुई। गाजियाबाद में भी करीब आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा।

जीडीए ने गाजियाबाद के चिन्हित निवेशकों का प्रदेश सरकार द्वारा जारी पॉर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा दिया है। निवेश करने वाली कई प्राइवेट सेक्टर की कंपनी इसी महीने से गाजियाबाद में प्रोजेक्ट शुरू करेगी। इन निवेशकों के साथ आज जीडीए में करीब एक बजे एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।



फाइल फोटो

बैठक की अध्यक्षता जीडीए वीसी आरके सिंह ने की। बैठक में जीडीए के नियोजन, इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिक, फाइनेंस आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में करीब आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश करने वाले प्राइवेट सेक्टर की कंपनी को भी बुलाया गया था। जीडीए के डेटा के मुताबिक हाउसिंग के 16 प्रोजेक्ट में 7290 करोड़ रुपये का निवेश गाजियाबाद में होगा। इसके अलावा हॉस्पिटल में 1000 करोड़ रुपये और स्कूल प्रोजेक्ट में निवेश करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश होगा। करीब आठ हजार करोड़ रुपये के होने जा रहे इस निवेश से गाजियाबाद में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

जीडीए ने जो डेटा जारी किया है उसके हिसाब से एक लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार का अवसर पैदा होगा। गाजियाबाद की लोकेशन ही रोजगार परक है। अब जब से गाजियाबाद से होकर मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे, ईस्टर्न पेरिफेरल और आरआरटीएस प्रोजेक्ट आया है तब से यहां रियल स्टेट, स्कूल, इंडस्ट्री सेक्टर में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद और बढ़ गई है। इसे टीओडी ट्रांजिट ओरिएंटल डिवेलपमेंट यानि स्पेशल इकॉनोमिक जोन जीडीए के बनाए जाने से शहर मे निवेश और बढ़ेगा।

### कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने सुनी शिकायतें

*गाजियाबाद। नगर निगम में आज संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक मंगलवार को इसका आयोजन किया जाता है। संभव कार्यक्रम में आज नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने लोगों की शिकायत सुनीं और उन पर एक्शन लेने का निर्देश दिया। सुबह 10 बजे शुरू हुआ। जिसमें दो दर्जन लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान तीन शिकायतें हेल्थ, एक शिकायत अतिक्रमण और जलकल विभाग की तीन शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अरूण कुमार यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी, हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने इस दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अगर कोई कोताही बरती गई तो उनपर कार्रवाई की जाएगी।*

# सुविधा : 8 लेन का होगा यमुना एक्सप्रेस-वे

- रोजाना बढ़ती वाहनों की संख्या को लेकर लिया फैसला, जल्दी ही शुरू होगा निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यमुना एक्सप्रेस-वे 8 लेन का कर दिया जाएगा। फिलहाल यमुना एक्सप्रेस..वे 6 लेन का है। लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या को लेकर यह फैसला लिया गया है। जल्दी ही यमुना एक्सप्रेस.वे को आठ लेन के बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे को अब 6 लाइन से 8 लाइन का कर दिया जाएगा, क्योंकि यहां वाहनों की संख्या 32 हजार वाहन प्रतिदिन हो गई है। सेशन एग्रीमेंट में यह बात पहले से लिखी हुई है कि अगर टोल पर वाहनों की संख्या 32000 प्रतिदिन के आसपास हो जाएगी तो इसे 6 लाइन से आठ लाइन का कर दिया जाएगा। अरुणवीर सिंह ने कहा कि एक्प्रेस वे को 8 लाइन करने के लिए आदेश दिए गए हैं। इसकी डीपीआर बनाई जा रही है। टेक्निकल कमेटी रोड सेफ्टी के नॉर्म्स के अनुसार 15 दिन के अंदर डीपीआर तैयार कर लेगी।

### मेट्रो यात्रियों के लिए बनेगा स्काईवॉक

मेट्रो के हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए सेक्टर 51-52 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए लोगों का लंबे समय से चल रहा इंतजार अब खत्म होने वाला है। मिली जानकारी के मुताबिक इसी सप्ताह में दोनों स्टेशन को जोड़ने के लिए स्काईवॉक बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह स्काईवॉक करीब 9 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए निर्माण कंपनी का चयन कर लिया गया है। एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां ट्रेवलेटर बनाए जाएंगे। स्काईवॉक के बन जाने पर दोनों स्टेशन के बीच आने.जाने के लिए लोगों को बार.बार नहीं चढ़ना उतरना पड़ेगा। इससे समय की बचत भी होगी।

# हिट एंड रन : वसुधंरा में ऑडी ने बैरियर तोड़ 2 को कुचला

- सिक्योरिटी गार्ड पर चढ़ाने के बाद स्कूटी सवार को मारी टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां युवक ने सोसाइटी का बैरियर तोड़ते हुए ऑडी कार सिक्योरिटी गार्ड के सीने पर चढ़ा दी। एक स्कूटी सवार को भी टक्कर मारी। वह थोड़ी दूर जाकर गिरा। बताया जा रहा है कि रिश्तेदारों में विवाद के बाद कार सवार युवकों पर हमला हो गया। इससे बचने के लिए युवक ने कार दौड़ा दी।

बैरियर पर गार्ड ने रोका तो बैरियर तोड़ते हुए उस पर कार चढ़ा दी। हादसे से पहले और बाद दोनों के वीडियो सामने आए हैं। पहले वीडियो में कुछ लोग कार का शीशा तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरा वीडियो भागने और गार्ड पर गाड़ी चढ़ाने का है। फिलहाल, पुलिस ने कार सवारों की शिकायत पर जहां हमले का केस दर्ज कर लिया है। वहीं सुरक्षाकर्मी ने भी हादसे की थ्स् दर्ज कराई है। ये हादसा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा सेक्टर.10 में 8 जनवरी की शाम 5 बजे का है। जानकारी के मुताबिक, यहां रहने वाले अक्षय कुमार का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। इसी विवाद में बातचीत करने के लिए महिला के मायके पक्ष के लोग ऑडी कार लेकर वसुंधरा आए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। पहला वीडियो जो सामने आया है, उसके अनुसार, अक्षय पक्ष के लोग ऑडी पर डंडे बरसा रहे हैं। इसमें गाड़ी के शीशे टूट गए हैं। उनसे बचने के लिए ड्राइवर ने गाड़ी दौड़ाई। दूसरे वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग सड़क पर खड़े हैं। इसमें गार्ड को कुचलकर ऑडी कार आगे बढ़ गई है। हैरत की बात ये रही कि दो टायर गार्ड के ऊपर चढ़ने के बावजूद वो शख्स अगले ही पल उठकर खड़ा भी हो गया। इस हादसे में रोड पर खड़े कई लोग बाल.बाल बच गए। गार्ड के पैर की हड्डी टूटी है।

कार सवार लोगों के नाम धीरज सोनी, कुशाग्र सोनी, ओमप्रकाश और दीपिका बताए जा रहे हैं। इसमें कुशाग्र, अक्षय का साला है। ऑडी कार पर हमले के मामले में इंदू सागर ने अपने पति अक्षय कुमार, सास मुकेश रानी, ससुर रतन लाल समेत अजय कुमार, सुमन देवी, सार्थक और अंदाज के खिलाफ मारपीट और दहेज एक्ट का केस थाना इंदिरापुरम में दर्ज कराया है।

इंदू सागर के मुताबिक, पांच साल पहले उनकी शादी अक्षय कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से अक्षय और उसके परिवारवाले दहेज मांग रहे थे। इसके लिए कई बार इंदू से मारपीट की गई।

### नोएडा में विभिन्न सड़क हादसों में चार की मौत

**नोएडा।** जनपद के विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सडक हादसों में चार लोगों की मौत हो गई।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि थाना ईकोटेक.3 क्षेत्र में हुए हादसे में रामकुमार पुत्र जवाहरलाल उम्र 27 वर्ष की मौत हो गई। एक अन्य हादसा थाना सूरजपुर क्षेत्र में में हुआ जिसमें रोशन श्रीवास्तव पुत्र अखिलेश श्रीवास्तव उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र में एक हादसे में जीतू उर्फ जितेंद्र की मौत हो गई। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-2 क्षेत्र में हुए एक सडक हादसे में मानसिंह व्यक्ति की मौत हो गई।

# नया साल मनाने गया सॉफ्टवेयर इंजीनियर कसोल से हुआ लापता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिनव मिंगवाल 31 दिसंबर से हिमाचल प्रदेश के कसोल से लापता है। वो न्यू ईयर पार्टी करने वहां गया था। अभी तक इंजीनियर का कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। कसोल पुलिस पहाड़ी एरिया में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

गाजियाबाद में श्याम पार्क साहिबाबाद एक्सटेंशन निवासी 25 वर्षीय अभिनव मिंगवाल सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और मीडिया डॉट नेट कंपनी में वर्क फ्रॉम हॉम जॉब करते हैं। अभिनव मिंगवाल 26 दिसंबर 2022 को न्यू ईयर पार्टी के लिए अकेले ही वोल्वो बस से कसोल हिमाचल प्रदेश गया था। 26 से 28 दिसंबर तक वो एक हॉस्टल में रुका, जबकि 28 दिसंबर की शाम वो कसोल के पर्क अप हॉस्टल में शिफ्ट हो गया। 31 दिसंबर 2022 की शाम करीब साढ़े 6 बजे अभिनव की मां से फोन पर बात हुई। अभिनव ने बताया कि वो 2 जनवरी तक गाजियाबाद पहुंच जाएगा। 2 जनवरी को परिजनों ने फोन किया तो उसका मोबाइल स्वीच ऑफ बता रहा है।

# हिरासत में मौत, 3 पुलिसकर्मियों पर केस

- ऑटो ड्राइवर की गैरइरादतन हत्या का मामला हुआ दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला गाजियाबाद में ऑटो ड्राइवर धर्मपाल यादव की कथित तौर पर पुलिस पिटाई से मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। कनावनी चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार व 2 कॉन्स्टेबल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या 304 का केस दर्ज कर लिया गया है। इधर, अखिलेश यादव ने इस प्रकरण को शर्मनाक बताते हुए एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा पुलिस निर्दोषों की हत्या कर रही है।

25 साल के धर्मपाल यादव मूल रूप से जिला कासगंज में अमापुर थाना क्षेत्र के गांव नंगला बांस के रहने वाले थे। वो परिवार के साथ गाजियाबाद में इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी गांव में रहता था। धर्मपाल यहां ऑटो चलाता था। बहनोई अरविंद यादव के अनुसार, रविवार रात 10 बजे धर्मपाल ऑटो से घर लौट रहा था।

रास्ते में एक साइकिल से टक्कर हो गई। इसके बाद कनावनी चौकी की पुलिस धर्मपाल को ले गई। उसको खूब पीटा। रात डेढ़ बजे पुलिस ने धर्मपाल को बेहोशी की अवस्था में परिजनों के सुपुर्द किया और उसके 30 मिनट बाद ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस पिटाई से मौत हुई है। इसे लेकर सोमवार को दिनभर हंगामा भी चला। इस मामले में इंदिरापुरम थाना पुलिस ने सोमवार रात कनावनी चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह व दो कांस्टेबलों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। दीक्षा शर्मा का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इसके अलावा हॉस्पिटल इमरजेंसी की ब्ब्ज्ट देखी जा रही हैए जिसके अंदर धर्मपाल को पीटने का आरोप लगा है। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर गहराई से छानबीन की जा रही है। तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

# अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज किया जाए : सीईओ

- जनसुवाई के दौरान कड़ाके की ठंड को देखते हुए और जगहों पर अलाव जलवाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


जनसुनवाई के दौरान सीईओ रितु माहेश्वरी के समक्ष मांग रखते सूरजपुर के निवासी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहर में और जगहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। किसानों को आबादी के भूखंडों का लीज प्लान में देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शीघ्र जारी करने और अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने जनसुनवाई कर रहीं थीं। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए ग्रेटर नोएडा के पदाधिकारियों ने सीईओ से शहर में और जगहों पर अलाव जलाने की मांग की। सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग को जरूरत के हिसाब से और जगहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए। किसानों को लीज प्लान जारी करने में देरी की शिकायतें भी आईं, जिस पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी वर्क सर्किल को लीज प्लान जारी करने के निर्देश दिए।

रितु माहेश्वरी ने कहा कि जन सुनवाई में आने वाली शिकायतों पर जरूर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एसीईओ को सप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने को कहा। बिसरख, पतवाड़ी व आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण पर संज्ञान लिया।

# सूरजपुर गांव को स्मार्ट विलेज बनाने को रितु माहेश्वरी से मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सूरजपुर गांव में रहने वाले लोगों ने मंगलवार की जनसुनवाई में ग्रेटर नोएडा के सीईओ रितु माहेश्वरी से मुलाकात की। इस दौरान सूरजपुर के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से सीईओ को अवगत करवाया।

सूरजपुर गांव के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें 15 मांगे लिखी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सूरजपुर को स्मार्ट विलेज के रूप में डेवलप करना चाहिए। सूरजपुर गांव के निवासी एडवोकेट अतुल शर्मा ग्रामीणों के साथ सीईओ रितु माहेश्वरी से मिले। अतुल शर्मा ने सीईओ को अवगत करवाते हुए कहा कि इस समय सूरजपुर की हालत काफी बदतर है। जिला मुख्यालय के पीछे गंदगी का अंबार लगा हुआ हैए सड़के टूटी पड़ी है, नालियों से पानी बाहर निकलता है और कूड़े का ढेर सूरजपुर के मुख्य चौराहे पर लगा होता है। इन सभी समस्याओं से सूरजपुर के निवासी काफी परेशान हैं।

# पत्नी की हत्या कर शव छोड़ पति फरार

- कमरे से बदबू आने के बाद पड़ोस के लोगों ने पुलिस को दी सूचना

**पायनियर समाचार।** नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के बिशनपुरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को कमरे में बंद कर दिया, तथा भाग गया। शव से बदबू आने के बाद आस.पड़ोस के लोगों ने घटना की सूचना आज पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोडकर शव को कब्जे में ले लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि थाना सेक्टर.58 क्षेत्र के बिशनपुरा गांव में रहने वाले सूरज की पत्नी अंजलि 22 वर्ष मूलनिवासी जनपद मऊ उत्तर प्रदेश का शव आज सुबह उसके कमरे में मिला है।

मृतका का पति एक हफ्ते से लापता है। उसके घर के बाहर से ताला लगा था। आज सुबह को बदबू आई तो आस.पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि मृतका के सिर में चोट के निशान है, तथा उसका गला दबाया गया है।

उन्होंने बताया कि ऐसी आशंका है कि मृतक की गला दबाकर हत्या की गई है। मृतका का पति सूरज एक हफ्ते से घर में बाहर से ताला लगाकर फरार है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि मृतिका के पति ने उसकी हत्या की है। अपर उपायुक्त ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि मृतका का पति सूरज मौजूदा समय में बेरोजगार है, उसकी पत्नी काम करती है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चला रहा था हुक्का बार, तीन गिरफ्तार

- सेक्टर-20 में तेज म्यूजिक पर युवक-युवतियां बना रहे थे छल्ले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने सेक्टर-18 में एक हुक्का बार को पकड़ा है। दबिश के दौरान रेस्टोरेंट में तेज म्युजिक में 12 ये ज्यादा युवक और युवतियां हुक्का पी रहे थे। पुलिस ने सभी को हिदायद देकर छोड़ा गया।

वहीं हुक्का चलाने वाले संचालक समेत तीन को गिरफ्तार किया गया। ये लोग रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार चला रहे थे। आरोपियों की पहचान विकास यादव, उत्तम और आमिर हुई है। इनके कब्जे से 2 फ्लेवर्ड हुक्का, 2 चिलम, 6 हुक्का पाईप काले रंग के एवं 01 म्यूजिक बैंड बरामद किया गया है। एसीपी प्रथम रजनीश वर्मा ने बताया कि सेक्टर-18 में पुलिस ने पी ब्लाक स्थित एलओसी में रात करीब डेढ़ बजे दबिश दी।

# सबसे बड़े वाहन मेले का आज से आगाज

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महेंद्रनाथ पांडेय 12 जनवरी को करेंगे उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दुनिया के सबसे बड़े वाहन मेले ऑटो एक्सपो के 16वें एडिशन का आगाज आज 11 जनवरी से ग्रेटर नोएडा में होने जा रहा है। इसमें कार कंपनियां, टू व्हीलर ईवी कंपनियां और कामर्शियल गाड़ियां बनाने वाली कंपनियां शामिल हो रही हैं।

विजिटर को 11 जनवरी से गाड़ियां देखने का मौका मिलेगा, जबकि आम जनता के लिए यह 13 जनवरी से खुलेगा। ऑटो एक्सपो में मारुति, टोयोटा, टाटा, किआ, महिंद्रा जैसी तमाम कंपनियां शो-केस करने वाली हैं। 12 जनवरी को इसका उद्घाटन केन्द्रीय भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री नितिन गडकरी और भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय करेंगे। 16वें संस्करण की थीम एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफमोबिलिटी है।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर के महानिदेशक राजेश मेनन ने बताया, इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया अनुभव मिलने वाला है। ताकि वो आसानी से पर्यावरण के अनुकूल भारतीय मोबिलिटी की दुनिया को एक्सप्लोर कर सकें। ऑटो एक्सपो द मोटर शो 2023 में इस बार 48 वाहन विनिर्माताओं समेत 114 स्टेक होल्डर शामिल हो रहे हैं। इस मोटर शो में 5 वैश्विक प्रीमियर समेत 75 से अधिक वाहनों के लॉन्च होने की उम्मीद है। मोटर शो में 3 एक्सक्लूसिव पवेलियन होंगे, जिसमें एथनॉल पैवेलियन में टीवीएस, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा, बजाज, यामाहा, मोटर इंडिया, सुजुकी, मारुति सुजुकी और टोयोटा आदि वाहन प्रदर्शित किए जाएंगे।

# क्रिकेटर शिवम मावी के घर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने दी बधाई

## भारतीय क्रिकेट टीम में डेब्यू करने वाले नोएडा के खिलाड़ी का शहर में किया जा रहा जोरदार तरीके से स्वागत


अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शिवम मावी को बधाई देते प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- मंत्री ने कहा, टीम इंडिया में जगह बनाकर माता-पिता के साथ बढ़ाया यूपी का मान

भारतीय क्रिकेट टीम में डेब्यू करने वाले नोएडा के खिलाड़ी शिवम मावी का स्वागत शहर में जोरदार तरीके से किया जा रहा है। सेक्टर-52 में स्थित मावी के घर पर बधाई देने के लिए समाजसेवी संस्था, राजनीतिक दल रिश्तेदारों, प्रशिक्षकों और शुभचिंतक पहुंच रहे हैं।

इस उपलक्ष्य में मंगलवार की सुबह उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र सिंह तोमर, शिवम मावी को बधाई देने उनके घर पहुंचे। आपको बता दें कि शिवम मावी ने अपने पहले टी20 इंटरनेशनल डेब्यू सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ गेंदबाजी, बल्लेबाजी के साथ-साथ फील्डिंग से खेल प्रेमियों को प्रभावित किया है।

उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि टीम इंडिया में अपनी जगह और पहचान बनाकर देश, उत्तर प्रदेश के साथ.साथ माता.पिता की शान बढ़ाई है। शिवम मावी का भारतीय टीम में चयन होने के बाद उत्तर प्रदेश का हर एक खिलाड़ी गर्व महसूस कर रहा है। मावी ने विपरीत स्थितियों में अपने आप को स्थापित किया है। मावी नए बच्चों के लिए रोल मोडल बनेगा।

नोएडा के शिवम मावी ने 2018 में भारतीय टीम को अंडर.19 वर्ल्ड कप दिलाने में अहम रोल अदा किया था। उसके बाद आईपीएल में केकेआर टीम के साथ जुड़े। केकेआर के लिए खेलते हुए उन्होंने कई दिग्गजों को आउट किया है। इस बार के 2023 में शिवम मावी पर गुजरात टाइटंस ने 6 करोड़ रुपए की बोली लगाकर खरीदा है। मुंबई में खेले गए पहले टी.20 में सिर्फ 22 रन देते हुए चार विकेट झटके। अगले मैच में महंगे साबित हुए तो बल्ले से योगदान दिया। विपरित हालातों में 15 गेंद में ताबड़तोड़ 26 रन कूटे। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए आखिरी मैच में बैटिंग-बॉलिंग के मौके नहीं मिला, तो बाउंड्री पर शानदार कैच पकड़ा। मावी नई गेंद के अलावा पुरानी गेंद से भी बॉलिंग करने का माद्दा रखते हैं। पिछले कुछ समय से मावी को घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है। इस दौरान पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी, खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी, समाजसेवी अशोक श्रीवास्तव, श्यामवीर चौधरी, गजेंद्र मावी, निरंजन बंसल, सुनील नागर, ओम यादव, लोकेश यादव, रिंकू नंबरदार, संजीव भाटी आदि मौजूद थे।

# आयोग ने 1995 से सभी चुनावों का मांगा ओबीसी आरक्षण डेटा

- पिछड़ा आयोग ने नगर निगम को दिया तीन दिन का समय

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वार्ड आरक्षण को लेकर गठित पिछड़ा आयोग ने अब एक्शन लेना शुरू कर दिया है। आयोग ने नगर निगम के गठन होने से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए और उसमें आरक्षण की स्थिति पर एक रिपोर्ट नगर निगम से मांगी है।

इसके साथ ही प्रति चुनाव में आरक्षित ओबीसी वार्ड से किस जाति के व्यक्ति पार्षद बने हैं अब यह सूची भी तैयार कर नगर निगम को आयोग के पास भेजनी होगी। इसके अलावा जिन वार्डों को ओबीसी के लिये आरक्षित किया गया था उनमें उस समय कितनी जनसंख्या थी, प्रति चुनाव के दौरान ओबीसी की कुल कितनी जनसंख्या थी पर भी रिपोर्ट मांगी गई है। दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन को आयोग ने तीन दिनों का समय दिया है। ऐसे में अब नगर निगम के गठन होने यानि 1995 से लेकर वर्ष 2017 तक हुए वार्ड के आरक्षण की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है। आयोग की ओर से इस मामले में एक पत्र नगर निगम प्रशासन को लिखा गया है जिसमें आयोग ने कहा है कि वार्ड के आरक्षण पर रिपोर्ट ओबीसी बेस होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली से करीबी शहरों के लिए चलेंगी इंटरसिटी प्रीमियम बसें

## राजधानी से 200 किमी के दायरे में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को होगा फायदा

● डीटीसी ने नौ जनवरी को हुई अपनी बोर्ड बैठक में दी सैद्धांतिक मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर पड़ोसी शहरों के लिए दौड़ेंगी इंटरसिटी प्रीमियम बसें। दिल्ली परिवहन निगम ने गत नौ जनवरी को हुईअपनी बोर्ड बैठक में इसकी सैद्धांतिक मंजूरी दी। इन बसों के से राजधानी से दो सौ किलोमीटर के दायरे में रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को फायदा होगा।

इसके अलावा डीटीसी बोर्ड ने डीटीसी कर्मचारियों द्वारा ई-दोपहिया वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए डीटीसी डिपो में मुफ्त चार्जिंग की सुविधा मुहैया कराने को भी मंजूरी दी है। कर्मचारी ई-वाहनों की खरीद के लिए दिल्ली ईवी नीति 2020 के प्रावधान के अनुसार दिल्ली फाइनेंस कॉर्पोरेशन (डीएफसी) द्वारा सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। एक अन्य निर्णय में, बोर्ड ने डीटीसी के संविदा कर्मचारियों को 3 राष्ट्रीय अवकाश का लाभ देने की भी मंजूरी दी है।

दिल्ली परिवहन निगम लंबी दूरी वाले रस्तों पर उच्च गुणवत्ता वाली प्रीमियम बसें शुरू करने की योजना बना रहा था। डीटीसी बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही 200 किलोमीटर तक के एनसीआर के शहरों पर इलेक्ट्रिक या सीएनजी प्रीमियम बसें चलाई जाएंगी। इंटरसिटी बस संचालन के लिए डीटीसी 200 किलोमीटर से अधिक दुरी के मार्गों पर बीएस-6 बसों का संचालन करेगी। सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा को बसें सीसीटीवी, जीपीएस, पैनिक बटन और अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी।



### डिपो में कर्मचारियों के लिए मुफ्त होगी चार्जिंग की सुविधा

*इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने के मकसद से बैठक में डीटीसी बोर्ड ने इलेक्ट्रिक वाहन रखने वाले अपने सभी कर्मचारियों के लिए मुफ्त चार्जिंग की सुविधा प्रदान करने को भी मंजूरी दी। दिल्ली ईवी पॉलिसी में दो पहिया वाहनों को प्राथमिकता वाले श्रेणी में रखा गया है। सरकार 2 व्हीलर की खरीद पर पहले से ही प्रति वाहन 5,000 रुपये प्रति बैटरी क्षमता के साथ अधिकतम 30,000 रुपये तक का प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। डीटीसी के डिपो और कॉर्पोरेट कार्यालय में लगभग 38,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। हाल ही में डीटीसी के कर्मचारियों के बीच एक सर्वेक्षण किया गया जिसमे यह पाया गया कि 45 फीसदी कर्मचारी ऑफिस आने-जाने के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों के लिए दूरी की चिंता और वाहनों की चार्जिंग प्रमुख चुनौतियों में से एक रही है लेकिन कार्यालय और डीटीसी बस डिपो में मुफ्त चार्जिंग सुविधाएं होने से अब डीटीसी के कर्मचारी आसानी से मुफ्त में आपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे।*

### कर्मचारियों को ऋण सुविधा का लाभ

डीटीसी कर्मचारी जिनके पास इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं वे अब दिल्ली ईवी नीति, 2020 के प्रावधान के अनुसार, दिल्ली वित्त निगम द्वारा सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों से ऋण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डीटीसी बोर्ड ने कर्मचारी के वेतन से सीधे कर्ज की राशि की किस्त काटने के प्रावधान को मंजूरी दी है।

### संविदा कर्मियों को भी 3 राष्ट्रीय अवकाश

बोर्ड की बैठक में डीटीसी के संविदा कर्मचारियों को 03 राष्ट्रीय अवकाश (26 जनवरी, 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर) का लाभ देने के संबंध में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब संविदा कर्मचारी भी नियमित कर्मचारियों के समान राष्ट्रीय अवकाश के लाभ के हकदार होंगे। जून 2022 में गठित एक समिति के द्वारा इसे लागू करने की सिफारिश की गयी थी। यदि कोई कर्मचारी राजपत्रित अवकाश पर ड्यूटी करते हैं तो डीटीसी मूल वेतन का 1.5 गुना और नियमित कर्मचारियों (यातायात कर्मचारियों) को डीए का भुगतान करता है।

## आप एमएलए बग्गा पर भ्रष्टाचार का केस चलाने की नहीं दी अनुमति

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर से आम आदमी पार्टी विधायक एसके बग्गा पर भ्रष्टाचार का केस चलाने की विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से अनुमति न मिलने पर दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा अब हाईकोर्ट का रुख करेगी। बग्गा पर आप कार्यकर्ता राजू सचदेवा से रिश्वत लेने का आरोप है।

उपराज्यपाल कार्यलय के सूत्रों ने दावा किया कि कॉल रिकॉर्डिंग के रूप में पुख्ता सबूत होने के बावजूद, जहां बग्गा को 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगते हुए सुना जा सकता है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस पर आंखें मूंद लीं और सचदेवा द्वारा 6 नवंबर, 2015 को उन्हें शिकायत दर्ज करने और कॉल रिकॉर्डिंग प्रदान करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। एसीबी ने गोयल से संपर्क कर बग्गा के खिलाफ अभियोजन की मांग की तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया, जो बग्गा को बचाने की कोशिश है।

# एलजी ने नहीं दिया सीएम को समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





उपराज्यपाल विनय कमार सक्सेलान और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच तनातनी कम नहीं हो रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी से मिलने का समय मांगा तो उपराज्यपाल कार्यालय ने यह कहते हुए समय देने से इनकार कर दिया कि वह अभी व्यस्त है।

एलजी शुक्रवार शाम 4 बजे से पहले नहीं मिल सकते। इससे पहले एलजी ने सोमवार को शासन शक्तियों पर मौजूदा संघर्ष पर चर्चा करने के लिए सीएम को बुलावा भेजा था। सीएम ने एलजी का निमंत्रण स्वीकार करते हुए उनसे मिलने का समय मांगा था।

दिल्ली सरकार के सूत्रों के दावों पर उपराज्यपाल के दफ्तर की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हुई। उपराज्यपाल ने सोमवार को केजरीवाल को पत्र लिखकर उन्हें शासन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। केजरीवाल ने सक्सेना को लिखे खत में निमंत्रण को स्वीकार कर लिया था और कहा था, वह उनके दफ्तर से उपयुक्त समय लेकर मुलाकात करेंगे। सूत्र के अनुसार उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को शासन की शक्तियों को लेकर मौजूदा टकराव पर चर्चा करने के लिए कल आमंत्रित किया था।

मगर उपराज्यपाल के दफ्तर ने मुख्यमंत्री को उचित समय देने से इनकार करते हुए कहा कि उपराज्यपाल बहुत व्यस्त हैं और शुक्रवार से पहले मिल नहीं सकते हैं। केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम में पीठासीन अधिकारी और एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) एवं हज कमेटी के सदस्यों की उनके द्वारा की गई नियुक्ति पर उनसे सवाल किया था और कहा था कि दिल्ली के प्रशासक के तौर पर उनकी भूमिका का मतलब क्या चुनी हुई सरकार को दरकिनार करना है।

● एक दिन पहले पत्र लिखकर मुलाकात कर मसले सुलझाने का रखा था प्रस्ताव, मंगलवार को कहा- शुक्रवार तक समय नहीं

# सेवाओं पर नियंत्रण नहीं रहेगा तो काम कैसे करेंगे : दिल्ली सरकार

● सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र-दिल्ली सरकार के बीच विवाद पर पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने शुरू की सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि अगर सरकार का सेवाओं पर नियंत्रण नहीं रहता तो वह काम नहीं कर सकती क्योंकि नौकरशाहों को अलग रखने से शासन की उपेक्षा होगी और अधिकारी लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं रहेंगे।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र-दिल्ली सरकार के बीच विवाद पर सुनवाई शुरू की। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के लिए पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने न्यायालय से अनुरोध किया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में कार्यरत सरकारी अधिकारियों को निर्वाचित सरकार के माध्यम से लोगों के प्रति जवाबदेह बनाना होगा।

सिंघवी ने पीठ से कहा कि हर छोटे-मोटे मुद्दे पर दिल्ली का कामकाज ठप हो जाएगा। हिंदी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकतीं।

पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल रहे। दिनभर चली सुनवाई में पीठ ने सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे राज्य के तीन विषयों का जिक्र किया जहां दिल्ली सरकार अनुच्छेद 239एए (दिल्ली के संबंध में विशेष प्रावधान) के तहत विधेयक नहीं बना सकती।

पीठ ने कहा कि आपको (दिल्ली सरकार को) एक चीज माननी होगी कि प्रविष्टि। (सार्वजनिक व्यवस्था), 2 (पुलिस) और 18 (भूमि) (राज्य की सूची के विषय) आपके दायरे से बाहर के हैं।

## डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति को जल्द दें मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से बिजली नियामक आयोग के अध्यक्ष को जल्द नियुक्त करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव श्रीवास्तव को डीईआरसी के अगले अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इसके बाद सरकार ने कहा था कि फाइल एलजी की मंजूरी के लिए भेजी दी गई है। डीईआरसी के वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पत्र में कहा है कि एलजी सीधे अधिकारियों को फाइल नहीं भेजें जैसा कि उन्होंने पिछले हफ्ते 3 मामलों में किया है।

# कड़ाके की ठंड व शीत लहर से चार दिन तक मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहे दिल्ली एनसीआर के लोगों को अगले चार दिन राहत मिलने के आसार हैं लेकिन अगले 24 घंटे के दौरान घने कोहरे की स्थित देखी जा सकती है।

मौसम विज्ञानियों का कहना उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित करने वाले एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली एनसीआर के लोगों को शीतलहर से थोड़ी राहत मिली है। उत्तर भारत के कई इलाकों में तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगनवार को घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई जिससे सड़क तथा रेल यातायात प्रभावित हुआ।प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सोमवार को 3.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले, मंगलवार को 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोधी रोड और पालम के मौसम केंद्रों ने न्यूनतम तापमान क्रमश: 6.4 डिग्री सेल्सियस और 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

## मंत्री से मिला व्यापारी और मजदूरों का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** निर्माण उद्योग बचाओ मोर्चा के संरक्षक हर्ष बंसल, मोर्चा संयोजक सतीश गर्ग एवं सह-संयोजक अनिल यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में निर्माण प्रतिबंध से जुड़ी विभिन्न समस्याओं बेरोजगारी, श्रमिकों का पलायन, प्रदूषण के चलते बार-बार निर्माण बंद के चलते सरकारी राजस्व हानि आदि समस्याओं से अवगत करवाया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली-एनसीआर में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगने से बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है।

# बेलगाम बस सड़क किनारे झुग्गियों में घुसी, आठ घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● चालक राजकुमार हिरासत में, घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा इलाज

न्यू रोहतक रोड स्थित मेन रोड पर लोहारों की झुग्गियों में मंगलवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक दिल्ली परिवहन निगम की एक क्लस्टर बस वहां जा घुसी। सुबह के वक्त झुग्गियों में लोग सो रहे थे। तेज रफ्तार बस ने छह साल के एक बच्चे समेत आठ लोगों को बुरी तरह से कुचल दिया। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं।

सभी घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस चालक राजकुमार सरीन को हिरासत में ले लिया है। इस हादसे में कई झुग्गियां टूट गई हैं। पीड़ित परिवारों के सामानों का भी नुकसान हुआ है। सर्दी के मौसम में इस तरह से सिर से छत छिन जाने से लोग मायूस हैं और दोबारा आशियाना बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि घायनों की पहचान आर्यमन छह साल, सुनीता, आरती, केला देवी, मंगत राम के हुई है। इन लोगों को जीवन माला अस्पताल में भर्ती कराया है जबकि अंजलि, आशा देवी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल और चांद खान की हालत गंभीर होने पर सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।



## पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** महरौली इलाके में श्रद्धा वालकर हत्याकांड को लेकर पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं लेकिन मामले में अभी तक जांच चल रही है। ताजा मामले में साकेत कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी आफताब पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है।

पूनावाला को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने उसकी न्यायिक हिरासत बढ़ाते हुए जेल के अधिकारियों को उसे गर्म कपड़े मुहैया कराने का निर्देश दिया। इससे पहले छह जनवरी को अदालत ने पूनावाला की न्यायिक हिरासत चार दिन के लिए बढ़ा दी थी।

# रेलवे सुरक्षा बल के जवान लेंगे रैपो में प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मेरठ



रेलवे सुरक्षा बल के जवान भीड़ को काबू करने का प्रशिक्षण लेंगे। मेरठ के वेदव्यासपुरी स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में रेलवे सुरक्षा बल के 40 कार्मिकों का चार सप्ताह का भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण सोमवार से हुआ जो 6 फरवरी तक चलेगा। इसके अतिरिक्त एक सप्ताह का विशेष टीयर स्मोक मुनेशन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के कुल 80 अधिकारी/कार्मिक भाग ले रहे हैं। उक्त प्रशिक्षण के दौरान इन अधिकारियों, कार्मिकों को भीड़ नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था की ड्यूटियों के दौरान इस्तेमाल होने वाले लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन की जानकारी व अभ्यास कराया जायेगा।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन रैपो मेरठ में 9 जनवरी को अखिलेश कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक रैपो द्वार किया गया। इस अवसर पर सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षणों को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रशिक्षणार्थियों को भीड़ नियंत्रण, लोक व्यवस्था प्रबन्धन के सभी तकनीकी पहलुओं, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, साम्प्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन, मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय कराया जाएगा।

# जी-20 : स्मारकों व बाजारों में होगा कीटनाशक का छिड़काव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● डेंगू से निपटने के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना : एमसीडी

इस साल सितंबर में जी-20 सम्मेलन की मेजबानी कर रही दिल्ली के नगर निकाय ने डेंगू से निपटने के लिए विस्तृत योजना तैयार किया है जिसके तहत स्मारकों व बाजारों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस साल हमारी योजना शहर को साफ, सुरक्षित और अधिक जीवंत रखने की है ताकि यहां आने वाले प्रतिनिधि शानदार अनुभवों के साथ वापस लौट सके। मालूम हो कि राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 के तहत कई बैठकें होंगी जिसके बाद सितंबर में समूह का शिखर सम्मेलन होगा। इस महीने आम तौर पर दिल्ली में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखने को मिलती है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल दिल्ली में डेंगू के 4469 मामले आए थे।

# कंझावला घटना : परिजनों का थाने पर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कड़ाके की ठंड के बीच कंझावला घाटना में जान गंवाने वाली अंजलि सिंह के परिवार वालों ने मंगलवार को फिर सुलतानपुरी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों ने मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

नववर्ष पर तड़के अंजलि के स्कूटर को टक्कर मारने के बाद एक कार उसे सुलतानपुरी से कंझावला तक करीब 12 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गई थी। घटना में पीड़िता की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारियों का एक समूह सुलतानपुरी थाने के बाहर धरने पर बैठा और मांग की कि मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की मांग पर अड़े हुए हैं।

अंजलि के रिश्तेदारों ने इससे पहले भी थाने के बाहर प्रदर्शन किया था और आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने अब तक दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को घटना के संबंध में गिरफ्तार किया है। बाद में दो लोगों आशुतोष और अंकुश खन्ना को भी आरोपियों का बचाव करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित

*कंझावला घटना में आरोपी आशुतोष भारद्वाज की जमानत याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। भारद्वाज की याचिका पर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल के समक्ष सुनवाई होनी थी लेकिन जज के अवकाश पर होने से सुनवाई बृहस्पतिवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। भारद्वाज के वकील ने सोमवार को यह कहते हुए याचिका दायर की थी कि अपराध की प्रकृति जमानती हैं और आरोपी ने घटना के बाद पुलिस से सहयोग किया।*

# राजधानी की बंजर भूमि पर बनीं झीलों में झलकेगा प्राकृतिक सौंदर्य

## दिल्ली की झीलों को पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थलों में तब्दील कर रही केजरीवाल सरकार, भूजल स्तर में होगा सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निलोठी में बंजर जमीन पर तैयार झीलों में प्राकृतिक सौंदर्य का सौलानी आनंद ले सकेंगे। केजरीवाल सरकार दिल्ली की झीलों को पुनर्जीवित कर उन्हें आकर्षक पर्यटन स्थलों में तब्दील कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने निलोठी में बनाई गई तीन कृत्रिम झीलों व निलोठी एसटीपी का मुआयना किया।

इस अवसरपर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि परिसर में मौजूदा 20 एमजीडी एसटीपी से ट्रीटेड पानी को इन झीलों में छोड़ा। साथ ही अधिकारियों को वैज्ञानिक पद्धति और प्रौद्योगिकियों के जरिए परियोजना के फायदों को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना से जुड़ी विभिन्न कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा और पानी के रिसाव को बढ़ाने के लिए इलाके में जल स्तर में बढ़ोतरी को मापने व निगरानी करने के लिए अतिरिक्त रिचार्ज पिट बनाने के भी आदेश दिए। यहां पीजोमीटर स्थापित करने के निर्देश दिए।

**महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है निलोठी झील :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार का मकसद शहरी बाढ़ को रोकना और अवरुद्ध नालियों से बचने के लिए विभिन्न जलाशयों का निर्माण करना है। दिल्ली सरकार सस्टेनेबल मॉडल का उपयोग करके झीलों का कायाकल्प कर रही है। झीलों के आस-पास पर्यावरण तंत्र को जीवंत करने के लिए देसी पौधे लगाए जा रहे है। साथ ही सभी जल निकायों को सुंदर रूप देने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली को झीलों का शहर बनाने की कवायद में दिल्ली सरकार की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक निलोठी झील है। अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्च करने के लिए यहां एक साथ 3 झीलों का निर्माण दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किया गया है। इन झीलों में पानी भरना शुरू हो गया है।

**3 झीलों की वॉटर होल्डिंग क्षमता 255 मिलियन लीटर :** निलोठी सीवेज प्लांट के परिसर के अंदर की ये जमीन पूरी तरफ बंजर थी। ये मेगा झीलें निलोठी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के परिसर के अंदर 10.5 एकड़ में फैली हैं। झीलों की संचयी वॉटर होल्डिंग क्षमता 255 मिलियन लीटर है। इन 3 झीलों से करीब 25 मिलियन लीटर पानी रोजाना रिचार्ज किया जाएगा, जोकि हर साल 4600 एकड़ जमीन से प्राप्त ग्राउंड वाटर रिचार्ज करने के बराबर है।

**भूजल स्तर बढ़ाने को जाएंगे पीजोमीटर :** इन 3 झीलों के निर्माण के सभी कार्य पर्यावरण के अनुसार ही हो किए गए है। सरकार का विजन दिल्ली को झीलों का शहर बनाना है। झीलों के निर्माण व कायाकल्प से न भूजल स्तर बढ़ने के साथ क्षेत्र में एक इकोसिस्टम का भी निर्माण होगा।



### पक्षियों और जानवरों की कई प्रजातियों का बनेंगी आशियाना

*राष्ट्रीय राजधानी में सभी जल निकायों को सुंदर रूप देने की दिशा में काम किया जा रहा है। बारिश की बूंदों को सहेजने के लिए जलाशयों को जीवित करना बेहद जरूरी है। इसके लिए भी काम किया जा हैं। ये झीलें कार्बन भंडारण के लिए एक सिंक के रूप में भी काम करेगी। पौधों, पक्षियों और जानवरों की कई प्रजातियों के लिए आशियाना बनेगी।*

## पीएफआई के तीन सदस्यों को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** अदालत ने कथित आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आरोपी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के तीन सदस्यों को मंगलवार को जमानत देने से मना कर दिया। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने मोहम्मद इलियास, अब्दुल मुकीत और मोहम्मद परवेज अहमद की वैधानिक जमानत की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।

दिल्ली नगर निगम
अधिशासी अभियंता (डीईएमएस)-III का कार्यालय
10वां तल, डॉ. एस.पी. मुखर्जी सिविक सेंटर,
मिन्टो रोड, नई दिल्ली-110002
ई-निविदा सूचना
आयुक्त, दि.न.नि. की ओर से पात्र बोलीदाताओं से निम्नलिखित ई-निविदा के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-
7 वर्ष की प्रारंभिक अवधि हेतु दो बोली प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) में नगर निगम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 24 विभिन्न स्थानों पर निर्माण, संचालन और स्थानांतरण (बीओटी) आधार पर सार्वजनिक सुविधाओं (शौचालय) हेतु ई-निविदा सूचना सं. ई(डीईएमएस)-III/टीसी/2022-23/एनआईटी सं.01 दिनांकित 05.01.2023. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.01.2023 को अपराह्न 15:00 बजे तक है।
विस्तृत निविदा दस्तावेज दि.न.नि. की वेबसाइट अर्थात् http://etenders.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध है।
- हस्ता. -
R.O. No.56/DPI/MCD/2022-23
अधिशासी अभियंता (डीईएमएस)-III

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 11 जनवरी, 2023



# गुरुग्राम में 10 अवैध भवन सील, नौ निर्माणों पर चला पीला पंजा

### जोन-4 क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माणों पर लगातार चल रहा पीला पंजा

### मंगलवार को सेक्टर-69 में अनाधिकृत निर्माणों को किया जमींदोज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के जोन-4 क्षेत्र में अवैध कॉलोनाईजेशन, अनाधिकृत निर्माणों एवं अवैध कब्जों पर लगातार पीला पंजा चल रहा है। मंगलवार को भी निगम के पीले पंजे ने सेक्टर-69 में अनाधिकृत निर्माणों को जमींदोज करने की कार्रवाई की।

मंगलवार को सहायक अभियंता कृष्ण कुमार के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता नीरज कुमार व कपिल की टीम सेक्टर-69 क्षेत्र में जेसीबी व पुलिस बल के साथ पहुंची। वहां पर अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी में टीम ने अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफकार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान टीम ने 3 निर्माणाधीन भवनों तथा 6 डीपीसी स्तर के निर्माणों को तोडऩे के साथ ही 10 भवनों को सील कर दिया। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। इससे पहले रविवार को जोन-4 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम द्वारा बादशाहपुर क्षेत्र में झाड़सा बांध की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के निर्माणों को गिराकर बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करवाया था। यही नहीं, सोमवार को भी नयागांव क्षेत्र में अवैध कॉलोनी में निर्माणाधीन स्ट्रक्चरों व डीपीसी स्तर के निर्माणों को तोड़ने के साथ ही 2 भवनों को सील करने की कार्रवाई की थी।



गुरुग्राम नगर निगम के जोन-4 में अवैध निर्माण गिराती जेसीबी।

# वेतन रोकने पर आक्रोशित हुआ राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ

### अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाने का भी विरोध

**गुरुग्राम।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा-421 जिला गुरुग्राम की कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक में सरकार की ज्यादतियों को लेकर आवाज उठायी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान दुष्यंत ठाकरान ने की। मीटिंग में जो मुख्य मुद्दा हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों के वेतन रोकने का फरमान जारी करना और अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रखने का था।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद ठाकरान ने कहा कि शिक्षक संघ सरकार की ऐसे फरमान का घोर विरोध और निंदा करता है। सरकार को चेतावनी देता है कि यदि कर्मचारियों पर गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ धीरे-धीरे ऐसे ही बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब अध्यापक, शिक्षक न रहकर एक मल्टीपर्पज कर्मचारी बन जायेगा। शिक्षा देने के कार्य से दूर हो जाएगा। ठाकरान ने बताया कि सरकार की जितनी भी नई-नई नीतियां आती हैं। उन सभी गैर शैक्षणिक कार्यों को अध्यापकों पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है। इसके बावजूद भी यदि उनको अपना मासिक वेतन जो उसका पूरे महीने का अपना मूल कार्य शिक्षा देना, साथ में साथ-साथ सरकार द्वारा दिए गए गैर शैक्षणिक कार्यों करने के उपरांत भी अगर नहीं मिलता है तो ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो सरकारी तंत्र है पूरा कर्मचारियों पर टिका हुआ है। सरकार की नीतियों को, सरकार के कार्यों को सभी सरकारी कर्मचारियों ही चलाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट में कैंसर होने से हुई थी तेंदुआ की मौत



सोहना के गांव हरचंदपुर की अरावली पहाड़ी में में मृत मिले तेंदुआ की फाइल फोटो।

**सोहना।** दो माह पहले हरचंदपुर से लगती अरावली पहाड़ी में मृत पाए गए तेंदुए की मौत कैंसर होने से हुई थी। मृत तेंदुए के पेट में पोस्टमार्टम के दौरान फोड़ा मिला है। करीब दो माह पहले हरचंदपुर से लगती अरावली की गहरी खाई में मृत तेंदुआ मिला था। जिसका शरीर काफी कमजोर था। मृत तेंदुआ के पेट में मिले फोड़े की डॉक्टरी रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार वन्य जीव प्राणी विभाग के जिला इंस्पेक्टर राजेश चहल-पहल ने बताया कि तेंदुआ के पेट में मिला फौड़ा कैंसर का था। यही फोड़ा तेंदुआ की मौत का कारण बना है उन्होंने ने बताया कि अन्य तेंदुओं में यह रोग पनप रहा है। इसके विषय में कहना मुश्किल है। भविष्य में यदि इसी तरह से किसी भी तेंदुआ की मौत होगी। उसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मालूम हो सकेगा।

### विद्यार्थियों को समाज सेवा की दी जा रही प्रेरणा



सोहना के गांव हरचंदपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परिसर की सफाई करते विद्यार्थी।

**सोहना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरचंदपुर में एनएसएस का साप्ताहिक शिविर शुरू किया गया। शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा दी जा रही है। सोमवार से शुरू किए गए शिविर का उद्घाटन स्कूल प्रधानाचार्य इंदु बाला ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने ने एनएसएस शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य का ज्ञान कराया। शिविर में समाज में सेवा ही देश की सेवा है। इस दौरान विद्यार्थियों को साफ-सफाई से लेकर एक साथ रहकर एकता का मूलमंत्र बताया जा रहा है।

### देश की अस्मिता से जुड़ी है सुरक्षा : अंबिका पटियाल



श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी इंस्ट्रक्टर को संबोधित करती संयुक्त निदेशक अंबिका पटेल।

**गुरुग्राम।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कौशल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का अभियान शुरू किया। इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के सिक्योरिटी इंस्ट्रक्टर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें दक्षिणी हरियाणा के पांच जिलों के सिक्योरिटी इंस्ट्रक्टर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम स्कूलों में पढ़ाए जा रहे सिक्योरिटी विषय को और अधिक कारगर बनाए जाने की कवायद हो रही है। मंगलवार को श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग की संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। यह न केवल देश की अस्मिता से जुड़ा हुआ है, बल्कि सुरक्षा के साथ कई गौरव भी जुड़े हुए हैं। इसीलिए श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने सिक्योरिटी इंस्ट्रक्टर को प्रशिक्षण देकर सिक्योरिटी एजुकेशन को अधिक प्रभावी बनाने की मुहिम शुरू की है। प्रदेश भर के स्कूलों में काम कर रहे सिक्योरिटी इंस्ट्रक्टर को फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंबिका पटियाल ने कहा कि सुरक्षा विशेषज्ञों के माध्यम से यह प्रशिक्षण प्रोग्राम चलाया जा रहा है। पांच दिन के इस प्रोग्राम में प्रशिक्षुओं को सुरक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू प्रदेश में व्यवसायिक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।

# गुरुग्राम जिले में बादशाहपुर सबसे बड़ी तो पटौदी सबसे छोटी विधानसभा




संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### इस बार गुरुग्राम जिला में बने 1278 नए मतदाता

**गुरुग्राम** की चार विधानसभा गुरुग्राम, बादशाहपुर, सोहना व पटौदी में बादशाहपुर सबसे बड़ी विधानसभा है, वहीं पटौदी सबसे छोटी विधानसभा है। जिला में इस बार 12708 नए मतदाता बने हैं। एक जनवरी 2023 को आधार मानकर नई मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। नवम्बर 2022 में चले विशेष मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान प्राप्त दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद पहली जनवरी 2023 को आधार तिथि मानते हुए मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया।

मतदाताओं की संख्या के लिहाज से बादशाहपुर सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है, वहीं पटौदी सबसे छोटी विधानसभा है। बादशाहपुर में 04 लाख 28 हजार 536 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 02 लाख 26 हजार 857 और महिला मतदाताओं की संख्या 02 लाख 01 हजार 679 है। इसके अलावा गुरुग्राम विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 03 लाख 82 हजार 408 है। जिसमें पुरुषों की संख्या 02 लाख 497, महिलाओं की संख्या 01 लाख 81 हजार 911 है। सोहना में कुल मतदाता 02 लाख 51 हजार 104 हैं, जिसमें 01 लाख 34 हजार 244 पुरूष व 01 लाख 16 हजार 860 महिलाएं है। सबसे छोटी पटौदी विधानसभा में 02 लाख 37 हजार 681 मतदाता हैं। जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 24 हजार 604, महिला मतदाता 1 लाख 13 हजार 77 है।

**चारों विस क्षेत्र में बने हैं 12708 नए मतदाता**उ : मतदाता सूची के पुनरीक्षण में जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों नामत: पटौदी, बादशाहपुर, गुरुग्राम व सोहना में कुल 12708 नए मतदाता बने हैं। अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाता सूची सभी बूथों पर बीएलओ के पास उपलब्ध करा दी गई है। सभी मतदाता संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं।

**जिला में अब 12 लाख 99 हजार 729 मतदाता** : इस सूची के अनुसार गुरुग्राम जिला में अब मतदाताओं की कुल संख्या 12 लाख 99 हजार 729 हो गई है। मतदाता सूची प्रकाशन के बाद भी जिन लोगों के नाम सूची में नहीं है, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म भर सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन मोड के तहत मतदान केंद्र पर बीएलओ, मतदान क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी की मदद से आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यम से वोटर हेल्पलाइन ऐप वेबसाइट पर आवेदन दिया जा सकता है।

# कचरे को अलग-अलग करके ही गाड़ी में डालें: मीणा

### बल्क वेस्ट जनरेटर अपने यहां कचरा निस्तारण की करें व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ठोस** कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सभी के लिए आवश्यक है। इसके तहत सभी नागरिक अपने घरों से निकलने वाले कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणियों में अलग-अलग करके कचरा उठाने वाली गाड़ियों में डालें। यह बात नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने लोगों को जागरुक करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन शहर बनाने के लिए नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। इसके तहत सभी नागरिक अपने शहर को बेहतर बनाने में अपना योगदान अवश्यक दें। अपने घरों से निकलने वाले कचरे को कम से कम तीन श्रेणियों अर्थात गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे में अलग-अलग करें तथा कचरा उठाने वाली गाड़ी में भी अलग-अलग कचरा डालें। इससे कचरे का सही तरीके से निस्तारण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने यहां वेस्ट-टू-कंपोस्टिंग को अपनाएं। गीले कचरे को खाद में परिवर्तित करके उसका उपयोग पौधों में करें। इससे एक ओर जहां कचरे का निस्तारण करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर हरियाली को भी बढ़ावा मिलेगा।



निगमायुक्त पीसी मीणा।

**बल्क वेस्ट जनरेटर करें कचरा निस्तारण की व्यवस्था:** निगमायुक्त ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक का कचरा उत्पादन करने वालों को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। इन्हें अपने स्तर पर कचरे का निस्तारण करना अनिवार्य है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटरों को तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए एजेंसियां एम्पैनल की हुई हैं, जो कचरा निस्तारण की तकनीकी सहायता उपलब्ध करवा रही हैं। नियमों की अवहेलना करने वाले बल्क वेस्ट जनरेटरों पर नियमानुसार जुर्माना करने का भी प्रावधान किया गया है।

**प्लास्टिक का उपयोग करें बन्द :** श्रीमीणा ने कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बने विभिन्न प्रकार के उत्पादों को प्रतिबंधित किया हुआ है। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में चेकिंग कर रही हैं।


# कड़ाके की सर्दी के चलते दमदमा झील पर पसरा सन्नाटा

### ठिठुरन के कारण दमदमा झील पर पर्यटकों का दिखाई दे रहा टोटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पिछले** एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के चलते दमदमा झील पर पर्यटकों का टोटा पड़ा हुआ है। झील और झील किनारे खड़ी नाव पर्यटकों का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए आम नागरिक अपने घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

इस हाड़कंपाऊ सर्दी में नागरिक पर्यटन स्थलों पर घूमने से भी कतरा रहे हैं। यही कारण है दमदमा झील पर सर्दी के मौसम में गर्मी की अपेक्षा कम पर्यटक आते हैं, लेकिन सर्दी की ठिठुरन के कारण दमदमा झील पर पर्यटकों का टोटा पड़ा हुआ है। जिसके चलते झील किनारे खड़ी नाव एक सप्ताह से खड़ी हुई है। पर्यटकों की कमी के कारण झील किनारे बना हरियाणा टूरिज्म निगम के कॉम्लेक्स का कारोबार कम हो गया है। एक जनवरी को न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में पर्यटक झील पर आया था। जैसे ही सर्दी ने अपना असल रूप दिखाने शुरू कर दिया। उसके एक सप्ताह में ही पर्यटक की संख्या 40 से 50 फीसदी ही रह गई।



दमदमा झील के किनारे अधिक सर्दी के कारण पसरा सन्नाटा।

> “ **जैसे** ही सर्दी का प्रकोप कम होगा। वैसे ही पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगेगी। यह संख्या मई माह के शुरुआत तक रहती है।
>
> **राजेश शर्मा**
> **पर्यटक स्थल प्रबंधक**

**तापमान सामान्य से कम** : दमदमा झील में पानी के कारण यहां का तापमान क्षेत्र के आसपास इलाके से एक से दो डिग्री कम होता है। जिसके कारण झील व उसके आसपास का तापमान ठंडा होता है। यहां पर रात के समय सर्दी दांत बजवा देने वाली होती है।


# सीएससी संचालक पैसे की मांग करें तो करें शिकायत

**गुरुग्राम।** जिला में 320 सीएससी केंद्रों पर चिरायु योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। अगर कोई सीएससी केंद्रों पर पैसे की मांग करता है तो उसकी शिकायत कर सकते हैं।

एडीसी निशांत कुमार मीणा के मुताबिक जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से कम है, उनको इस कार्ड के आधार पर पांच लाख रूपए तक की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। एडीसी ने कहा कि ये कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को केवाईसी करवानी जरूरी है। अंत्योदय परिवारों के योग्य पात्र कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर अपना केवाईसी बनवाए, जो कि आधार कार्ड से लिंक होगा। उसके बाद आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। एडीसी ने बताया कि चिरायु योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज कराने वाले लोगों को इस काडज़् को बनाने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं देनी होगी।

# पुस्तकें जो दे रही हैं युवा पाठकों को आगे बढ़ने का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





'**डार्क हॉर्स**' देश के जाने-माने लेखक नीलोत्पल मृणाल द्वारा लिखी गयी है। डार्क हॉर्स 21वीं सदी की सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी किताब है। सिविल सर्विसेस परीक्षा की हिंदी माध्यम से तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के जीवन की ऐसी जीवंत झाँकी इससे पहले किसी और किताब में देखने को नहीं मिली। देश की सर्वोच्च सम्मानित परीक्षा की तैयार करने वाला अभ्यर्थी केवल एक पढ़ने वाला जीव नहीं होता बल्कि दैनिक जीवन के क़स्मि-क़स्मि के संघर्षों से भी दो-चार होता है। यह उसी जीवन की कथा-व्यथा है। अपने गाँव-क़स्बों से बाहर निकलकर शहरी जीवन के साथ चालबद्ध होने का जो चित्रण मुखर्जी नगर की पृष्ठभूमि में रची इस कथा में है, वह अपूर्व है। पाठकीय लोकप्रियता के सम्मान के अलावा इस उपन्यास को साल 2015 का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार भी मिल चुका है। यह इस किताब का संपादित और परिष्कृत संस्करण है।

**पुस्तक: डार्क हॉर्स**
**लेखक: नीलोत्पल मृणाल**
**प्रकाशक: हिन्द युग्म**
**मूल्य: ?१२९**
**पेज: १७६**





'**कलर** ट्रांसफ़र एंड अदर स्टोरीज़' पुस्तक देश के उभरते युवा लेखक नीतीश राज के द्वारा लिखी हुई है। इस पुस्तक में जहाँ प्यार, जीवन, और वास्तविकता की बात आती है, तो युवा पीढ़ी की प्रचलित मानसिकता और व्यावहारिकता अपरिपक्वता दर्शाती है। आजकल के संदर्भ में जब रोमांस का पवित्र आनंदमय सार घटता प्रतीत हो रहा है, ऐसे में, एक प्रसिद्ध लेखक, साहित्यिक आलोचक, और उद्यमी, नीतीश राज की %कलर ट्रांसफर एंड अदर स्टोरीज% युवा मानसिकता को प्यार और जीवन के प्रसंग को लेकर एक मजबूत संदेश देती है और प्रेम के विभिन्न पहलुओं को समझाते हुए दर्शाती है कि यह उनके जीवन को कैसे प्रभावित करता है।

**पुस्तक: कलर ट्रांसफ़र एंड अदर स्टोरीज़**
**लेखक: नीतीश राज**
**प्रकाशक: बुक्सक्लीनिक पब्लिशिंग**
**मूल्य: ?२९९**
**पेज: २०७**




'**परिस्पंद**' निर्मल उपाध्याय द्वारा रचित काव्य संग्रह है। यह उनकी पहला कविता संग्रह है, जिसमें प्रख्यात साहित्यकार अज़हर हाशमी कहते हैं कि ये कविताएं चंदन की दुनिया रचती हैं और दूरदर्शी पत्रकार प्रकाश हिंदुस्तानी का मानना ??है कि इन कविताओं में ताज़गी, सुगंध, सौंदर्य और संस्कार हैं। इस पुस्तक में मुक्तक सहित विभिन्न संदेशों और भावनाओं से ओत-प्रोत कुल 144 कविताएँ हैं। पुस्तक की विशेषता में विषयों की विविधता, भावों के बोध और उनकी मनोरम प्रस्तुति समाहित है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे अदृश्य गर्म धूप धीरे-धीरे आकाश के गर्भ से धरती पर उतर रही हो, सुनहरी दुनिया का निर्माण कर रही हो। इस स्पर्धा में उनका जोश चरम सीमा पर है। सभी स्थानों की यात्रा करने के बाद, वह अंत में अपनी मातृभूमि हरदा लौटते हैं। यह संकलन उनकी भावुकता और अद्वितीय छवि निर्माण का संगम है, जिसमें बहती हुई सरस्वती जब मिलती है तो काव्य का प्रयागराज बनाती है, जो अद्भुत है।

**पुस्तक: परिस्पंद**
**लेखक: निर्मल उपाध्याय**
**प्रकाशक: ब्लूरोज़ पब्लिशर्स**
**मूल्य: ?१५८**
**पेज: १९२**




'**अद्भुत** जीवन की ओर' भागीरथ एच. पुरोहित द्वारा रचित पुस्तक है। पुस्तक की भाषा सरल और सहज है। पुस्तक के माध्यम से लेखक ने जीवन की ज़मीनी स्तर पर सच्चाई को दर्शाया है। लेखक बताते हैं कि कभी-कभी हमारे पास सब कुछ होते हुए भी हम खुश नहीं होते बल्कि सिर्फ़ तन्हा ही रह जाते हैं। यदि हमारे पास वह सब कुछ है, जिसके बारे में हम सोच सकते हैं लेकिन हम उसे ठीक से प्रबंधित करने में सक्षम नहीं हैं, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे पास क्या है? हमारे जीवन के साथ भी ऐसा ही होता है। यदि हम सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच संतुलन नहीं बना सकते हैं, फिर हमारे पास कितनी भी धन, शक्ति, सफलता और समृद्धि क्यों न हो, हम वास्तव में संतुष्ट महसूस नहीं कर सकते। अंदर से हमेशा असंतोष की भावना रहती है और हम तन्हा ही रह जाते हैं और यह हमारी आत्मा की आवाज है जो हमें हमारे जीवन में संतुलन की कमी के बारे में चेतावनी देती है। यह पुस्तक आपको जीवन में संतुलन के महत्व को समझने में मदद करती है... साथ ही यह आपको अपने चरित्र को फिर से परिभाषित करना, अपने जीवन को हर तरह से संतुलित करना और उस स्थिति को प्राप्त करना सिखाती है जिसे हम %युगपुरुष% कहते हैं।

**पुस्तक: अद्भुत जीवन की ओर**
**लेखक: भागीरथ एच. पुरोहित**
**प्रकाशक: ब्लूरोज़ पब्लिशर्स**
**मूल्य: ? २९३**
**पेज: १५६**



'**रूहानी** एहसास' लेखिका शैला पवार के द्वारा रचित पुस्तक है। शैला पवार अपने सरल और अर्थपूर्ण शब्दों के माध्यम से अपनी बात पाठकों तक पहुँचाने में पारंगत हैं। पुस्तक के माध्यम से उन्होंने जीवन की यात्रा में, आत्मीयता के माध्यम से, जो आत्मा को छूते हैं, वह हक़ीक़त को बेहद क़रीब से जानने की शक्ति हासिल कर लेते हैं, को दर्शाया गया है। यह आत्मीयता का गुण कभी आत्मा को रोशन करता है तो कभी यह आत्मा को चोट पहुँचाता है। सकारात्मक और नकारात्मक सोच के मध्य टकराव समय की रफ़्तार से चलता रहता है। ईश्वर के आगे एक अनुग्रह या प्रशंसा, उनकी उपस्थिति में होने का एहसास, शब्दों में व्यक्त करने के लिए बस एक धीरज...। लेखिका कहना चाहती हैं कि प्यार की छिपी हुई रोशनी आपको इन शब्दों से रोशन करेगी।

**पुस्तक: रूहानी एहसास**
**लेखिका: शैला पवार**
**प्रकाशक: ब्लूरोज़ पब्लिशर्स**
**मूल्य: ?२०६**
**पेज: १०४**

# 2023 में नजर आने वाले फैशन ट्रेंड्स

### अर्पिता को 2022 में ग्लोबल इंडियन लीडर के रूप में मान्यता मिली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**रोपेरो,** अमेरिका से लौटी फैशन इंटरप्रेन्योर अर्पिता कात्याल का मेड इन इंडिया फैशन लेबल है, जिन्होंने एवरीडे इंडलजेंस को लक्ज़री उप-श्रेणी के रूप में पेश किया है। अर्पिता को 2022 में ग्लोबल इंडियन लीडर के रूप में मान्यता मिली।

वायरल मिनी स्कर्ट से लेकर बाइकर बूट्स तक, स्प्रे पेंट ड्रेस से लेकर ग्राफिक प्रिंट तक, हम ***SS***22 को अलविदा कह रहे हैं। ये अब 2023 के स्वागत का समय है, जो अपने साथ नए ट्रेंड और स्टाइल लेकर आयेगा।

**आइए एक नज़र डालें ऐसे ही कुछ ट्रेंड्स पर:** अपसाइकल्ड डेनिम्स (***upcycled denims***) सही कहा जाता हैं कि डेनिम्स कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं होता। डेनिम लुक की बहुमुखी प्रतिभा, लालित्य और सुंदरता बेजोड़ है। इसके अलावा, फैशन उद्योग में अपसाइकल कपड़ों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। अपसाइकल किए गए डेनिम न केवल आकर्षण बढ़ाते हैं बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी नुकसानदायक नहीं होते हैं, इसलिए, अपसाइकल्ड डेनिम्स हर तरीके से फायदेमंद है।



अर्पिता कत्याल, सीईओ, रोपेरो।

**जेंडर न्यूट्रल फैशन** (***gender-neutral fashion***): जेंडर इंफोर्सिंग कपड़े फैशन से बाहर हो रहे हैं क्यूंकि ज़ेंडया (***Zendaya***), हैरी स्टाइल्स(***Harry-styles***) जैसी मशहूर हस्तियों की पसंद अब शैलीगत, प्रयोगात्मक दृष्टिकोण की ओर स्थानांतरित हो गए हैं। यह संभावना है कि हम भविष्य में नए एक्सपेरिमेंट्स देखेंगे जो फैशन और जेंडर स्टीरोटाइप्स की सीमाओं को तोड़ देंगे।

**बैक टू ऑफिस बैग्स** (***back to office bags***): घर पर आराम से अपने स्वेटपैंट्स में काम करने का समय आखिरकार खत्म हो गया है और इसलिए बड़े ऑफिस बैग्स अब फिर ट्रेंड में आने वाले हैं। 2023 के ट्रेंड में आपको स्ट्रक्चर्ड, बोक्सी बैग्स जो की ना ही स्टाइल के मामले में बल्कि स्पेस के मामले में भी समझौता नहीं करेंगे, इस प्रकार के बैग्स देखने को मिलेंगे।

इसे ध्यान में रखते हुए, रोपेरो में हम आपके लिए हैंडबैग की एक श्रृंखला लेकर आए हैं जो आपके बैक-टू-ऑफिस लुक के लिए एकदम सही हैं।

**विवा मैजेंटा** (***viva magenta***): वाकई में यह कहना सुरक्षित होगा कि पैनटोन फैशन चार्ट रंगों का हमेशा सही प्रेडिक्शन करते हैं। फैशन ट्रेंड में पिंक कलर काफी ट्रेंड में रहा है और विवा मजेंटा ट्रेंडी होने के साथ-साथ ही बहादुरी, निडर और जीवंत होने का भी प्रतीक है। गुलाबी 2022 का सबसे हॉट रंग था और जैसा कि लेटेस्ट फैशन रनवे के माध्यम से देखा जा सकता है, यह इस साल भी ट्रेंड में रहेगा।

**मिनी हैंडबैग** (***mini handbags***) आने वाले वर्ष में बैग के आकार में काफी संभावनाएं होंगी। एक और चलन जो हैंडबैग में अगली दिशा तय कर सकता है, वह है कैरी करने का %अनुभव% यानी हैंडहेल्ड बैग की ओर एक बड़ा बदलाव।लेटेस्ट रनवे में बहुत सारे हैंडबैग को हाथ में ले जाने के रूप में दिखाया गया, इससे पहले हैंडबैग्स को अक्सेसरीज़ के रूप में चेन/स्ट्रैप वाले बैग को स्लिंग्स के रूप में या कंधे के ऊपर ले जाया जाता था। 2023 एक ऐसा साल होने वाला है जहां पर हमे एक्सप्रेसिव एंड लाउड फैशन देखने को मिलेगा। इन ट्रेंड्स को जरूर देखें और अगर आपको ये पसंद आते हैं तो आप भी इन्हे अपने फैशन स्टाइल में जोड़कर 2023 के लेटेस्ट ट्रेंड्स का पार्ट बन सकते है।

# बीके : मरीजों को नहीं मिलती दवाईयां, छत पर सड़ता है स्टॉक

कविता। फरीदाबाद

शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल प्रबंधन की तरफ से एक आरटीआई में पिछले दिनों जबाव दिया था कि सरकार की तरफ से दवाईयां वर्ष 2015 से नहीं भिजवाई जा रही हैं, लेकिन अस्पताल में वर्ष 2021 तक इस्तेमाल होने वाली दवाईयां अस्पताल की छत पर पड़ी हुई हैं। मरीजों को उपलब्ध करवाए जाने के बजाय अस्पताल में तैनात कुछ कर्मचारियों के कारण यहां आने वाला दवाईयों का स्टॉक कचरे में यहां-वहां फैंक दिया जाता है। जिससे

### बीके सिविल अस्पताल की छत पर पड़ा हुआ है ओआरएस का बॉक्स

वह मरीजों तक नहीं पहुंच पाती।

**छत पर पड़ी हैं ओआरएस व खांसी की दवा :** बीके सिविल अस्पताल के सबसे ऊपरी तल की छत पर एक्सपायर हो चुकी खांसी की दवाओं की सीसी और एक्सपायर हो चुके ओआरएस के पाउच पड़े हुए थे। पायनियर ने इससे पहले भी अस्पताल की पुरानी



बीके सिविल अस्पताल की छत पर पड़ी ओआरएस और खांसी की दवा।

इमारत में हजारों रुपये की दवाईयां पड़ी होने की खबर प्रकाशित की थी। जो दवाईयां भेजी जाती है, उन्हें यहां एकत्रित कर लिया जाता है। अंत में एक्सपायर होने के बाद उन्हें यहां वहां फैंक दिया जाता है। लगातार एक्सपायरी डेट की दवाईयां फैंकने के कारण यहां मरीजों को दवाईयां नहीं मिल पाती है।

**आरटीआई में प्रबंधन का दावा :** सिविल अस्पताल के चीफ फार्मेसी ऑफिसर द्वारा दिए गए जबाव से नवंबर 2022 में खुलासा हुआ था कि अस्पताल में 143 तरह की दवाईयां लगातार आ रही हैं। लेकिन 146 दवाईयां ऐसी है, जो पिछले कई सालों से नहीं आ रही हैं। जिसमें कुछ दवाईयां वर्ष 2015 से तो कुछ दवाईयां वर्ष 2018-19 और वर्ष 2020 से नहीं आ रही है। जिससे मरीजों को अधूरी दवाईयां यहां उपलब्ध होती हैं।

**नहीं मिलती दवाईयां :** ओआरएस के पाउच बीके सिविल अस्पताल की छत पर एक डिब्बे में पड़े हुए थे। ऐसे में लग रहा था कि उन्हें किसी कर्मचारी ने एक्सपाईरी होने पर या फिर पहले ही यहां किसी उद्देश्य से रखा हो।

फिर वह भूल गया हो, क्योंकि इस ओआरएस पैकेट के संग ही कुछ कफ सीरप भी पड़ी हुई थी। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह किसी ने साथ ले जाने या फिर किसी को देने के उद्देश्य से रखा था। छत पर पड़े ओआरएस के पाउच और दवा की सीसी पर एक्सपायरी डेट 2021 थी।

# स्ट्रीट वेंडर जोन बनाने की मांग और तोड़ फोड़ की चेतावनी के खिलाफ प्रदर्शन

### बाटा पुल के रेहड़ी पटरी दुकानों ने किया निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी के बाटा पुल के नीचे लगने वाली रेहड़ी पटरी मार्केट में नगर निगम द्वारा बुधवार को तोड़फोड़ करने की चेतावनी दी है। निगम की इस चेतावनी के विरोध में रेहड़ी पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर निगमायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह दुकानदार बाटा पुल के नीचे स्ट्रीट वैंडर जोन बनाने की मांग कर रहे थे।

बाटा पुल रेहड़ी पटरी मार्केट के प्रधान दीनदयाल गौतम ने बताया कि करीब 50 साल पुरानी इस मार्केट में करीब 500 दुकानदार रेहड़ी पटरी लगाकर अपना गुजारा चला रहे हैं। नगर निगम द्वारा आए दिन इस मार्केट



तोड़फोड़ की चेतावनी के विरोध में प्रदर्शन करते बाटा पुल मार्केट के दुकानदार।

को उजाड़ने की धमकी दी जाती है। जबकि केंद्र सरकार की वर्ष 2014 की पॉलिसी के तहत निगम ने आज तक इस मार्केट का सर्वे नहीं किया। अब नियमों से हटकर तोड़फोड़ की बात की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यहां के ज्यादातर दुकानदारों ने लोन लिया हुआ है। यदि उनकी दुकानों को उजाड़ दिया गया तो वे लोन की किश्त कैसे भरेंगे। जबकि वे पिछले लंबे समय से निगम से यहां पर बूथ बनाकर अलॉट करने की मांग कर रहे हैं। जिसका दुकानदार जायज शुल्क भी देने के लिए, तैयार है। लेकिन गरीब दुकानदारों के हितों को एक तरफ रखकर नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को इस मार्केट में तोड़फोड़ करने की चेतावनी दी है।

निगम की इस चेतावनी के विरोध में सभी दुकानदार एक जुट हो चुके हैं। मंगलवार सुबह मार्केट के सभी दुकानदार इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे। जहां वे निगमायुक्त के कार्यालय के सामने धरना देकर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट करने लगे। इस दौरान दुकानदारों ने निगमायुक्त के नाम पर एक ज्ञापन सौंप कर तोड़फोड़ न करने और इस क्षेत्र को स्ट्रीट वैंडर जोन घोषित करने की मांग की, लेकिन निगम की तरफ से उचित आश्वासन न मिलने पर दुकानदारों ने बीके चौक पर पहुंचकर भी प्रदर्शन किया।

दुकानदारों का का कहना है कि न्यूटाउन रेलवे स्टेशन के निकट होने की वजह से 500 से ज्यादा गरीब दुकानदारों के परिवारों का पालन पोषण हो रहा है। इस मार्केट की वजह से आवागमन में भी किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं होती। इस मार्केट के पास लोगों द्वारा वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की पर्याप्त जगह मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद भी नगर निगम यहां स्ट्रीट वैंडर जोन बनाने के लिए न जाने क्यों तैयार नहीं है।

## नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते पर पथराव करने वालों पर केस दर्ज



बड़खल फ्लाई ओवर के नीचे अवैध कब्जों को तोड़ने के दौरान हंगामा करते लोग।

फरीदाबाद। बड़खल फ्लाईओवर के पुल के नीचे और आसपास लोगों ने बड़े पैमाने पर कब्जे किये हुए है। इन स्थानों पर लोगों ने कच्चे पक्के निर्माण तक किये हुए हैं। इस मामले में निगम अधिकारियों को लगातार शिकायतें मिल रही थी। मंगलवार को निगम का तोड़फोड़ दस्ता बड़खल फ्लाईओवर के अतिक्रमणों को हटाने के लिए गया था। निगम के दस्ते द्वारा कार्रवाई शुरू करने के बाद लोगों की भीड़ ने विरोध शुरू कर दिया। कार्यवाही न रुकते देख लोगों ने पथराव शुरू कर दिया है। जिससे निगम और पुलिस कर्मचारियों को चोटें आई हैं।

एसडीओ सुमेर सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सरकारी आदेशों की अवमानना, ड्यूटी के दौरान सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने की संगीन धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है। शिकायत के अनुसार एसडीओ सुमेर सिंह के नेतृत्व में एमसीएफ टीम पुलिस बल के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए बड़खल पुल गई थी। अतिक्रमण करने वाले लोगों ने तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध किया तथा हंगामा करते हुए पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान तीन पुलिसकर्मियों और जेसीबी क्रैन ड्राइवर को चोट आई तथा जेसीबी के शीशे भी तोड़े गए। पुलिस द्वारा वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं और पथराव करने वाले आरोपियों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मानव तस्करी के बारे में बच्चों को करें जागरूक : भाटिया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को एनआईटी- 3, राहुल कॉलोनी में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, फरीदाबाद के सहयोग से स्लम बस्ती (झुग्गी) क्षेत्र में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, फरीदाबाद पर मानव तस्करी के बारे में लोगों/बच्चों को जागरूक करने के लिए हुए कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने राहुल कॉलोनी में दौरा कर महिलाओं से मुलाकात की और उनको कहाकि अगर किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार शोषण होता है अपनी खिलाफ बुलंद करें। महिला आयोग की चेयर पर्सन ने देश-प्रदेश में हो रही घटनाओं के मामलों को सांझा करते हुए मानव तस्करी के बारे में लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहाकि मानव तस्करी कानूनन संगीन अपराध है। मानव तस्करी से पीड़ित व्यक्ति से देह व्यापार, घरेलू काम तथा गुलामी इत्यादि कार्य उसकी इच्छा के विरुद्ध करवाए जाते हैं। मानव तस्करी में नौकरी का लालच या फिर कुछ और लालच देकर बच्चों को युवाओं को गलत कामों में धकेल दिया जाता है।

## वर्क इंडिया को मिली 12 मिलियन डॉलर की फंडिंग



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत में ब्लू-कॉलर और ग्रे-कॉलर नौकरियों के लिए सबसे बड़े जॉब पोर्टल, वर्क इंडिया ने अपनी प्री-सीरीज बी फंडिंग राउंड में एसबीआई होल्डिंग्स, टोक्यो, निन्टेंडो के संस्थापक परिवार यामुची नंबर 10 फैमिली ऑफिस, पर्सोल और इन्सिटर से 12 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की है। सामान्य तौर पर ब्लू-कॉलर सेक्टर में काम करने वाले लोगों की साक्षरता का स्तर काफी कम होता है, और इसी वजह से उनके नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनने की संभावना अधिक होती है- यह भारतीय ब्लू-कॉलर सेगमेंट में काम करने वाले लोगों के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

इस मौके पर कुणाल पाटिल, सह-संस्थापक एवं सीईओ, वर्क इंडिया ने कहा, ब्लू-कॉलर ने बाजार में दो तरह की मुख्य गतिविधियां, यानी पैठ बनाने और अपनाने की गतिविधि को अच्छी तरह देखा है। 2018 से 2020 के दौरान, रिलायंस जियो के कारण स्मार्टफोन की पैठ तेजी से बढ़ी, और 2020 के बाद से कोविड की वजह से ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की रोजमर्रा की जिंदगी में स्मार्टफोन को अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। फंडिंग के इस नए दौर के साथ वर्क इंडिया अपने प्रोडक्ट और डेटा साइंस क्षमताओं को और मजबूत बनाएगा। जिसमें अभी तक पहुंच से परे दक्षिण-पूर्व एशियाई ब्लू-कॉलर बाजार में पैठ बनाना भी शामिल है।' वर्कइंडिया टेक्नोलॉजी का गहराई से उपयोग करते हुए नौकरी दिलाने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी कितने एवं डिजिटाइज करने के साथ-साथ भर्ती में धोखाधड़ी की किसी भी संभावना को कम करता है। इसकी फ्रॉड डिटेक्शन टेक्नोलॉजी भारत में धोखाधड़ी का पता लगाने वाली सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी है, जो 9.8 मिलियन डेटा पैरामीटर्स को प्रोसेस करती है। यह डायनेमिक एल्गोरिथम पर आधारित नियुक्ति की प्रक्रिया तथा जियो-टैगिंग की मदद से तैयार की गई पूरी तरह से स्वचालित प्रणाली का लाभ उठाता है, साथ ही रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को उनके लिए उपयुक्त नौकरी का सुझाव देने के लिए जनसांख्यिकी रूप से डेटा का मिलान करता है, योग्यता का मूल्यांकन करता है, और मौजूदा प्रवृत्ति पर नजर रखता है। कॉलिंग मॉडल में वर्कइंडिया सबसे आगे है, जो आज ब्लू-कॉलर सेगमेंट में ज्यादातर बड़ी कंपनियों और स्टार्ट-अप के लिए इस उद्योग जगत का मानक बन गया है, और वे सभी 2017 में वर्कइंडिया द्वारा पेश किए गए इस कॉलिंग मॉडल का उपयोग कर रहे हैं। ब्लू-कॉलर सेक्टर में लोगों को रोजगार देने वाली कंपनियों के सामने कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर एक बड़ी चुनौती है। ब्लू-कॉलर सेक्टर में काम करने वाला लगभग हर कर्मचारी अपनी मासिक आय का 20 प्रतिशत से अधिक काम पर आने-जाने में खर्च करता है।

### गोहा मारने वाले व्यक्ति पर मामला दर्ज

फरीदाबाद। पीटा इंडिया (सभी जानवरों के अधिकारों की रक्षा हेतु समर्पित राष्ट्रीय संस्था) की शिकायत के बाद जींद वन विभाग ने गोहा (देखने में बड़े आकार की छिपकली) को मारने के खिलाफ दी गई शिकायत पर एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है।

पैटा इंडिया (पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स) द्वारा जींद वन विभाग को एक वीडियो साक्ष्य सहित दर्ज कराई शिकायत दी थी। जिसके बाद यह मामला दर्ज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया कि व्यक्ति ने खेत के निकट मारने के बाद गोहा का शव रस्सी पर लटका रखा था। जिस पर पहले व्यक्ति के खिलाफ प्रेलिमिनरी ऑफेंस रिपोर्ट दर्ज की गई और बन विभाग द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पैटा इंडिया क्रुएल्टी रिस्पांस कोऑर्डिनेटर शिल्पा चौधरी ने कहा कि हमारे कानून द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा के बावजूद इस मॉनिटर छिपकली को इतनी पीड़ा और क्रूरता का सामना करना पड़ा एवं अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

# नवनिर्वाचित प्रतिनिधि विकास के पहिए बढ़ा पाएंगे : कृष्णपाल गुर्जर

### केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने गांव खेड़ी गुजरान में आयोजित समारोह में शिरकत की

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव खेड़ी गुजरान में फरीदाबाद ब्लॉक समिति की चेयरमैन भागुति लोहिया एवं अनिल लोहिया द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ तथा पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना भी उपस्थित रहे। गांव की मौजिज सरदारी ने आए हुए सभी अतिथियों का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। गांव की उपस्थित



गांव खेडी गुजरान में फरीदाबाद ब्लाक समिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन भागुति लोहिया एवं अनिल लोहिया के सम्मान समारोह में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को माला पहना कर स्वागत करते ग्रामीण।

सरदारी व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नवनिर्वाचित पंच-सरपंच, जिला पार्षद, ब्लॉक समिति के प्रतिनिधि फरीदाबाद के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के पहिए को और भी अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ा पाएंगे। इस देश में सांसद से लेकर ग्राम समिति के सदस्य आम लोगों द्वारा चुनाव के माध्यम से चुने जाते हैं। लोग बहुत ही उम्मीदों के साथ हम सबको चुनकर भेजते है ताकि हम उनकी समस्याओं का समाधान करा सकें। हम सबको उन उम्मीदों पर निष्पक्ष रूप से खरा उतरना है। जनप्रतिनिधियों से मिलकर हम सरकार की नीतियों के अनुकूल और प्रतिकूल प्रभावों का भी बेहतर अध्ययन कर पाते है। हम सभी इस शहर के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और यह प्रोग्राम इस दिशा में एक सकारात्मक पहल बना है।

मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायती चुनावों में पूरी पारदर्शिता बताते हुए निष्पक्ष चुनाव कराकर देश में एक मिसाल कायम की है। पूरे प्रदेश में भाजपा के ही चुने गए चेयरमैन, उप-चेयरमैन व अन्य वरिष्ठ पदों पर विराजमान हुए है।

### खेलने के दौरान मारपीट में किशोर की मौत, केस दर्ज

फरीदाबाद। पेड़ पर चढ़ने को लेकर साथी बच्चे ने किशोर को डंडा मारकर घायल कर दिया था। जिसे उपचार के लिए ले जाया गया, तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया है।

**यह है पूरा मामला :** मोहित बल्लभगढ़ भगत सिंह कालोनी का रहने वाला था और सेक्टर-तीन पेट्रोल पंप के सामने हरित पट्टी में गिल्ली- डंडा खेलने के लिए गया था। जहां 13 वर्षीय मोहित को पेड़ में चढ़ने को लेकर उसके साथी प्रिंस ने सोमवार को डंडा मारकर घायल कर दिया था। मोहित को डंडा लगने के बाद उपचार के लिए लोग अस्पताल लेकर गए थे। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया था। जहां पर उसका मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया। थाना सेक्टर-आठ पुलिस ने मोहित के पिता संजय यादव की शिकायत पर प्रिंस के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## पंजाबी फेडरेशन ने 21 बेटियों की लोहड़ी मनाई



21 बेटियों की लोहड़ी मनाते पंजाबी फेडेरशन फरीदाबाद के अध्यक्ष वासुदेव अरोड़ा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पंजाबी फेडरेशन फरीदाबाद ने सैक्टर-10 में अध्यक्ष वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में 21 बेटियों की लोहड़ी धूमधाम से मनाई जिसमें सीए सुधीर चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंच संचालन शीतल लूथरा व नीलम खत्री ने किया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने भंगड़े व गिद्दे से धूम मचाई।

अध्यक्ष वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि पंजाबी फेडरेशन हर वर्ष इसी तरह से लोहड़ी मनाती है। इस बार हमने 21 बेटियों की पहली लोहड़ी मनाने का निर्णय लिया ताकि समाज में बेटे-बेटी का भेदभाव खत्म हो सके। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का त्यौहार पंजाबी समाज बहुत धूमधाम से मनाता है। चेयरमैन जगजीत कौर ने कहा कि लोहड़ी का त्योहार घरों में खुशियां लाता है और पंजाबी समाज अपने घर की हर पहली खुशी जैसे विवाह और बेटे के जन्म की पहली लोहड़ी धूमधाम से मनाता है लेकिन हमने बेटियों की पहली लोहड़ी मनाकर समाज को यह संदेश दिया है कि बेटे, बेटी के भेदभाव की खत्म करें। मुख्य अतिथि सीए सुधीर चौधरी ने पंजाबी समाज के इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए सबको लोहड़ी की मुबारक दी। दिशानी, द्विती, कनक, कनिष्का, कीर्ति, कृशा, पहल, वान्या, नोर्या, यशवी, दिवीशी, रियांशी, अजूनी और खमनी आदि बेटियों की लोहड़ी मनाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल के खिलाफ मामले में फैसला सुरक्षित रखा



अदालत से बाहर निकलते हुए केजरीवाल के वकील ओ.पी. शर्मा व साथ में दिल्ली से आए दिल्ली सरकार के वकील।

फरीदाबाद। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फरीदाबाद में चल रहे न्यायधीश राजेश शर्मा की अदालत में दर्ज केस मनोज शर्मा बनाम अरविंद केजरीवाल व अन्य में मंगलवार को बहस हुई। जज ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फ़ैसला सुरक्षित रखा। वर्ष 2019 में फरीदाबाद की अदालत में केजरीवाल के विरुद्ध धार्मिक प्रतीकों को गलत ढंग से प्रस्तुत कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने बाबत शिकायत दर्ज किया गई थी। केजरीवाल की तरफ से फरीदाबाद के वरिष्ठ वकील ओपी शर्मा व साथ में दिल्ली सरकार के सरकारी वकील पेश हुए। बकील ओपी शर्मा मामला अदालत के विचाराधीन होने के कारण इस मामले में कोई भी टिप्पणी करना अभी उचित नहीं है। लेकिन उन्होंने यह बताया की जल्द ही अदालत इस पर अपना निर्णय सुनाएगी।

### सीएम कल लेंगे कष्ट निवारण समिति की बैठक

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि वीरवार 12 जनवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं फरीदाबाद जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की शिकायतें जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के एजेंडा में रखी गई हैं। उन एजेंडा से संबंधित विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों का पूरा निपटारा करके लाए। उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण बैठक का आयोजन वीरवार दोपहर बाद 03.00 बजे स्थानीय सेक्टर-12 के हुड्डा सम्मेलन केंद्र में किया जाएगा।

### दस हजार रुपये का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कपिल है जो यूपी के अटा गुजरान गांव का रहने वाला है। जनवरी 2022 में क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी के एक साथी रणवीर को अवैध गंज सहित गिरफ्तार किया था जिससे पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह आरोपी कपिल से गांजा खरीदकर आगे सप्लाई करता था। आरोपी रणवीर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी कपिल को पकड़ने के लिए रेड डाली परंतु आरोपी को यह पता चल चुका था कि उसका साथी आरोपी रणवीर पकड़ा जा चुका है इसलिए वह पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था। मई 2022 में पुलिस विभाग द्वारा आरोपी पर 10000 रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी और अंतत: कड़ी मशक्कत और गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को कल मच्छगर गांव से गिरफ्तार कर लिया।

### लकड़पुर फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



फरीदाबाद। लकड़पुर रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर आज सैकड़ो लोग निवर्तमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना के नेतृत्व में सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जितेन्द्र भड़ाना ने कहा कि दिल्ली से पलवल एशिया का सब से व्यस्तम रेलवे ट्रैक है और उसी पर ये देश का व्यस्तम 579बी लकड़पुर रेलवे फाटक भी है, जो सूरजकुंड लिंक रोड पर बना है और सूरज कुंड की तरफ के गांव, कालोनियों और बस्तियों (जैसे लकड़पुर, शिवदुर्गविहार, दयालबाग कुछ प्रहलादपुर का भाग, जसवंत डेरा, बाबूलाल डेरा आदि) को मथुरा रोड से जोड़ता है। यहां पर कई लाख आबादी का आना जाना इसी फाटक से होता है। ये सुरजकुंड जाने वाले पर्यटकों के काम भी आता है। यहां से हजारों बच्चे दिल्ली और फरीदाबाद के कई स्कूलों में पढ़ने जाते आते हैं। बदरपुर और सराय मेट्रो स्टेशनों पर आने जाने वाले सभी यात्री भी इसी फाटक का प्रयोग करते हैं। जितेन्द्र भड़ाना ने कहा कि इस जगह पर आरओबी की जगह यदि अंडरपास बनाया जाए तो इससे कई लाभ होंगे। इस मौके पर एसएन दुबे, उस्मान, अर्जुन, मानवेंद्र यादव, शिव कुमार यादव, माला यादव, इंद्रावती, रामपाल, अशोक चौधरी, सुरेंद्र यादव, रोहित सिंह, नरेन्द्र भड़ाना, रितिक भड़ाना, नीरज ठाकुर, प्रेम सिंह, राधेश्याम, साधना सिंह, बिमलेश, रेना, डॉ कौतुक, दिनेश शर्मा, देवेंद्र जाट, गुड्डू राजपूत व हंसराज सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### दौड़ में कनिष्क और लोकेश ने जीते स्वर्ण पदक



फरीदाबाद। जिला संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटे बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए विभिन्न दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भिरावटी में किया गया। जिसमें जिले के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ए वन एट कबड्डी लीग के निदेशक अंकुर इंदरी ने बताया कि कनिष्क (देवा) ने 12 साल आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में पहला और लोकेश (परवीन) ने 8 साल 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अंडर-12 आयु वर्ग में इंदरी की रहने वाली दीपिका (देवेंद्र) ने 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 में 2 किलो मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ए वन एट स्पोर्ट्स अकेडमी में ही अभ्यास करने वाली सुहानी (बिरमजीत) ने अंडर-14 में 100 मीटर की दौड़ में दूसरे स्थान पर रही। ए वन एट स्पोर्ट्स अकेडमी के कोच अंकुर चौधरी ने बताया कि ये दोनों लड़कियां काफी अच्छी एथलीट हैं, जो सिर्फ मेहनत करने में विश्वास रखती हैं। उनकी मेहनत को देख स्पष्ट दिखता है कि वो बड़े पैमाने पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। गौरतलब है कि इंदरी गांव के छोटे एवं युवा लड़के और लड़कियों में खेल के प्रति जूनून को देखकर इन्हें अकेडमी में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अन्य जरूरतों को भी पूरा कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। अकैडमी से प्रशिक्षण लेकर क्षेत्र के दर्जनों बच्चे खेलो हरियाणा एवं स्कूल खेल राज्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और पदक विजेता बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का कार्य कर रहे हैं।

### पांच हजार का मोस्ट वांटेड आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने करीब 2 वर्ष पहले के नशा तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी मोस्ट वांटेड पांचवे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस मामले में इससे पहले चार आरोपियों आबिदा, फकरूद्दीन, राणा उर्फ सहकूल तथा चौड़ा उर्फ अहमद को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सद्दाम है जो गुरुग्राम के कुलियाका गांव का रहने वाला है। मार्च 2021 में पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में सेक्टर-58 एरिया से एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनके कब्जे से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नशा तस्करी में शामिल उनके दो अन्य साथी आरोपी राणा तथा चौड़ा के बारे में पुलिस को जानकारी दी।

## राहत

### कोचर दंपति को जमानत

**कोचर** पति-पत्नी को जमानत देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि उनकी गिरफ्तारियां स्पष्ट रूप से अनिवार्य प्राविधानों का उल्लंघन थीं। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को जमानत देते हुए बंबई उच्च न्यायालय ने ठीक ही कहा कि 'गिरफ्तारी के आदेश में यह नहीं बताया गया है कि याचिकाकर्ताओं को चार साल बाद गिरफ्तार करने का क्या कारण है, जबकि यह अनिवार्य है। गिरफ्तारी आदेश में याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी का बताया गया कारण अनिवार्य प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।' अदालत ने कहा 'यदि आरोपी अपराध स्वीकार नहीं करता है तो इसका यह अर्थ नहीं है कि आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया।' केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस दंपति को 12 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। यह कानून लागू कराने वाली एजेंसी के लिए उचित नहीं कहा जा सकता है कि वह अदालत में मामला पेश करने के लिए आरोपी की अपराध स्वीकारोक्ति पर निर्भर रहे। दुर्भाग्य से काफी जांच अपराध स्वीकारोक्ति पर निर्भर करती है जिसे अक्सर बहुत अच्छे तरीकों से नहीं प्राप्त किया जाता है। पुलिसजन आम बोलचाल की भाषा में इसे 'सख्ती से पूछताछ' कहते हैं। हालांकि, अक्सर ऐसा तब होता है जब आरोपी शिक्षित या अमीर न हो, गरीब लोगों से अक्सर सख्ती से पूछताछ होती है। कोचर दंपति इस वर्ग से नहीं हैं। सीबीआई ने उन पर वीडियोकान समूह अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत से गठजोड़ कर भ्रष्टाचार व षडयंत्र का आरोप लगाया था। सीबीआई के अनुसार, चंदा कोचर के आधीन आईसीआईसीआई बैंक ने बैंकिंग नियमन कानून, आरबीआई दिशानिर्देशों व आईसीआईसीआई कर्ज



नीति का उल्लंघन कर वीडियोकान कंपनियों को 3,250 करोड़ रुपये का कर्ज दिया। इसके बदले में धूत ने दीपक कोचर की नूपावर रिनिवेबल्स में कई बार में 64 करोड़ रुपये निवेश किए। ये सभी आरोप सही हो सकते हैं, लेकिन इनका फैसला अदालत में होगा। वैसे, किसी भी स्थिति में सीबीआई आरोपी पर अपराध स्वीकारोक्ति और इस प्रकार स्वयं को फंसाने के लिए दबाव नहीं डाल सकती है।

बंबई उच्च न्यायालय ने कोचर दंपति की गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाए हैं। उनको बेटे की 15 जनवरी को होने वाली शादी के कुछ सप्ताह पहले गिरफ्तार किया गया। शायद उनको इस विवाह के कारण ही गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि यह एक 'डेस्टीनेशन वेडिंग' थी जिसमें सभी लोग शानदार आयोजनों में हिस्सा लेते। ऐसे हाई-प्रोफाइल आयोजनों के लिए यह सामान्य बात है। आखिरकार कुछ ही समय पहले तक चंदा कोचर एक कार्पोरेट सेलेब्रिटी थीं। सीबीआई व उसके राजनीतिक आकाओं ने संभवत: इसे अच्छा नहीं माना कि कार्पोरेट धोखाधड़ी का कोई आरोपी इस प्रकार अमीर व शक्तिशाली लोगों के साथ अच्छा समय बिताए। लेकिन सवाल यह है कि क्या देश की प्रमुख जांच एजेंसी को अपनी पसंद के बजाय भ्रष्टाचार मामले निपटाने पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहिए। हमने पहले भी कहा है कि कोचर दंपति व धूत की गिरफ्तारी निरर्थक है। ये गिरफ्तारियां सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं हैं। कथित घोटाला चार साल पुराना है और इस कालखंड में वे आसानी से दस्तावेजों में हेरफेर कर सकते थे अथवा गवाहों को प्रभावित कर सकते या उन पर दबाव डाल सकते थे। दूसरे शब्दों में ये गिरफ्तारियां ऐसे कारणों से की गईं जिनका जांच से कोई संबंध नहीं था। इससे एक गलत माहौल बनता है जो बिजनेस जगत को डरा सकता है। निश्चित रूप से यह देश में निवेश के दृष्टिकोण से ठीक नहीं होगा।

# पुरानी पेंशन की बढ़ती मांग

**पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजनाओं में अंतर बहुत अधिक है जिसे सरकारी कर्मचारी अनदेखा नहीं कर सकते हैं। सरकार को पेंशन योजना पर राजनीतिक सहमति बनानी चाहिए।**



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, आईसीएफआरई के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारत सरकार ने वित्तीय क्षेत्र में बड़ा सुधार करते हुए 1 अप्रैल, 2004 के बाद सशस्त्र बलों को छोड़ कर भर्ती हुए अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों की पेंशन बंद कर दी है। इसके बजाय सरकार ने बाजारोन्मुख सहयोगी राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस की घोषणा अपने कर्मचारियों के लिए की थी और मई, 2009 के बाद इसे देश के सभी नागरिकों के लिए लागू कर दिया था। राजनीतिक मजबूरियों के चलते कुछ राज्य सरकारों ने अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस पुन: लागू की थी। इसके बाद फेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इम्प्लाईज़ सक्रिय हुई और उसने कैबिनेट सचिव को 1 अप्रैल, 2004 के बाद भर्ती सभी केन्द्र सरकार कर्मचारियों के लिए पुन: पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के लिए पत्र लिखा। ओपीएस में कर्मचारियों को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मिलता था। एनपीएस का प्रबंधन एनपीएस ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। स्टाफ फेडरेशन ने कहा है कि 'यह पूर्णत: स्पष्ट है कि हर माह अपने पूरे सेवाकाल में 10 प्रतिशत का योगदान करने के बावजूद एनपीएस कर्मचारियों को बहुत मामूली पेंशन मिलती है और उनकी स्थिति ओपीएस की तुलना में बहुत खराब है।

इसके साथ ही नई पेंशन योजना-एनपीएस के अंतर्गत मिलने वाली पेंशन स्थिर है और उसमें कोई महंगाई राहत शामिल नहीं है जिससे मूल्य वृद्धि-मुद्रास्फीति का मुआवजा मिल सके जो ओपीएस कर्मचारियों को उपलब्ध है।' इस अंतर्निहित कमजोरी के कारण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के सभी लाभार्थियों की ओर से एनपीएस का भारी विरोध है। इससे सेवानिवृत्ति के बाद आराम से टिकाऊ पेंशन भुगतान सुनिश्चित नहीं होता है। इस योजना के क्रियान्वयन के 18 साल बाद भी अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बहुत मामूली रकम मिलती है जिसमें जीना बहुत कठिन है। नवंबर, 2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की विजय का एक कारण पुरानी पेंशन योजना क्रियान्वित करने के वादे पर बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों का वोट उसे मिलना है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है और पंजाब सरकार भी पुरानी व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने एनपीएस योजना लागू नहीं की थी और इस प्रकार देश में सरकारी कर्मचारियों का एक काफी बड़ा हिस्सा पुरानी पेंशन योजना का लाभ उठा रहा है। अब तक लगभग 22.8 लाख केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों तथा 56 लाख राज्य सरकारी कर्मचारियों को एनपीएस में शामिल किया गया है। पेंशन योजना पर यह टकराव उन सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए गंभीर मुद्दा है जो अगले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों के वोट लेना चाहती हैं। हमें इस मुद्दे का विस्तृत परीक्षण करना चाहिए। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में विजय के बाद अंग्रेजों ने सरकारी कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने के लिए भारतीय पेंशन व्यवस्था लागू की थी जिसे सरकारी खजाने से पैसा मिलता था। इस प्रकार यह ब्रिटिश व्यवस्था का विस्तार था। हालांकि, 1881 में रायल कमीशन आन सिविल इस्टैब्लिशमेंट ने पहली बार सरकारी कर्मचारियों को पेंशन लाभ दिया था। उसके बाद स्वतंत्रता के पश्चात भी सरकारी कर्मचारियों को सेंट्रल सिविल सर्विसेज़-सीसीएस पेंशन रूल्स 1972 के अंतर्गत पेंशन दी गई। यह अब अंतिम वेतन भुगतान का 50 प्रतिशत थी जिसे हर साल दो बार महंगाई भत्ते के रूप में बढ़ाया जाता था।

संविधान का अनुच्छेद 309 सरकार को कर्मचारियों की सेवाशर्तों को नियंत्रित करने की अनुमति देता है। इस प्रकार पेंशन एक कल्याणोन्मुख योजना है जो वृद्धावस्था में कर्मचारियों को उनके द्वारा किए काम के बदले में मिलती है। एनपीएस एक बाजारोन्मुख दो चरणों वाली सहयोगी पेंशन योजना है। हम सबको स्वीकार करना चाहिए कि यूरोप व अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग गायब है। यदि विश्वस्तरीय पेंशन ढांचे पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि आइसलैंड में सर्वोत्तम पेंशन योजना है और इसके बाद नीदरलैंड, डेनमार्क व इस्राइल, आदि का स्थान है। अधिकांश देशों में लाभार्थी को हर माह न्यूनतम भुगतान करना होता है, लेकिन शानदार सामाजिक सुरक्षा सबको न्यूनतम पेंशन की गारंटी करती है, भले ही उसका भुगतान बहुत कम या कुछ भी न हो। उसे आइसलैंड जैसे देश में पेंशन फंड से भुगतान होता है। अन्य विकसित देशों में भी यही स्थिति है। वहां सहयोगी व्यवस्था सामाजिक सुरक्षा का अंग है जो बहुत अच्छी तरह काम करती है। भारतीय व्यवस्था में सरकार ने जब वित्तीय सुधार शुरू किए तो उसे पेंशन ढांचे में सुधार की आवश्यकता भी 2001 में अनुभव हुई ताकि सरकार पर बोझ घटाया जा सके।

लेकिन भारत की स्थितियों में सरकार को इसके सामाजिक प्रभावों के बारे में भी विचार करना चाहिए था। इसका कारण यह है कि बाजार व्यवस्था अस्थिर है और कर्मचारियों को केवल बाजार शक्तियों की दया पर नहीं छोड़ा जा सकता है। किसी कल्याणकारी राज्य में यह स्थिति किसी प्रकार भी स्वीकार नहीं की जा सकती है कि सरकार अपने कर्मचारियों का न्यूनतम जीवनस्तर उसके वेतन द्वारा सुनिश्चित न करे और अचानक कर्मचारियों को लगे कि उनको बाजार शक्तियों की दया पर छोड़ दिया गया है। पेंशन सुधारों की पैरवी मुख्यत: निजी क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों द्वारा की गई थी जिनकी अपनी आमदनी बहुत अधिक थी। सरकार को सभी लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिवेश पर गौर करना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में उसे अत्यधिक कर्मचारियों की स्थितियों से निपटने का प्रयास करते हुए समुचित अध्ययन के बाद एक टिकाऊ व्यवस्था बनानी चाहिए। हमारे संस्थान जिस तरह काम करते हैं और अतीत में देश को जिस प्रकार के वित्तीय घोटालों का सामना करना पड़ता है, उसे देखते हुए एनपीएस योजना का अभी विकास हो रहा है। ऐसे में यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि यह कर्मचारियों का बेहतर जीवन स्तर बनाए रखने के लिए काफी है। इसी कारण इसे कर्मचारियों का विश्वास नहीं प्राप्त हुआ है। यही बात निजी व सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों पर लागू होने वाली इम्प्लाईज़ पेंशन योजना के बारे में भी सही है। हालांकि, इसमें सुधार के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई आदेश दिए हैं, पर इन आदेशों के बावजूद अभी यह योजना कर्मचारियों को सम्माननीय जीवन देने के लिए काफी नहीं है।

इसलिए यह सुनिश्चित करना पूरी तरह आवश्यक है कि कम से कम भाजपा व कांग्रेस पेंशन के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर एक राजनीतिक सहमति तैयार करें। यह मुद्दा बहुत भावनात्मक है और यदि इस पर गंभीरतापूर्वक विचार न किया गया तो इससे पैदा अशांति के कारण अर्थव्यवस्था बहुत बुरी तरह प्रभावित होगी। सरकारी खर्च के बारे में लापरवाही व 'खैरात' रोकना बहुत जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही कर्मचारियों का समुचित जीवनस्तर व सामाजिक सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। इस बारे में प्रतियोगी राजनीति से अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। सरकार को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में एनपीएस को अन्य देशों की तरह टिकाऊ बनाया जाए क्योंकि उनकी व्यवस्थाओं में सामाजिक सुरक्षा के तत्व अंतर्निहित हैं। इसलिए सबसे पहले सभी राजनीतिक पार्टियों को आकर इस तथ्य पर विचार करना चाहिए कि हमें ऐसी पेंशन योजना की आवश्यकता है जो जीवन्त, टिकाऊ तथा कर्मचारियों को स्वीकार्य हो। यदि सरकार एनपीएस व्यवस्था बनाए रखना चाहती है तो उसे कुछ लाख करोड़ रुपये का एक कार्पस फंड बनाना चाहिए और उसे हर साल सरकारी सिक्यूरिटीज़ में निवेश कर सुनिश्चित करना चाहिए कि एनपीएस में धनराशि की कमी न हो। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेवा के कुछ साल के बाद कर्मचारियों को उनके अंतिम वेतन का एक हिस्सा गारंटीशुदा पेंशन के रूप में मिले। दूसरा विकल्प पुरानी पेंशन व्यवस्था की वापसी हो सकता है, पर इसके लिए कर्मचारियों की संख्या में भारी कमी करनी होगी तथा इसे संसद द्वारा पास कानून से नियंत्रित करना होगा।

# 'याक' का लाभ उठाने में असमर्थ उत्तर-पूर्वी राज्य

**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



ब्रोकपा (याक पालनकर्ता) समुदाय द्वारा याक प्रजनन और प्रबंधन के स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान का अभ्यास अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग और तवांग जिलों में पारंपरिक प्रजनन विधियों को अपनाने, जानवरों को वर्गीकृत करने, रोगों का निदान करने और उनकी रोकथाम के माध्यम से जानवरों के संरक्षण के लिए किया जाता है। स्थानीय रूप से उपलब्ध नृवंशविज्ञान प्रथाओं का उपयोग करके विकार और रोग निवारण में। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, जनसांख्यिकीय और भौगोलिक वितरण, मूल पर्यावरण और उम्र के संदर्भ में गणना, जनसंख्या में लिंग, प्रबंधन प्रथाओं और उपयोगिता जैसी जानकारी के निर्माण के लिए अग्रणी नस्लों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने की आवश्यकता महसूस की गई थी। रूपात्मक गुणों, उत्पादन क्षमता, और प्रजनन स्थिति और अद्वितीय जानवरों, कुलीन उत्पादकों और कुछ नमूनों में दुर्लभ या असामान्य विशेषताओं के गुणात्मक और मात्रात्मक विवरण के बारे में याक का मात्रात्मक और गुणात्मक लक्षण वर्णन। उपरोक्त पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, 24 महीनों के लिए एक सर्वेक्षण योजना तैयार की गई थी। अरुणाचली याक का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने के लिए उपयुक्त प्रारूपों में आधुनिक नमूना डिजाइनों का पालन करते हुए एक तकनीकी कार्यक्रम अपनाया गया। इसके परिभाषित चिड़ियाघर-भौगोलिक क्षेत्र में सभी संभावित प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने के लिए वैज्ञानिक और समकालीन वर्णनकर्ताओं और प्रश्नावली का पालन किया गया।

सर्वेक्षण पश्चिम कामेंग और तवांग के दो याक पालन जिलों में आयोजित किया गया था और इन दो जिलों के नौ व्यक्तियों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (एनसीएआर) के याक फार्म में चुना गया और प्रशिक्षित किया गया - याक पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (एनआरसीवाई) सर्वेक्षण। इस सर्वेक्षण में, विभिन्न नस्लों की विशेषताओं के लिए अरुणाचली याक का सर्वेक्षण किया गया जिसमें एक वर्ष तक के बछड़े, एक वर्ष से तीन वर्ष तक के बछड़े, और दूध देने वाली मादाओं सहित तीन वर्ष और उससे अधिक के वयस्क शामिल थे। इन जानवरों का सर्वेक्षण तवांग जिले के जंग, थिंगबो, शेरोन, रो, जांगडा, जेमिथांग और तवांग और पश्चिम कामेंग जिले के मंडला टॉप, बंगलेजेब, शिंगचांग, नागाजीजी, डोंगचिकपु, वांगडोरपो, त्सेस्कांग और न्यूकमडुंग के कुल 47 घरों से किया गया था। 19वीं पशुधन जनगणना, 2012 के अनुसार, याक की जनसंख्या 13,758 थी। अरुणाचली



याक कोट के रंग में व्यापक रूप से भिन्न होता है; यहां तक कि एक ही झुंड में, विभिन्न फीनोटाइप का मिश्रण मौजूद होता है। शरीर रचना और बालों के पैटर्न के आधार पर याक को विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। याक का सबसे प्रमुख सामान्य प्रकार छोटे आकार का, स्वभाव में विनम्र और मुख्य रूप से दूध के प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाता है। हालांकि अरुणाचली याक का उपयोग मांस, ऊन के साथ-साथ एक पैक जानवर के लिए भी किया जाता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभिन्न नस्लों की विशेषताओं के लिए कुल 1400 अरुणाचली याक का सर्वेक्षण किया गया। इस संख्या में एक वर्ष तक के 270 बछड़े, एक वर्ष से तीन वर्ष तक के 480 बछड़े और तीन वर्ष और उससे अधिक के 650 वयस्क शामिल हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट ने संकेत दिया कि व्यक्तिगत याक उत्पादकता याक चरवाहों द्वारा अपने झुंड को बनाए रखने या सफेद कोट के रंग को बनाए रखने के लिए माने जाने वाले मानदंडों में से एक है, यदि याक को ऊन के लिए पाला जाता है तो यह अधिक लाभदायक है। काला (85 प्रतिशत) याक का प्रमुख कोट रंग है जिसके बाद गहरा भूरा, हल्का भूरा, सफेद भूरा, सफेद और ग्रे होता है। हालांकि अधिकांश जानवर पीछे के बाल (86 प्रतिशत) कोट पैटर्न के साथ हैं, कई जानवर भूरे बालों के साथ भी पाए जाते हैं। याक की ऊन एक अन्य उत्पादन विशेषता है जिसका व्यापक आर्थिक महत्व है। याक के बाल याक किसानों के लिए एक मूल्यवान और आवश्यक वस्तु है। परंपरागत रूप से, नीचे और मोटे फाइबर फाइबर की लंबाई, शरीर की स्थिति जिससे बाल प्राप्त होते हैं, और नीचे की सामग्री पर निर्भर करते हैं। लंबे बाल जो शरीर के आगे और पीछे के सिरों और टांगों पर उगते हैं, तंबू, बैग, गलीचे, गोफन, बोरे और टोपी बांधने के लिए रस्सियाँ बनाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। बालों की कतरन की औसत आयु 12-18 महीने है और प्रति कतरन औसतन 1.5 किलोग्राम प्रति पशु एकत्र किया जाता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, मादा याक की दूध की उपज अन्य गोजातीय या पहाड़ी मवेशियों की तुलना में बहुत कम होती है और स्तनपान का महीना मुश्किल से सात महीने तक होता है। औसतन, एक मादा याक के पास छह महीने का लंबा स्तनपान होता है, जो 180 दिनों के स्तनपान की अवधि में लगभग 185 किलोग्राम दूध का उत्पादन करता है।

दुग्ध उत्पादन के दूसरे और तीसरे महीने के दौरान अधिकतम दूध उत्पादन देखा जाता है और औसतन 1.1-1.6 किलोग्राम दूध का उत्पादन होता है। पश्चिम कामेंग में याक की कुल दैनिक दूध उपज (1.04 किग्रा) है जो तवांग जिले (0.98 किग्रा) से थोड़ी अधिक है। यह तवांग जिले की तुलना में पश्चिम कामेंग में अधिक हरे चरागाहों की उपलब्धता के साथ-साथ वैज्ञानिक हस्तक्षेप के कारण हो सकता है।

हालांकि याक द्वारा उत्पादित दूध की मात्रा कम मात्रा में होती है, लेकिन याक के दूध में उच्च वसा (7.45 प्रतिशत) और एसएनएफ (11.5 प्रतिशत) होने के कारण विभिन्न दुग्ध उत्पाद जैसे पनीर, पनीर आदि तैयार करने के लिए पर्याप्त है। याक की एक अन्य उत्पादक विशेषता पैक प्रदर्शन है। नर याक का कामकाजी जीवन 10-12 वर्ष का होता है। याक बैल जिसका उपयोग प्रजनन उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाता है, उसे कम उम्र में बधिया कर दिया जाता है और भार उठाने के लिए उपयोग किया जाता है। एक याक बैल या डोज़ो जानवरों की शरीर की स्थिति के आधार पर 40 से 70 किलोग्राम के बीच ले जा सकता है जो फीड और मौसम की स्थिति से अत्यधिक प्रभावित होता है।

रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि याक का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए केंद्रक प्रजनन झुंडों की स्थापना की जानी चाहिए, आनुवंशिक चयन द्वारा प्रजनन और उत्पादक लक्षणों में सुधार और याक में उच्च उपज के लिए चयन करने के लिए प्रोत्साहन बिक्री के लिए नियत दूध के लिए एक विस्तारित बाजार के साथ उत्पन्न होने की संभावना है।

## आप की बात

### बॉलीवुड की चिन्ता

**बॉलीवुड** की फिल्मों का लगातार बायकॉट होने से फिल्मी जगत में हलचल सी मची है। मीडिया से बातचीत में अभिनेता अभय देओल ने कहा जनता को बायकॉट करने से पहले सोचना चाहिये कि किसी का करियर दांव पर लगा है। अभय देओल से पहले सलमान, शाहरुख सहित कई सितारे बायकॉट न करने की अपील कर चुके हैं। लेकिन फिल्मी सितारों को अपने अभिनय के बारे में भी सोचना चाहिये। केवल पैसा कमाने की होड़ में लगा बॉलीवुड भारतीय परंपरा व भारतीय रीतिरिवाजों को भूल ही गया है। लगातार जनता की भावनाओं को आहत करते रहने पर भी अगर जनता ही सोचेगी तो फिर गलती करने वाले बॉलीवुड निर्माता व अभिनेता क्या सोचेंगे। पठान मूवी में एक धर्म को टारगेट करके दृश्य को फिल्माया गया है जिसके लिये पठान के सुपरस्टार अभिनेता शाहरुख खान को भी बायकॉट का डर सताने लगा है। ऐसी गलती ही क्यों करते जो जिससे आपको सुपर स्टार बनाकर सिर आंखों पर रखने वाली जनता आपके विरोध में आ जाती है। कभी सनातन धर्म को, कभी भारत के गौरवशाली इतिहास को तो कभी भारतीय सभ्यता को आहत किया जाता है। सबको इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करना चाहिये।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### अमेरिका की व्यवस्था

**कुछ** लोग कहते हैं, चाक चौबंद कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हो तो अमेरिका जैसी जहां नाइन एलेवेन के आतंकवादी घटना के बाद दूसरी कोई वारदात करने की हिम्मत किसी भी अलगाववादी गुट ने नहीं की है। मुझे लगता है एक वैसे देश को आतंकवादी निशाना बनाने का क्यों सोचें जहां हर पांचवे दिन एक आदमी आपने बन्दूक से दस लोगों को मार देता हो। आतंकवादियों के हिस्से का काम तो वहां का आम नागरिक कर रहा है। कभी किसी स्कूल में तो कभी शॉपिंग मॉल में तो कभी इबादत गृह में। अब जिस देश का छह साल का अबोध बालक भी अपने स्कूल टीचर को गोली मार सकता है तो फिर उस देश की संस्कृति को क्या कहा जाए? वर्जीनिया के न्यूपोर्ट न्यूज के रिचनेक एलीमेंट्री स्कूल में एक शिक्षक को गोली मारने के बाद 6 साल के एक बच्चे को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। 25 वर्षीय शिक्षिका एबी ज़्वर्नर के पेट एवं बांह में गोली लगी है वो इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। जिस देश की संस्कृति में 6 वर्ष के बालक भी अपने स्कूल बैग में बन्दूक न सिर्फ रखता बल्कि उसे इस्तेमाल भी करता हो। उस देश की कानून-व्यवस्था को किसी प्रकार से आदर्श नहीं कहा जा सकता है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### चीन में कोरोना

**दुनिया** में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहें हैं। चीन, जापान और तिब्बत आदि देशों में तो रोजाना वायरस से कई लोगों की जान जा रही है। हालांकि, चीन एक बार फिर दुनिया से कोरोना के बढ़ते मामलों की संख्या छिपा रहा है। ड्रैगन ने चीनी डॉक्टरों को उनके यहां होने वाली मौत के आकड़े और मौत के कारण को बताने से मना किया है। डेथ सर्टिफिक्रेट से कोविड-19 की वजह से होने वाली मौत का कारण हटाने के लिए कहा हैं। स्वास्थ्य आयोग निदेशक क्वानचेंग के मुताबिकए चीन के तीसरे सबसे ज्यादा आबादी वाले प्रांत की 90 प्रतिशत जनता कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई है। हालांकि, अभी भी वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि जापान और चीन में जनवरी के मध्य तक कोरोना वायरस के मामले और बढ़ेंगे। साथ ही पिछले दो वर्षों के भी सभी रिकॉर्ड टूटेंगे। पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना के 170 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों के अनुसार भारत को फिलहाल खतरा नहीं है, पर सावधानी बरतना ठीक रहेगा।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**सरकार** ने विदेशों में भारतीय लोगों के लिए बेहतर परिवेश, सुरक्षा व अवसर देने हेतु अनेक देशों के साथ दरवाजे खोले हैं।
- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**ब्राजील** की जनता की इच्छा तथा लोकतांत्रिक संस्थानों का सम्मान अवश्य होना चाहिए।
- **इमैनुअल मैक्रान**
फ्रांस के राष्ट्रपति



**यदि** लोकतंत्र में किसी व्यक्ति को ईश्वर बना दिया जाए तो वह लोकतंत्र नहीं रह जाता है।
- **मल्लिार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष"

# अब मंडल मुख्यालयों पर रोड शो आयोजित करेगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● यूपीसीडा 15 जनवरी से 2 फरवरी के मध्य 8 मंडल मुख्यालयों में करेगा रोड शो

**उत्तर** प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के सीएम योगी के संकल्प को पूरा करने के लिए विभागों के प्रयास तेज हो गए हैं। लखनऊ में 10 से 12 फरवरी के मध्य प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत निवेश के इच्छुक उद्यमियों, कारोबारियों और औद्योगिक समूहों से एमओयू साइन करने के लिए अब मंडल मुख्यालयों पर रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

रोड शो का आयोजन उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा द्वारा किया जाएगा। प्राधिकरण ने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद सीएम योगी के निर्देश पर मंडल मुख्यालयों पर रोड शो के आयोजन का निर्णय लिया है। प्रत्येक रोड शो के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी होंगे। यूपीसीडा को एक लाख करोड़ रुपए के निवेश का संशोधित लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य की पूर्ति पहले ही की जा चुकी है। तमाम बड़े औद्योगिक समूहों ने निवेश के लिए प्राधिकरण प्रबंधन से एमओयू साइन कर लिया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी का कहना है कि यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों में 15 हजार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक हैं।

हम अब तक विभिन्न संस्थानों से 85 हजार करोड़ रुपए के निवेश से जुड़े एमओयू कर चुके हैं। हमारे पास एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का प्रस्ताव आ चुका है। 15 जनवरी को प्रयागजराज मंडल, 16 को वाराणसी मंडल, 19 को आगरा मंडल, 20 को मेरठ मंडल, 22 को कानपुर मंडल, 23 को अयोध्या मंडल, 24 को बरेली मंडल और 2 फरवरी को झांसी मंडल में होगा रोड शो।

# 26 से शुरू होगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के नेतृत्व में आगामी 26 जनवरी से प्रदेश कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में तैयारी बैठक की गई। बैठक में आगामी निकाय चुनाव की रणनीति के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, अनिल यादव तथा प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह मौजूद रहे। कांग्रेस प्रवक्ता हम्माम वहीद ने बताया कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रारंभ हो रहा यह अभियान दो महीनों तक चलेगा। जिसके अन्तर्गत ब्लाक कांग्रेस कमेटियों द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान पदयात्रा के रूप में देश की सभी ग्राम पंचायतों व गांवों और मतदान केन्द्रों को कवर करेगी। प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने भी आज अपने प्रभार क्षेत्र के जनपदों के जिला व शहर अध्यक्षों के साथ बैठक कर 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' के सफल संचालन की दिशा में रणनीति तैयार की।

# माइन मित्रा पोर्टल को मिला प्लेटिनम अवॉर्ड, मुख्यमंत्री को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ को मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर डिजिटल इण्डिया अवॉर्ड्स-2022 के तहत उत्तर प्रदेश के माइन मित्रा पोर्टल को प्रदान किये गये प्लेटिनम अवॉर्ड सौंपा गया। मुख्यमंत्री को यह अवॉर्ड भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव डॉ रोशन जैकब ने सौंपा। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विगत दिवस नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के माइन मित्रा पोर्टल को डिजिटल इनिशिएटिव्स फॉर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत प्लेटिनम अवॉर्ड प्रदान किया गया था। सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म डॉ रोशन जैकब एवं उनकी टीम ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री से भेंट के अवसर पर माइन मित्रा पोर्टल प्रोजेक्ट से सम्बन्धित अधिकारीगण यूपीडेस्को के प्रबन्ध निदेशक कुमार विनीत, विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विपिन कुमार जैन, एनआईसी की टेक्निकल डायरेक्टर अमिता श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म अमित कौशिक एवं मार्गसॉफ्ट टेक्नोलॉजी के विवेक गुप्ता उपस्थित थे।

# कम प्रगति वाले जिलों से प्रमुख सचिव कल्याण ने मांगा स्पष्टीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● लंबित आवेदन पत्रों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**प्रमुख** सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम ने निर्देशित किया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आधार प्रमाणीकरण की प्रतिशत के आधार पर न्यूनतम प्रगति वाले जनपदों के ज़िला समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया जाए और योजना के अंतर्गत उनसे संबंधित जनपद की प्रगति प्राप्त की जाए।

डॉ. हरिओम समाज कल्याण निदेशालय के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रदेश के समस्त मंडलीय संयुक्त-उपनिदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश एवं समस्त ज़िला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत उच्चतम लंबित आवेदन वाले जनपदों जैसे हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, खीरी, बिजनौर, रामपुर, आजमगढ़, मुरादाबाद, अलीगढ़ और लखनऊ के संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण शीघ्र कराते हुए निदेशालय समाज कल्याण को अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। डॉ. हरिओम ने छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कार्य में लापरवाही के दृष्टिगत संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी कन्नौज दिनेश गोदारा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने व संबंधित कार्मिक जितेन्द्र को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के परिवारों को आर्थिक सहायता योजना के अंतर्गत उच्चतम लंबित प्रकरणों वाले जनपद नियमानुसार आवेदन पत्रों का निस्तारण कर एवं प्राप्त प्रकरणों पर स्वीकृत भुगतान की कार्रवाई संबंधित अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में किए जाने के निर्देश दिए। डॉ. हरिओम ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाले जनपदों के संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारियों व मंडलीय उपनिदेशक को माह जनवरी 2023 के अंत तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम 50 प्रतिशत तक की प्रगति अर्जित करते हुए सामूहिक विवाह कराने और विवाह में उच्च कोटि की वैवाहिक सामग्री वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडलीय उपनिदेशकों को निर्देशित किया कि संबंधित ज़िला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से संचालित विभाग से संचालित समस्त योजनाओं का निरीक्षण करें। यदि किसी भी योजना में कोई आवेदन पत्र व भुगतान इत्यादि लंबित हो तो उसका शीघ्र निस्तारण अपने स्तर से सुनिश्चित करवाएं और दोषी कार्मिक व अधिकारी को चिन्हित कर प्रभारी अधिकारी योजना अधिकारी को सूचित करें।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी में न रहे कमी : सीएस

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी बैठक आहूत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि 10, 11 व 12 फरवरी को आयोजित होने वाला ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ऐतिहासिक होगा, इसकी तैयारी में कोई कमी नहीं रहनी चाहिये। लखनऊ में आने वाले इन्वेस्टर्स को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिये। उन्होंने ग्लोबल इनवेस्टर समिट में आने वाले विशिष्ट महानुभावों, केन्द्रीय मंत्रियों, निवेशकों एवं अन्य अतिथियों के साथ लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में आईआईएम, एकेटीयू अथवा आईआईटी के छात्रों को लगाये जाने का सुझाव दिया। उन्हें इस कार्य के लिये प्रशिक्षण भी दिया जाये। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर समिट में सेक्टोरल सेशन्स का बहुत ही महत्वपूर्ण रोल है। इसलिये सेशन्स के विषय आकर्षक व प्रेरणादायक होना चाहिये। सेक्टोरल सेशन में वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ व प्रख्यात व्यक्तियों का चयन कर उन्हें आमंत्रित किया जाये। विभाग द्वारा तैयार कराये जा रहे ब्रोशर्स को पार्टनर कंट्री की भाषा में भी तैयार कराया जाये। आयोजन के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह न फैले, इस पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने करीब 10 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन होने की जानकारी दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि रोड शो के माध्यम से प्राप्त अवशेष प्रपोजल्स की जल्द से जल्द समीक्षा कर निवेशकों से एमओयू साइन कराये जायें। विदेशों में व देश में जिन कंपनियों, संस्थाओं, औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू हुआ है, उनसे लगातार संपर्क बनाए रखा जाये। यदि किसी निवेशक की कोई समस्या है, तो उसका जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाये। उन्होंने कहा कि विभाग में निवेशकों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका तत्काल समाधान करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में भी निवेशकों को आकर्षित करने के लिये काम करने की जरूरत है। प्रदेश में पहले से विद्यमान इंडस्ट्री को भारत सरकार के उद्यमी पोर्टल पर पंजीकृत कराने के फायदे बताते हुये पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिये प्रेरित किया जाये। उन्हें उद्योग विस्तार नीति के बारे में भी बताया जाये। जब प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है तो उन्हें भी उद्योगों का विस्तार करना चाहिये।

## पीएम आवास शहरी योजना में 40839 आवासों के निर्माण के लिए डीपीआर स्वीकृत

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति एसएलएसएमसी की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण नया घटक के अन्तर्गत 18 जनपदों की नव सृजित निकायों एवं सीमा विस्तारित क्षेत्रों की 44 परियोजनाओं में 40839 आवासों के निर्माण के लिए डीपीआर की स्वीकृति प्रदान की गई।

# जोशीमठ की घटना चिंता का विषय : अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तराखंड के जोशीमठ में जो हो रहा है, वह चिंता का विषय है। पहाड़ों पर दरार हो रही है और जमीन फट रही है तो समझ लेना चाहिए कि कहीं न कहीं इंसान ने कुछ चीजों को नजरअंदाज किया है। अगर विज्ञान और वैज्ञानिकों के विचार को नहीं मानेंगे तो इसी तरह की घटनाएं होंगी।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार एक्सपर्ट और पर्यावरणविदों की जानकारी का सहयोग लेगी और वहां के लोगों का जो नुकसान हुआ है उनकी हर संभव मदद करेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने कन्नौज का विकास रोका है। कन्नौज की जनता एक बार फिर विकास से जुड़ना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि इस सरकार को सरकार मत मानिए यह सरकार उद्योगपतियों और उनके संस्थानों का सहयोग करने वाली संस्था है। सरकार का काम मंहगाई और बेरोजगारी को कम करना होता है, गरीबों की मदद करना होता है। लेकिन सिर्फ भाजपा सरकार बड़े पैसे वाले और बड़े समूह वाले लोगों की मदद करती है।

यह गरीबों की नहीं बड़े लोगों की सरकार है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौत उत्तर प्रदेश में हो रही है, इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। कानपुर में बलवंत सिंह की पुलिस पिटाई से मौत हो गई इसी तरह से गाजियाबाद में पुलिस पिटाई से ऑटो चालक की मौत हो गयी। श्री यादव ने मांग की है कि दोनों घटनाओं में सरकार पीड़ित परिवार की एक.एक करोड़ रूपये से मदद करे और सरकारी नौकरी दे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर कन्नौज का प्रशासन सही तरीके से काम करता तो छिबरामऊ में हत्या नहीं होती।

# एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**एसटीएफ** ने एटीएम कार्ड का 'क्लोन' तैयार कर लोगों को धोखा देकर उनके खाते से रुपए निकालने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 12 एटीएम कार्ड, एक मोटर साइकिल व ठगी के 3900 रुपए बरामद हुए। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि एटीएम बदलकर खाता धारकों के खाते से रुपए निकालने का उनका एक अन्तर्राज्यीय गिरोह है, जो अपने आर्थिक लाभ के लिए पिछले कई वर्षों से लोगों को धोखा देकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

प्रयागराज के विंध्यांचल थाना क्षेत्र में अपराधियों के संबंध में छानबीन में जुटी एसटीएफ की टीम को पता चला कि एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्तियों को धोखा देकर उनके खाते से पैसा निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्य गैपुरा चौराहे पर स्थित एसबीआई बैंक का एटीएम बूथ से पैसा निकालने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने गैपुरा चौराहे पर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ के बाहर से दबिश देकर तीन अभियुक्तों नीरज कुमार यादव निवासी रमईपुर, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज, रामू भारतीया और अंशुमान सिंह निवासी ग्राम, खपटिहाँ थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि ये लोग ऐसे एटीएम बूथ की तलाश करते है, जहाँ पर गार्ड नियुक्त न हो और पैसे निकालने वाले लोगो की भीड़ हो। यह लोग ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाते हैं जो देखने में कम पढ़े लिखे प्रतीत होते हैं। उनके पीछे खड़े हो जाते हैं और मदद करने के बहाने अपने पास रखे क्लोन एटीएम कार्ड से उनके एटीएम कार्ड को बदल लेते हैं। इसके बाद उस व्यक्ति के पीछे खड़े होकर एटीएम पिन कोड देख लेते हैं। फिर अलग-अलग प्रदेशों में जाकर उस एटीएम कार्ड से खाता धारक के खाते का सारा पैसा निकाल लेते है और आपस में बांट लेते है। यह भी बताया कि 9 जनवरी को ऊरूवा में स्थित एटीएम बूथ से एटीएम कार्ड बदल कर उससे करीब 5000 रुपए निकाल कर आपस में बांट लिए थे। पुन: उसी एटीएम कार्ड से पैसा निकालने के लिए गैपुरा चौराहे पर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ में आए थे। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि हम लोग उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से एटीएम कार्ड बदलकर अब तक कई लाख रुपए निकाल चुके हैं।

# पॉलीटेक्निक संस्थानों में रिक्त पदों पर होगी शीघ्र भर्ती: पटेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**प्रदेश** के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों का ज्यादा से ज्यादा छात्र लाभ उठाएं और देश व प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें, इसके लिए पॉलिटेक्निक संस्थानों में संचालित किए जाने वाले पाठ्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए। जिससे संस्थानों में सीटें खाली न रहें। पॉलिटेक्निक संस्थानों के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध है। इन संस्थानों में प्रवेश लेने वाले युवाओं को मूलभूत सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

पटेल मंगलवार को विधानभवन स्थित सभा कक्ष में प्राविधिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र युवाओं को मिले। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के लिए जारी होने वाले बजट का उपयोग गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से निर्माण कार्यों को पूरा करने में किया जाए।

निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके पॉलीटेक्निक कालेजों में शिक्षणेत्तर कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएं। पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थानों में समूह 'ग' के रिक्त पदों का अधियाचन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही तीनों तकनीकी विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों की स्थिति एवं अधियाचन की रिपोर्ट 16 जनवरी तक शासन को उपलब्ध कराया जाए। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों व शासनादेश के अनुसार रिक्त पदों को भरे जाने के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्राविधिक विश्वविद्यालयों व इंजीनियरिंग कालेजों में शैक्षिक स्टाफ व निदेशकों की नियुक्ति प्रक्रिया को और बेहतर व पारदर्शी बनाने को कहा। मंत्री ने खनन अभियांत्रिकी का नया पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

# दो अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति की अनुशंसा

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मंगलवार को सात न्यायिक अधिकारियों और दो अधिवक्ताओं को विभिन्न उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नति देने की अनुशंसा की। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ भी शामिल हैं। इसकी सिफारिशों को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। कॉलेजियम ने अपनी बैठक में न्यायिक अधिकारियों- रामचंद्र दत्तात्रेय हड्डर और वेंकटेश नाइक थावरयानाइक को कर्नाटक उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसमें कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 10 जनवरी, 2023 को हुई अपनी बैठक में अधिवक्ता श्री नागेंद्र रामचंद्र नाइक को कर्नाटक उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की अपनी पुरानी अनुशंसा पर कायम रहने का फैसला किया।

# अनुशासनहीनता रोकने की कवायद, डीजीपी की अफसरों को नसीहत

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

● प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को होने वाली परेड मे हर हाल में हिस्सा लें अफसर

**देश** के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के पुलिस बल का अपना गौरवमयी इतिहास है। यही इसके सशक्त और प्रभावी होने का मूल आधार भी है। ऐसे अनुशासित पुलिस बल में अनुशासनहीनता की घटनाएं अपने आप में चिंता का विषय है। प्रदेश पुलिस के मुखिया (डीजीपी) डॉ. डीएस चौहान के संज्ञान में भी अनुशासहीनता की ऐसी कुछ घटनाएं संज्ञान में आने के बाद उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने आला अफसरों को ताकीद किया है कि वह इस बारे में गंभीर चिंतन करें। अपने कर्मचारियों के दुख-सुख में शामिल हों। उनके कल्याण के लिए हमेशा जागरूक व संवेदनशील रहें। अफसर अपने कार्य व आचरण से ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करें कि अनुशासनहीनता की घटनाएं न हों। पुलिस प्रमुख ने राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में नसीहत भरा गोपनीय परिपत्र भी जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पुलिस कर्मियों द्वारा उच्च स्तर का अनुशासन बनाए रखते हुए सत्यनिष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करने से उत्तर प्रदेश पुलिस बल की छवि में गुणोत्तर सुधार किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जाहिर किया है कि हाल ही में संज्ञान में आए कुछ मामलों से ऐसा प्रतीत हुआ है कि उच्च अधिकारियों के स्तर पर दिए जाने वाले निर्देशों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।

अनुशासनहीनता के प्रकरणों में कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रमुख में संज्ञान में यह भी आया है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य समुचित समन्वय के अभाव के कारण भी अनुशासनहीनता की घटनाएं होती हैं। इस कमी को दूर करने के लिए उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को होने वाली परेड में अधिकारी प्रत्येक दशा में हिस्सा लेना सुनिश्चित करें। परेड, अवकाश, भ्रमण, ड्यूटी व अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर प्रभारी पुलिस कप्तान, सेनानायक व अन्य सभी अफसर शुक्रवार तथा अपर पुलिस अधीक्षक व उप सेनानायकों द्वारा मंगलवार की परेड में अनिवार्य रूप से हिस्सा लिया जाए। पुलिस लाइस में आयोजित होने वाली परेडों में सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।



विभिन्न कार्यालयों व पेशियों में नियुक्त कर्मचारियों को भी शुक्रवार की परेड में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। निरीक्षण परेड के उपरान्त शुक्रवार को कप्तान व सेनानयक सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सभी शाखाओं का बहुत सूक्ष्मता से निरीक्षण किया जाए। इस दौरान दृष्टिगोचर होने वाली समस्याओं का निराकरण शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इस प्रकार के निरीक्षण आकस्मिक रूप से भी किए जाएं। डीजीपी का कहना है कि प्राय: यह देखा गया है कि अनुशानहीनता के गम्भीर प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब होने के कारण अनुशासनहीनता की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। कुछ निर्दोष कर्मियों के प्रकरण लम्बित रहने पर उनमें कुंठा का भाव उत्पन्न हो जाता है। इसका प्रभाव राजकीय कार्यों पर पड़ता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रभारी पुलिस कप्तान व सेनानायक नियमित रूप से अर्दली रूम अवश्य करें और ऐसे प्रकरणो पर शीघ्रता से निष्पक्ष व न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें। मातहतों की कुंठा का एक महत्वपूर्ण कारण बैरिकों की दशा ठीक-ठाक न होना भी है।

अपने परिवार से अलग भारी संख्या में पुलिसजन बैरिकों में रहते हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि कठिन ड्यूटी उपरान्त उनके आराम के इस स्थान का निरीक्षण अत्यन्त सूक्ष्मता से किया जाए। बैरिकों में रहने वाले कर्मियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इनके साफ-सफ ाई की व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। एक अन्य बिन्दु पर निर्देशित करते हुए पुलिस प्रमुख ने कहा है कि परेड के बाद पुलिस लाइन का भी भ्रमण किया जाए। इस दौरान पुलिस लाइन का ड्यूटी रजिस्टर भी ध्यानपूर्वक चेक करते हुए देखा जाए कि ड्यूटियों में पारिदर्शिता अपनाई गई है अथवा नहीं। पक्षपातपूर्ण ड्यूटियां लगाएं जाने से पुलिस कर्मियों में रोष व कुठां व्याप्त हो जाती है।

इसका प्रभाव राजकीय कार्य पर पड़ता है। भोजनालयों का निरीक्षण भी बहुत सूक्ष्मता से किया जाए। बैठने की व्यवस्था, साफ-सफ ाई, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता उच्च कोटि की होनी चाहिए। प्रभारी पुलिस कप्तानों और सेनानायकों द्वारा माह में एक बार एवं परिक्षेत्र व सेक्टर स्तर पर तीन माह में एक बार पुलिस कर्मचारियों का सम्मेलन अवश्य किया जाए। इस दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सम्मेलन के दौरान कर्मचारियों को विभागीय नीतियों से भी अवगत कराया जाए।

# एएसआई के शेड से भगवान विष्णु की 1200 साल पुरानी मूर्ति चोरी

**भाषा।** पटना

**पटना** जिला के विक्रम थाना अंतर्गत दतियाना क्षेत्र स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के मूर्तिकला शेड में रखी भगवान विष्णु की 1200 साल पुरानी मूर्ति की चोरी हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एएसआई के पटना सर्कल ने इस मामले को नई दिल्ली में अपने मुख्यालय के संज्ञान में लाया है।

एएसआई पटना सर्कल की अधीक्षण पुरातत्वविद गौतमी भट्टाचार्य ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि यह वारदात पिछले साल 25-26 दिसंबर की रात को हुई। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु की मूर्ति पटना के दतियाना में मूर्तिकला शेड के गेट को काटकर चोरी कर ली गई। उन्होंने कहा, स्थानक मुद्रा (खड़े होने की स्थिति) में विष्णु की मूर्ति एक चेहरे और चार भुजाओं वाले काले पत्थर से बनी है। इन चार भुजाओं में से दो भुजाओं में एक चक्र और गदा है। मूर्ति को किरीता मुकुट पहने हुए कमल के आसन पर खड़ा दिखाया गया है और दोनों तरफ आयुध पुरुष के साथ दो महिला देवताओं परिचारक हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि मूर्ति पाल काल की है। उन्होंने कहा कि यह मूर्ति लगभग 1200 साल पुरानी थी।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में विक्रम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के साथ इस संबंध में नई दिल्ली स्थित एएसआई मुख्यालय को भी सूचित कर दिया गया है। इस बीच, पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में राम-जानकी मंदिर से रविवार रात चोरों ने देवी सीता और भगवान लक्ष्मण की दो अष्टधातु की मूर्तियों को चुरा लिया। स्थानीय पुलिस चोरों को पकड़ने और चोरी की गई मूर्तियों को बरामद करने के लिए छापेमारी कर रही है।

# एआरटीओ ने निघासन क्षेत्र में आम जन मानस में जगाई जागरूकता की अलख

● सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में 'जन-भागीदारी' और 'जन-सहभाग' जरूरी: एआरटीओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में 'सड़क सुरक्षा माह ' मनाया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा माह के छठे दिन मंगलवार को प्रशासन ने पूरे जिले में जागरूकता अभियान चलाया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे की मौजूदगी में निघासन, ढखेरवा चौराहे पर भव्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें सड़क सुरक्षा संबंधित और यातायात नियमों के पालन करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया।

एआरटीओ ने कहा कि सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने की दिशा में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य हासिल करने में 'जन-भागीदारी' और 'जन-सहभाग' जरूरी है। सड़क सुरक्षा केवल महीने भर चलने वाला कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जीवन भर जारी रहने वाला कार्यक्रम है। सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति को खुद वाहन चलाते समय, दूसरे वाहनों के चालकों से भी सतर्क रहना होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में सभी को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसे माहौल को पैदा करने की ज़रूरत है, जहां लोग केवल अपनी जान की परवाह नहीं, बल्कि दूसरों की जान की परवाह भी करें।

प्रभारी निरीक्षक निघासन अरुण कुमार सिंह ने मौजूद लोगों से अपील की कि सड़क सुरक्षा के तहत सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखें, यातायात के नियमों का पालन करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करें, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें। हमेशा फायर ब्रिगेड एवं ऐंबुलेंस गाड़ियों को रास्ता देना चाहिए, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की रक्षा करनी चाहिए।

टीएसआई जेपी यादव ने सड़क सुरक्षा नियमों की बारीकियां बताईं। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों को पंपलेट पोस्टर एवं ब्रोशर बांटे।

## एआरटीओ ने निघासन में चलाया प्रवर्तन अभियान, कई वाहन सीज, हड़कंप

**एआरटीओ** रमेश कुमार चौबे ने प्रभारी निरीक्षक निघासन अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक यातायात जेपी यादव के साथ मंगलवार को भ्रमण सील रहकर निघासन क्षेत्र में प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना फिटनेस एवं बीमा वाली चार वैन सीज की। कर बकाया होने पर चार ट्रकों को भी सीज किया। सीज होने वाले वाहनों को निकटवर्ती थानों में खड़ा करवाया। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों का चालान किया। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली, भैसा गाड़ी, बैलगाड़ी पर रिफ्लेक्टर टैप लगाया।

## इंडियन बैंक बेलरायां की तरफ से निकाली गई जागरूकता रैली

**जहां** देश में बढ़ते विकास के क्रम में सरकार विभिन्न योजनाओं द्वारा जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य करती है वहीं तराई क्षेत्र की इंडियन बैंक शाखा बेलराया में गरीब से लेकर मध्यमवर्गीय व उच्च वर्ग के लोगों के लिए सरकार की योजनाओं को लेकर जनता में लाभ पहुंचाने का कार्य करती है इसी क्रम में आज इंडियन बैंक बेलराया के सौजन्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के सम्बन्ध में जब उप शाखा प्रबंधक मोहित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि इस रैली का उद्देश्य 555 दिन की एफडी पर 7 परसेंट अतिरिक्त ब्याज दिया जाने का प्रावधान है उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के द्वारा उनकी बैंक को जिन योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का जिम्मा दिया जाता है वह योजनाएं वे लोग बखूबी जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लोगों से बात की तो उन्होंने भी इंडियन बैंक बेलराया के कर्मचारियों की जमकर तारीफ की और लोगों ने बताया कि इससे पूर्व में इंडियन बैंक में पहले बहुत ही दिक्कत आती थी लेकिन इस नये स्टाफ के आने के बाद इस प्रकार की दिक्कतों से निजात मिली है। इस मौके पर उप शाखा प्रबंधक मोहित कुमार भैरव सिंह राना शिवांशु शर्मा व इंडियन बैंक बेलरायां का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अवैध तमंचा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

संवाददाता। निघासन-खीरी

**कोतवाली** पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ, जोन के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी/वांछित/ संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरूद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अभियुक्त सद्दाम निवासी ग्राम लखाही को सोमवार की रात्रि को ग्राम ढखेरवा चौराहा से जाने वाला पुल स्थित खोका के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की जामा तलाशी से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर की बरामदगी हुई है। अभियुक्त आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। अभियुक्त के विरूद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी ढखेरवा बाबूराम, हेड कांस्टेबल राजबहादुर रावत, हेड कांस्टेबल जयचन्द तथा कांस्टेबल प्रेमकिशोर शामिल रहे।

# दुर्दांत डकैत राधे की आजीवन कारावास के बाद हुई रिहाई से समर्थकों में खुशी की लहर

● डकैत ददुआ के खास रहे राधे का समर्थकों ने माला पहनाकर किया स्वागत

● जिला न्यायालय ने सुनाई थी फांसी की सजा

संवाददाता। चित्रकूट

**दस्यु** ददुआ के दाहिने हाथ रहे दस्यु राधे उर्फ सूबेदार की 14 साल 11 महीने जेल काटने के बाद जिला कारागार रगौली से रिहाई हो गई। यह दुर्दान्त डकैत ददुआ का बेहद खास रहा है। राधे की रिहाई हाईकोर्ट के आदेश पर सजा पूरी करने के बाद सशर्त हुई है। उसे एक मामले में जिला न्यायालय से फांसी की सजा हुई थी, जिसे हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था।

सोमवार को देर शाम दस्यु राधे की जिला कारागार से रिहाई हुई। यूपी-एमपी के बीहड़ में तकरीबन चार दशक तक आतंक के पर्याय रहे दस्यु सूबेदार सिंह उर्फ राधे को दस्यु ददुआ का दाहिना हाथ माना जाता था। राधे मूलरुप से कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सपहा गांव का निवासी है। उसने आतंक के बूते जंगल किनारे बसे बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव को अपना खास ठिकाना बनाया था। डकैत ददुआ को एसटीएफ ने 22 जुलाई 2007 को मानिकपुर थाना क्षेत्र के झलमल जंगल के समीप मार गिराया था। इसके बाद राधे अपने कुछ बचे साथियों के साथ करीब डेढ़ वर्ष तक पाठा के बीहड़ में गैंग बनाकर



टहलता रहा। वह साढ़े तीन लाख का ईनामी घोषित होने के बाद यूपी एसटीएफके निशाने पर आ गया था।

बताते हैं कि दस्यु राधे ने अपनी जान बचाने की गरज से मानिकपुर के एक नेता के जरिये नाटकीय ढंग से सतना जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में 24 फरवरी 2008 को आधा दर्जन साथियों के साथ सरेंडर हो गया था। इसके बाद राधे को बांदा जिला कारागार लाया गया। जेल से स्थांतरित होने के बाद उसे जिला कारागार रगौली में रखा गया। राधे पर यूपी-एमपी के थानों में सौ से ज्यादा गम्भीर अपराधों के मामले दर्ज थे। जिला कारागार रगौली से सोमवार की देर शाम हाईकोर्ट के आदेश पर उसे रिहा किया गया। एसपी वृन्दा शुक्ला ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर राधे को जिला कारागार से छोड़ा गया है। राधे को नरसंहार के मामले में जिला न्यायालय से फांसी की सजा हुई थी, जिसे हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था। ये सजा पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने रिहा करने के आदेश दिये थे। चार दशक तक पाठा के बीहड़ों में यूपी-एसपी सरकार को चुनौती देने वाले डकैत ददुआ की बादशाहत यूं ही नहीं कायम रही, बल्कि इसके पीछे डकैत राधे ही मास्टर माइंड रहा है। लौघटा में चन्दन यादव का सिर काटकर गांव में घुमाना या फिर क्षेत्र के जाने-माने मडैयन के पूर्व प्रधान देवकुमार करवरिया का अपहरण व मऊ गुरदरी में ट्रैक्टर समेत पिता-पुत्र को जिन्दा जलाने की वारदात अंजाम देने में राधे ही सूत्रधार रहा है।

डकैत राधे का पाठा के बीहड़ में इस कदर आतंक रहा कि पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा व लोकसभा चुनाव में उसके फरमान चलते रहे हैं। तकरीबन दो दर्जन ग्राम पंचायतों में प्रधान से लेकर आधा दर्जन जिला पंचायत सदस्य बनाने में उसकी दखलंदाजी रही है। उसकी पत्नी सत्यवती शीतलपुर से कई बार निर्विरोध प्रधान व भाई तथा भतीजा को जिला पंचायत का सदस्य बनवाया था।

# ई-केवाईसी किसानों को मिलेगा किसान सम्मान निधि का लाभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● झटपट करा लें ई-केवाईसी, वरना नहीं मिलेगी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त

**केंद्र** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी कृषकों का ई-केवाईसी किए जाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत समस्त कृषकों का ई-केवाईसी होना जरूरी है, परन्तु जनपद खीरी में अभी तक मात्र 67 प्रतिशत कृषकों का ही ई-केवाईसी हो पाया है, जबकि 33 प्रतिशत कृषकों (217986) की ई-केवाईसी की प्रक्रिया अवशेष है। भारत सरकार ने यह निर्देश दिया है कि जनवरी माह में मिलने वाली अगली किस्त का भुगतान केवल उन्ही कृषकों को किया जायेगा, जिनकी ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने कहा कि पीएम किसान पोर्टल के मुताबिक पीएम किसान के रजिस्टर्ड किसानों के लिए ईकेवाईसी जरूरी है। इसमें किसानों को सलाह दी कि आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण के लिए किसान कॉर्नर में ईकेवाईसी विकल्प पर क्लिक करें और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए निकटतम सीएससी केंद्रों से संपर्क करें। उन्होंने सभी कृषक भाईयों से अनुरोध किया कि जिन्होंने अभी तक अपने पीएम किसान पंजीकरण का ई-केवाईसी नहीं कराया है, वह स्वयं अथवा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से अपना ई-केवाईसी 15 जनवरी तक अवश्य पूर्ण करा लें। अन्यथा पीएम किसान योजना में मिलने वाली अगली किस्त का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

# कर्ज से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली।** बुजुर्ग ग्रामीण ने कर्ज से परेशान होकर टिन सेट में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लेने पर पता चला कि थाना बिथरी चौनपुर के गांव मोहनपुर उर्फ रामनगर निवासी 60 वर्षीय राम भरोसे पुत्र सुम्मेरी लाल कर्ज से परेशान चल रहे थे। मृतक के बेटे ने बताया कि पिता राम भरोसे पर कर्जा हो गया था जिसकी वजह से वे बहुत परेशान चल रहे थे। उसी मन:स्थिति में उन्होंने रात्रि में घर में पड़े टीन सेट की बल्ली से रस्सी के द्वारा फांसी लगा कर अपनी जान दे दी।
सुबह जब वह नहीं जागे तो परिवार वालों को चिंता हुई उन्होंने वहां जाकर देखा तो पाया कि राम भरोसे फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने थाना बिथरी चौनपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा।

## फरार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** लंबे समय से फरार चल रहे एक अपराधी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी शिवनारायण के 28 वर्ष के लड़के विसंबर गंगवार को आज पुलिस ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव टिटौली अंडर पास के करीब गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए विसंबर पर थाने में गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसको गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी और आज मुखबिर की सूचना के बाद उसे गिरफ्तार कर दिया और जेल भेजा।

## औचक निरीक्षण कर डीएम अभिषेक आनंद ने लिया ठंड से बचाव के इंतजाम का जायजा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा स्थाई रैन बसेरा सीतापुर, अस्थाई रैन बसेरा बस स्टैंड, स्टेशन रोड में संचालित रैन बसेरा व अलाव का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा सोमवार की रात्रि में नगर पालिका परिषद कर्वी में संचालित स्थाई व अस्थाई रैन बसेरा सीतापुर, बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, व अलाव का आकास्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रवासियों को कंबल भी वितरण किया। निरीक्षण के दौरान अलाव जलता हुआ पाया गया तथा रैन बसेरा में बिस्तर, गददा, रजाई व प्रकाश की सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरूस्त पायी गयीं। मौके पर प्रवासी रैन बसेरा में उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी को निर्देश दिए कि साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए।

## नगर में तीन बच्चों की मौत पर जागा स्वास्थ्य विभाग

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी नगर के मोहल्ला नई बस्ती में बच्चों की मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सरैया और नयी बस्ती मे डाक्टरो की चार टीमें बच्चों का निरीक्षण कर टीके और दवाइयों को देने मे लगी हैं। खसरे जैसा कोई भी मरीज नहीं मिला। वही मोहल्ले में साफ सफाई का कोई ध्यान नही रखा गया है। मोहल्ले में जहां गंदगी का प्रकोप देखने को मिला वहीं अंधविश्वास जैसी घटना भी सामने आई है। दवा न ले झाड़फूक पर विशेष रहा फोकस, स्वास्थ अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा ने बताया कि डाक्टरों की चार टीमें पूरे मोहल्ले में बैठ कर बच्चों का परीक्षण कर रही हैं तथा टीके लगाने के साथ-साथ दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। वही मेरे माध्यम से भी निरीक्षण किया गया है और टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा, उन्होंने बताया कि मोहल्ले में खसरे जैसी बीमारी का कोई प्रकोप नहीं है, न ही कोई मरीज मिला है, बुखार और दस्त की वजह से बच्चों की जान गयी है।

# अपहरण के मामले में फरार आरोपी ने की आत्महत्या

संवाददाता। बरेली

● अलीम ने कुछ दिन पहले अपने ही गांव में रहने वाली दूसरे समुदाय की एक लड़की का अपरहण किया था

● रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने लड़की को दिल्ली से बरामद कर लिया

**गांव** की रहने वाली दूसरे समुदाय की लड़की के अपहरण के मामले में फरार चल रहे एक युवक ने बदायूं स्थित एक गेस्ट हाउस में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के हाइक एंक्लेव निवासी 25 वर्षीय अलीम ने बीती रात बदायूं के सिविल लाइंस स्थित लावेला गेस्ट हाउस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक के एक हाथ में पिस्तौल और दूसरे हाथ में उस लड़की का फोटो था जिसके अपहरण के मामले में वह फरार था पुलिस के अनुसार अलीम ने कुछ दिन पहले अपने ही गांव में रहने वाली दूसरे समुदाय की एक लड़की का अपरहण किया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने लड़की को दिल्ली से बरामद कर लिया और उसके परिजनों के हवाले कर दिया लेकिन अलीम को पुलिस गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया और कुछ दिनों से बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्थित लावेला गेस्ट हाउस में अपने दोस्त बदायूं ककराला थाना क्षेत्र के गांव अलापुर निवासी आलम के साथ रह रहा था।

## सऊद आसिफ को लंदन की यूनिवर्सिटी से मिली एलएलएम की उपाधि

**बरेली।** हिंदी दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ ब्यूरो चीफ के बेटे को लंदन की यूनिवर्सिटी से एल एल एम की उपाधि प्राप्त हुई है पत्रकार के बेटे



सऊद आसिफ को लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से एल एल एम की उपाधि मिली है सऊद आसिफ उपाधि प्राप्त कर बरेली का नाम रोशन किया है। सऊद आसिफ की प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस स्कूल से हुई और इनवर्टिस यूनिवर्सिटी से बी ए. एलएलबी की बैचलर की डिग्री प्राप्त करने के बाद लंदन की यूनिवर्सिटी में एलएलएम के लिए दाखिला लिया। क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से एलएलएमकी डिग्री आज विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में प्रदान की गई।

# डिफाल्टर के दो दिन पहले लगायें आख्या: एसपी

● पांच पर गुण्डाएक्ट लगने से अपराधियों मे मची खलबली

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने पांच लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

मंगलवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने आम जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले भुल्लर उर्फ राजेन्द्र, बादा उर्फ नानबाबू पुत्रगण छोटा सोनकर, महेन्द्री उर्फ महेन्द्र पुत्र बादा सोनकर निवासी शिवनगर कस्बा मानिकपुर व रामस्वरुप पुत्र केशव प्रसाद निवासी डांडीकोलान बराहमाफी, राकेश कोल पुत्र डब्बू निवासी बराहकोलान मजरा निही चिरैया के खिलाफ यूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधी तत्वों में खलबली मची है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पुलिस कार्यालय एवं थानों में आईजीआरएस का कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ हुई गोष्ठी में कहा कि सन्दर्भ डिफाल्टर होने के दो दिन पहले आख्या लगायें। सन्दर्भ पुन: प्राप्त हो तो आईजीआरएस कार्यालय को बतायें। आईजीआरएस सन्दर्भों में समय के अन्दर जांच आख्या लगाकर निस्तारित करायें। आईजीआरएस सन्दर्भ मिलने पर संबंधित दरोगा को तत्काल देकर समय से जांच आख्या उपलब्ध कराने को बतायें। थाना प्रभारी को प्रतिदिन मिलने वाले सन्दर्भों की जानकारी दें। डिफाल्टर होने वाले सन्दर्भों में संबंधित को बताते हुए डिफाल्टर दिनांक से पहले आख्या अपलोड करें।

## प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिये मण्डलीय टीम का हुआ चयन, टीम रवाना

संवाददाता। चित्रकूट

**क्षेत्रीय** क्रीड़ा अधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल बांदा विजय कुमार ने बताया कि मण्डलीय चयन अंडर 19 फुटबाल प्रतियोगिता का चारों जिलों के प्रतिभागियों का चयन ट्रायल चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। चारों जिलों के 10-10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयन ट्रायल में निर्णायकों की भूमिका में एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, खेल प्रभारी श्यामसुन्दर यादव, व्यायाम शिक्षक भरत तोमर, अख्तर हुसैन आदि मौजूद रहे। चयनित खिलाड़ियों में अंकुश कुमार, हिमांशु सिंह, कैप्टन सूरज, गौरव दोहरे, प्रिंस कुमार, सावन वर्मा, वीरेन्द्र अनुरागी, सौरभ चौरसिया, सुधांशु त्रिपाठी, आदित्य, अनुराग सिंह चौहान, नीतेन्द्र प्रताप सिंह, आनन्द कुशवाहा, रमन यादव, हर्षित धुरिया, गोल कीपर अनुराग शुक्ला एवं स्टैण्ड बाई में तुषार करवरिया शामिल रहे।

# पेज एक का शेष

## 55 यात्रियों...

सवार 55 यात्रियों को लिए बगैर ही विमान रवाना होने के मामले में गो फर्स्ट को मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीजीसीए ने बयान में कहा कि इस मामले में सही तरीके से सूचना नहीं देने, समन्वय और पुष्टि की कमी जैसी कई गलतियां हुईं। इस वजह से ही ऐसी स्थिति पैदा हुई जो नहीं होनी चाहिए थी। डीजीसीए ने एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी एवं प्रबंधक को भेजे गए कारण बताओ नोटिस में कहा है कि निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। एयरलाइन को दो सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा गया है।

## मॉस्को से...

गुजारी। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट किया, अंत भला तो सब भलाउ अजूर एयर (उड़ान संख्या) 4501 ने वायु सेना स्टेशन जामनगर से अपनी यात्रा फिर से शुरू की, जहां बम की धमकी के कारण सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय होने के बाद इसे कल रात डायवर्ट कर दिया गया था। उसने कहा कि विमान के उतरने के बाद वायुसेना सुरक्षाकर्मी विमान को सुरक्षित इलाके में ले गए और यात्रियों व चालक दल के सदस्यों के सही-सलामत बाहर निकाला गया। वायुसेना ने यह भी कहा कि एनएसजी बम निरोधक दस्तों ने विमान और व्यक्तिगत सामान की जांच की जिसके बाद उसने अपने गंतव्य-डाबोलिम हवाई अड्डे, गोवा के लिए उड़ान भरी। जामनगर के पुलिस अधीक्षक प्रेमसुख डेलू ने पीटीआई-भाषा को बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अहमदाबाद और दिल्ली के एनएसजी के दलों ने यात्रियों के सामान समेत विमान की तलाशी ली, जो मंगलवार को सुबह पूरी हुई।

## जोशीमठ में...

माध्यम से इस बारे में पता चला है। उन्होंने मांग की कि होटल गिराने से पहले उन्हें एकमुश्त निपटान के लिए प्रशासन की ओर से आश्वासन मिलना चाहिए। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कस्बे के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लोगों की जान बचाने के लिए विध्वंस की कार्रवाई की जा रही है। आपदा प्रबंधन के सचिव रंजीत सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की को होटलों को गिराने के काम में लगाया गया है। लोगों को घरों से निकालने का काम जारी है। अब तक कुल 131 परिवार अस्थाई राहत केंद्रों में पहुंच गए हैं। जोशीमठ में दरार पड़ने और जमीन धंसने से प्रभावित घरों की संख्या 723 हो गई है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की चमोली इकाई ने मंगलवार को एक बुलेटिन में यह जानकारी दी। क्षेत्र में 86 घरों को असुरक्षित चिह्नित किया गया है। जिला प्रशासन ने ऐसे घरों के बाहर लाल निशान लगा दिए हैं।

## प्रभावित लोगों...

जांचों को एक समन्वित एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने एनसीएमसी को वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी और बताया कि गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) और राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान ने स्थिति का आकलन करने के लिए 6-7 जनवरी को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने समिति को बताया कि सीमा प्रबंधन सचिव के नेतृत्व में गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम वर्तमान में स्थिति के आकलन के लिए जोशीमठ में है।

## एटीएम पर...

से पूछताछ के दौरान पता चला कि शाम 4.50 बजे जगतपुर फ्लाईओवर के पास आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम बूथ पर कैश भरने के लिए जैसे ही वैन आकर रुकी, पीछे से एक बदमाश आया और कैश वैन के गार्ड पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गार्ड वहीं ढेर हो गया, जबकि बदमाश रकम लेकर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि संदेह है कि आरोपी करीब आठ लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है और संदिग्ध की पहचान करने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। कार्यालय द्वारा भेजे गए कार्ड में भी यही लिखा गया था।

## बेंगलुरु में...

हुए उन्होंने कहा कि जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त, बेंगलुरु पूर्वी भीमाशंकर एस गुलेद ने कहा कि लोहित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जाएगी। हादसे के बाद कुछ वक्त के लिए मार्ग पर जाम भी लग गया था। हादसे के वक्त उस मार्ग से कई वाहन गुजर रहे थे।

## सेना पर...

ऐसे अपराध करने के लिए आपराधिक साजिश से संबंधित है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार जेएनयूएसयू की पूर्व नेता पर अपने ट्वीट के माध्यम से विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने और सौहार्द बिगाड़ने वाले कार्यों में शामिल होने का आरोप है। शेहला के 18 अगस्त, 2019 के ट्वीट में सेना पर कश्मीर में घरों में घुसकर स्थानीय लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि सेना ने इन आरोपों को आधारहीन बताते हुए इन्हें खारिज कर दिया था।

## यूक्रेन विवाद...

भाग लेने नई दिल्ली आएंगे। इस ताकतवर ग्रुप की बैठक एक और दो मार्च को होगी। कई विदेशी नेता दो और चार मार्च को होने वाले रायसीना डायलॉग में भाग लेने भारत आएंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल भी अगले कुछ महीनों में भारत यात्रा पर आ सकते हैं। भारत और सऊदी अरब के अधिकारी सऊदी राजकुमार तथा प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सउद की द्विपक्षीय यात्रा पर काम कर रहे हैं।

## जलवायु संकट...

बुरे प्रभावों का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में आई बाढ़ से 33 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें 1,700 से अधिक लोग मारे गए और 1.8 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को अपना प्रमुख एजेंडा बनाने वाले गुतारेस ने विकसित देशों को पिछले साल मिस्र में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में किए गए अपने वादे को पूरा करने की याद दिलाई और कहा कि वे जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए विकासशील देशों में निवेश करें। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को दोगुने वित्तीय सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता निभनी चाहिए और बिना देरी किए 100 बिलियन के लक्ष्य को पूरा करना चाहिए।

## पिछले साल...

(95.64 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) दूसरे नंबर पर और उत्तर प्रदेश का गाजियाबाद (91.25 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) तीसरे नंबर पर हैं। पीएम 2.5 प्रदूषक ज्यादा घातक होते हैं क्योंकि इनका आकार (व्यास) 2.5 माइक्रॉन से भी छोटा होता है और ए फेफड़े तथा रक्त नलिकाओं में प्रवेश कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम 10 प्रदूषकों के मामले में गाजियाबाद (217.57 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) पहले स्थान पर रहा जबकि फरीदाबाद (215.39 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) दूसरे और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (213.23 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) तीसरे स्थान पर रही। गाजियाबाद 2021 में पीएम 2.5 प्रदूषकों के मामले में पहले और पीएम 10 के स्तर के हिसाब से पहले स्थान पर था। देश में फिलहाल पीएम 2.5 की औसतन मात्रा 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर और पीएम 10 की मात्रा 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला का कहना है कि देश भर के शहरों में वायु प्रदूषण स्तर के ट्रेंड के विश्लेषण से पता चलता है कि 2022 में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है।

# क्रेता-विक्रेता की फोटो लगाकर स्टांप चोरी पर लगायें लगाम

## ● कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कर करेत्तर राजस्व व चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने व्यापार कर, स्टांप और रजिस्ट्रेशन, परिवहन, आबकारी, विद्युत, बैंक व्यय, मंडी, नगरपालिका आदि की बिंदुवार समीक्षा की।

बैठक में डीएम ने वाणिज्य कर अधिकारी से कहा कि पिछले साल की अपेक्षा लक्ष्य कम है जो असंतोष जनक है, इसे और बढ़ाएं। उन्होंने कहा जो पोर्टल पर आरसी है उसको देख लें कि कितनी एक्टिव है उसको आप पार्टी को न भेजकर संबंधित उप जिलाधिकारी को भेजें। स्टांप और रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत उन्होंने कहा कि स्टांप चोरी पर लगाम लगाएं। कहा कि क्रेता और विक्रेता की दोनों फोटो साथ लगनी चाहिए। परिवहन में लगभग लक्ष्य प्राप्ति पर उन्होंने सराहना की। कहा कि रिक्शा बेचने वाले विक्रेताओं से मीटिंग कर जो रिक्शा बेचे जाते हैं उनका रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने एआरटीओ प्रवर्तन को कहा कि जिन पुराने रिक्शों का अभी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ, उन्हें कराएं। जिलाधिकारी ने विद्युत के संबंध अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को कहा कि आरसी को देख लें कि एक्टिव है कि नहीं, इसको निस्तारण कराएं । जिला आबकारी अधिकारी से उन्होंने कहा कि इसमें अच्छा करने का प्रयास करें। खनन के अंतर्गत उन्होंने कहा कि रॉयल्टी कितनी बाकी है उसको क्लियर कर वसूली कराएं। उन्होंने कहा कि जो बड़ी आरसी है उसका निस्तारण कराएं। मंडी सचिव को उन्होंने कहा कि मऊ में जो मंडी बनी है, संचालित नहीं है किसी अन्य संस्था को देकर उसे चलाएं।

इसके बाद विद्युत उपभोक्ताओं की शत-प्रतिशत बिलिग लंबित आरसी वसूली की समीक्षा बैठक हुई। बिलिंग व वसूली के संबंध में उन्होंने कहा कि इसमें कटिया मार कनेक्शन के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करें।

उन्होंने राजापुर एक्सियन से कहा कि आप लोग मानिटरिग करें नहीं तो आप के खिलाफकार्रवाई होगी। मीटर रीडर की समस्या हर जगह है इसमें वसूली बढ़ाएं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि आरसी का मिलान कराएं नहीं तो एक्सियन व बाबू का वेतन रोक दें। उन्होंने कहा जो विजिलेंस टीम रेड पर जाती है, उनकी शिकायतें जनप्रतिनिधि करते हैं। ऐसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा जो रेड पड़ती है उसके एक महिने की डाटा को चेक कराएं एवं अपनी कार्यशैली में सुधार करें।

# बेसिक शिक्षकों का वेतन न मिलने पर 13 से होगा क्रमिक अनशनः अखिलेश पाण्डेय



संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने एसडीएम सदर राजबहादुर को सौंपे पत्र में चेताया है कि बेसिक शिक्षकों का वेतन भुगतान न होने पर 13 जनवरी से शिक्षक क्रमिक अनशन को बाध्य होंगे। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग ने एसडीएम सदर राजबहादुर को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षकों का दिसम्बर 2022 का वेतन न मिलने से शिक्षकों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। त्योहार व बच्चों की पढ़ाई, बैंक लोन, ईएमआई आदि कार्यों में समस्या खड़ी हो गई है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों प्रयागराज, बांदा, कौशाम्बी में दिसम्बर 2022 का वेतन एनपीएस कटौती के भुगतान किया जा चुका है। 25 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश होने से सैकड़ों शिक्षकों के जिले से बाहर होने के चलते शत-प्रतिशत प्रान आवंटन फार्म जमा हो पाना सम्भव नहीं हो रहा है।

# समय से कार्य पूर्ण न होने पर फर्म पर लगायें एक लाख का जुर्माना : डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने रुर्बन मिशन योजना के तहत मऊ कलस्टर में निर्माणाधीन पुष्टाहार उत्पादन केन्द्र शेषासुबकरा एवं पर्यटन सुविधा केन्द्र छिवलहा का औचक मुआयना कर उत्पादन केन्द्र में एक माह से लेंटर पड़ने के बाद इमारत में फ्लोरिंग व प्लास्टर का कार्य न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने परियोजना निदेशक व एक्सईएन लोनिवि खण्ड एक को कड़े निर्देश दिये कि संबंधित फर्म मां वैष्णो ट्रेडर्स पर एक लाख रुपये की पैनल्टी लगाई जाये।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने औचक निरीक्षण कर मां वैष्णो ट्रेडर्स को चेताया कि कल से कार्य शुरु न होने पर प्रतिदिन पैनाल्टी लगाई जाये। अभी तक चहारदीवारी का कार्य भी पूरा नहीं हुआ। इस कार्य में भी तेजी लाई जाये। जो ईंट व अन्य सामग्री प्रयोग की जाती है, उसके नमूने लेकर लैब भेजकर जांच करायें। जिलाधिकारी ने पर्यटन सुविधा केन्द्र में कार्य धीमी गति से मिलने पर सहायक अभियंता राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि संबंधित फर्म हाईवे ट्रेडर्स के कार्य में तेजी न आने पर प्रतिदिन पचास हजार रुपये की पैनाल्टी लगाई जाये।

परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय ने बताया कि राजकीय निर्माण निगम कर्वी व मऊ में जो कार्य करा रहे हैं, कोई प्रगति नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन्हें नोटिस देकर कार्य शुरु न करने पर निर्माण निगम के अधिकारियों को जो कार्य का सेस कटता है, उसमें भी कटौती की जाये।

# भाजयुमो 12 को यंग रन फॉर इंडिया कार्यक्रम करेगी आयोजित

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**भाजपा** जिला मुख्यालय पर भाजयुमो की बैठक जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों के सामने रूपरेखा रखी गई।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला ने बताया कि 12 जनवरी को टाउनहॉल से आवास विकास भाजपा कार्यालय तक यंग रन फॉर इंडिया कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को शामिल कर दौड़ को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां दी गई है। आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अभी से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यक्रमों की भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यंग रन फॉर इंडिया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया जाएगा एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र व प्रदेश के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री राहुल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख राजेपुर पल्लव सिंह सोमवंशी, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, विक्रांत तिवारी, राजीव मिश्रा,अंकित तिवारी, सनी ठाकुर, हिमांशु खटीक, मयंक गुप्ता ,सिद्धांत सिंह, कशिश कटिहार, रानू दीक्षित ,नीरज दीक्षित, अभय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य महिला हाकी प्रतियोगिता का जिलाधिकारी करेंगे ब्रह्म दत्त दिवेदी स्टेडियम में उद्घाटन

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**राज्य** महिला हाकी प्रतियोगिता का उद्घाटन 12 जनवरी को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ब्रह्म दत्त दिवेदी स्टेडियम में करेंगे। उद्घाटन मैच मेरठ स्पोर्ट्स हास्टल एवं मानसी फाउंडेशन भदोही की टीमों के बीच खेला जायेगा। इससे पूर्व प्रतियोगिता की ट्राफी का अनावरण 11 जनवरी को डीएम द्वारा किया जायेगा।

जिला ओलंपिक संघ एवं फर्रुखाबाद हाकी संस्था द्वारा आयोजित तथा ज्ञान डेयरी द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय नारी शक्ति महिला आमंत्रण हाकी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स हास्टल गोरखपुर, सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल, झांसी एलेविन जैसी दस नामी गिरामी टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में तय किया गया कि प्रतियोगिता की चल बेयजंती यानी ट्राफी का अनावरण 11 जनवरी को कलक्टरेट में जिलाधिकारी करेंगे।

आयोजन समिति के सचिव अवनींद्र सक्सेना ने बताया कि सभी आने वाली टीमों की सहमति मिल गई है। नाक आउट आधार पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में तीन महिला एवं चार पुरुष अंपायर, उत्तर प्रदेश टेक्निकल हाकी कमेटी लखनऊ द्वारा हाकी मैच खिलाने आयेंगे। सचिव ने बताया कि विजेता टीम को 51हजार तथा उपविजेता टीम को 31हजार रूपये की धनराशि नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान की जायेगी। इसके अलावा सभी टीम मैनेजरों एवं कोच को स्मृति चिन्ह, विजेता एवं उपविजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को विशेष पुरस्कार से नवाजा जायेगा।

संयुक्त सचिव अफजल अहमद ने बताया कि समापन अवसर पर जनपद के उन महिला खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा जिन्होंने किसी भी खेल में राज्य स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया हो। हाकी के दो पूर्व खिलाड़ियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जायेगा। प्रतियोगिता का समापन 15 जनवरी को एक बजे ब्रह्म दत्त दिबेड़ी स्टेडियम में होगा।

बैठक में कलाम आजाद, श्रम विभाग के राज्य समन्वयक रिजवान अली, लक्ष्मण टंडन,नीतीश सक्सेना,अरशद अहमद खान,नवाब सिद्दकी, मो हलीम कुरैशी,सुरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

## ● छात्राओं को वितरित किया स्मार्टफोन, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

संवाददाता। हमीरपुर



**आज** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल आरपी सिंह ने वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से करें । मंडलायुक्त ने उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्राओं ईशा, मनीषा ,नेहा ,निशा ,नगमा ,प्राची आदि को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने इस मौके पर जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल भी वितरित किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि आयोगों के प्रकरणों में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी ना रहे, इनका प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए ।

उन्होंने एसडीएम कोर्ट ,तहसीलदार कोर्ट आदि के वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की तथा कहा कि विभिन्न भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कोई भी वाद 5 वर्ष से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए, इनको चिन्हित कर तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि भूखंडों के पैमाइश संबंधी वादों को पैमाइश कराकर निस्तारण किया जाय।

पैमाइश के दौरान सभी पक्षकारों को अनिवार्यतः इसकी सूचना रहे। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह , जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चद्र, समस्त एसडीएम व तहसीलदार,प्रशासनिक अधिकारी, नाजिर, विभिन्न पटलों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसान की ठंड से मौत, मचा कोहराम

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के ग्राम सिसोलर में मंगलवार की सुबह खेत में पानी लगाते समय एक किसान ठंड की चपेट में आ गया जिसकी घर पहुंचते ही मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र सिसोलर निवासी महेश्वरी दिन प्रजापति (53) पुत्र महंगू मंगलवार को तड़के अपने खेत में पानी लगा रहा था तभी ठंड लगने के कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसके चलते उसने तुरंत अपने घर पहुंच यह बात परिजनों को बताई जिस पर उसके परिजनों ने आग जला व उसे गरम चाय पिला महेश्वरी को राहत देने का प्रयास किया लेकिन चाय पीते ही महेश्वरी दिन को उल्टी हुई और देखते ही देखते उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर सिसोलर पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# महाविद्यालय की प्राचार्या ने परिसर के दो दर्जन हरे पेड़ काट, गायब की लकड़ी

## ● वन विभाग ने कहा कि नहीं ली गयी अनुमति

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**मौदहा** कस्वा स्थित राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या ने वृक्षों की रखवाली करने के बजाय परिसर में खड़े दो दर्जन हरे पेड़ काट कर जब्त कर लिये है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। विना डीएफओ के अनुमति के महाविद्यालय की इंचार्ज प्राचार्या ने परिसर स्थित नीम, कंजी, यूकेलिप्टस सहित बबूल के वृक्षों की कटाई कर बेशकीमती लकड़ी को जब्त कर लिया है। बन विभाग से परमीशन लेने की उनकी बात भी उस समय झूठ साबित हो गयी जब वन क्षेत्राधिकारी संजीव तिवारी ने इस बात का खुलासा कर दिया कि प्राचार्या ने विभाग से कोई अनुमति नही ली है। प्राचार्या ने महाविद्यालय के ग्राउंड सफाई के नाम पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से जेसीबी मशीन तथा मजदूर की मांग कर पेड़ों की डाली और छोटी छोटी लकड़ी को एक तरफ जमा कराया गया तो वहीं भारी भरकम पेड़ वहां से गायब कर दिए गए। प्राचार्या द्वारा इतना संवेदनहीन कार्य करने से समस्त स्टाफ सकते में आ गया। नगर पालिका मौदहा के अधिशाषी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि वहां की इंचार्ज प्राचार्य द्वारा ग्राउंड सफाई करा खेलकूद प्रतियोगिता कराए जाने की बात उन्हें बताई गई थी जिस पर उन्होंने नगर पालिका से जेसीबी तथा सफाईकर्मी वहां नियुक्त कर दिए थे, बाकी पेड़ों की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उनका मानना है कि प्राचार्या ने उनको अंधेरे में रखा है। यह मामला प्रशासनिक गलियारें में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि प्राचार्या का कहना है कि उन्होने बन विभाग की अनुमति ली है।

# आदर्श व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपे ज्ञापन

## ● शहर में अधिक ई-रिक्शा संचालन पर प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग

**फतेहपुर।** शहर में अत्यधिक ई-रिक्शा संचालन को रोके जाने व प्रत्येक माह व्यापार बंधु की बैठक कराये जाने की मांग को लेकर फतेहपुर आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपे। फतेहपुर आदर्श व्यापार मंडल के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित दो ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर बताया कि शहर में जाम की स्थिति जटिल हो गई है। ऐसी हालत में अगर आम जनता को अस्पताल, स्कूल या अन्य स्थल जाना पड़ गया तो वे समय से नहीं पहुंच पाते। शहर के अंदर ई-रिक्शा मानक से ज्यादा हो गये हैं। जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। वर्तमान समय में दस से पंद्रह हजार ई-रिक्शा शहर के अकुशल चालकों द्वारा चलाये जा रहे हैं। मांग की कि जाम की समस्या को देखते हुए शहर में एआरटीओ द्वारा तत्काल प्रभाव से ई-रिक्शा के पंजीकरण पर रोक लगाई जाये और अकुशल चालकों को मानक से अत्यधिक सवारी को बैठाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये। ताकि शहर के अंदर आम जनमानस को जाम से रास्ता मिल सके। दूसरे ज्ञापन में व्यापार बंधु की बैठक का मामला उठाया गया। ज्ञापन में कहा कि बैठक आयोजित न होने से व्यापारियों को आने वाली समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। शासन के निर्देशानुसार पिछले माह अन्य जनपदों में बैठक कराई गई है। पूर्व में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया था परन्तु जीएसटी उपायुक्त ने कोई बैठक नहीं बुलाई और न ही समस्याओं का समाधान किया।

# समस्या को लेकर भाकियू ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

## ● जब तक मांग पूरी नहीं होगी धरना प्रदर्शन नहीं समाप्त करने की चेतावनी

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया। इस मौके पर यूनियन के नेताओं ने कहा कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होंगी। यह धरना प्रदर्शन लगातार चलता रहेगा। नगर के लंका रोड स्थित यूनियन कार्यालय परिसर में भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। धरना प्रदर्शन को मुख्य अतिथि,यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि कस्बे में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता का कार्यालय खुलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य स्थानों पर खागा आदि में विद्युत विभाग के अभियंता का कार्यालय खुला है लेकिन यहां नहीं खुला जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धरना प्रदर्शन में यूनियन के प्रयागराज मंडल के उपाध्यक्ष रामसहाय पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक समस्या आवारा मवेशियों की है। आवारा मवेशियों के कारण किसान परेशान है। आवारा मवेशी फसलों का लगातार नुकसान कर रहे हैं। इस कड़ाके की ठंड में किसान रात रात भर जागकर आवारा मवेशियों को हटाने का काम कर रहा है लेकिन शासन प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को लेकर पूरी तरह से चुप्पी साधे बैठा है।

यूनियन के लोग अब शांत बैठने वाले नहीं है। इस मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने का काम किया जाएगा। वही इस मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष अशोक उत्तम ने कहा कि रात को बिजली की कटौती भीषण हो रही है, जिसके चलते चोरियां हो रही है, लोग परेशान हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से निरंकुश हो चुके हैं। विद्युत विभाग के खिलाफ भी जल्दी धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा और यदि विद्युत आपूर्ति सही नहीं हुई तो विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भी पावर हाउस में आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों को बनवाने की मांग किया।

# मारपीट कर लूटपाट के मामले में चार भाइयों पर मुकदमा

**फतेहपुर।** मारपीट कर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चांदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बिलारी निवासी महेश गुप्ता ने एफआईआर में बताया कि 16 सितंबर 2022 की शाम पड़ोस के नीलू गुप्ता, लखन गुप्ता, भीम गुप्ता, ऋषि गुप्ता लाठी डंडा और असलहा से लैस होकर घर के बाहर गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। शोरशराबा सुनकर लड़के विकास और विमल बाहर आये तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपियों ने परचून की दुकान में घुसकर तोड़-फोड़ की। दुकान में रखे 4 हजार रुपया लूट ले गए।

मारपीट में वह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की शिकायत थाने में की। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण भी कराया किंतु रिपोर्ट नहीं दर्ज की। जिसके बाद पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

# नेकी की राह पर चल पड़ा फतेहपुर का युवाः सचान

## ● धूमधूम से मनाया गया युविस का 7वां वार्षिकोत्सव

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन स्थित मैरिज लांन में युवा विकास समिति का सातवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने चालीस समाजसेवियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश राकेश का समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित तिवारी, संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने संयुक्त रूप से प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवा विकास समिति जबसे बनी और सेवा कार्य शुरू किया वह तबसे हमसे जुड़े है।

समिति का हर प्रयास सेवा कार्य के लिए होता है। अब जिले का युवा नेकी की राह पर चल पड़ा है। वह स्वयं अचंभित रहते हैं कि सड़क के गड्ढे भरने, गरीबों को कपड़े उपलब्ध कराने, वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा ले जाने ऐसे तमाम कार्य जो वह स्वयं के खर्च पर करते हैं यह समाज के लिए अनुकरणीय हैं। ऐसे युवाओं की बदौलत ही जनपद के दबे, कुचले मज़लूमो के मुख्य मुद्दे सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द हम युवाओं को मुख्यधारा से जोड़कर अपने विभाग से रोजगार उपलब्ध करायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समिति युवाओं को सही राह दिखा रही है। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया।

# क्विक न्यूज

## किराने की दुकान से 20 हजार की नकदी व सामान चोरी

**फर्रुखाबाद।** बीती रात चोरों ने किराने की दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया और रफूचक्कर हो गये । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले में जाच पड़ताल की। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुदड़ी निवासी सलमान खान की बाग रुस्तम में किराने की दुकान है। बीती रात सलमान दुकान बंद कर घर चले गये थे। सुबह जब दुकान खोलने आये तो उसका ताला टूटा हुआ देखा । जब दुकान के अंदर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गये। दुकान से लगभग 20 हजार की नकदी व सामान गायब था। किराने की दुकान जिस मकान में है उस मकान का शटर चोर नहीं तोड़ पाये। चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर दुकान में दाखिल हुए और घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

## रोडवेज के रंग में रंगी हुई अवैध संचालित बस की गई सीज

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा मुखबिर खास से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर फर्रुखाबाद से अलीगंज की ओर जाने वाली एक अवैध बस को सीज किया गया। जांच करने पर पाया गया कि बस की फिटनेस 4 महीने से समाप्त थी तथा बस के ऊपर 100000 का टैक्स बकाया था। इसके अलावा बस के ऊपर रिफ्लेक्टिव टेप भी नहीं लगा हुआ था एवं बस कोहरे में संचालित हो रही थी। नवाबगंज में हुई बस दुर्घटना के उपरांत भी बस मालिक सजग नहीं हो रहे हैं इसीलिए परिवहन विभाग द्वारा कठोरतम कार्यवाही करते हुए बस को सीज किया गया है। टैक्स के अलावा बस के ऊपर 61000 की पेनल्टी लगाई गई है। सीज करके बस को बस अड्डा फर्रुखाबाद के परिसर में ही खड़ा करा दिया गया है।

## चीनी मिल कायमगंज व मंडी कायमगंज में 90 ट्रैक्टर ट्रॉली पर लगवाए गए रिफ्लेक्टिव टेप

**फर्रुखाबाद।** आज सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज में 72 ट्रैक्टर व मंडी कायमगंज में 18 ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए तथा ट्रैक्टर चालकों एवं मालिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के जीएम किशन लाल, मुख्य गन्ना अधिकारी प्रमोद यादव, यातायात प्रभारी रजनेश कुमार तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत चीनी मिल के अन्य स्टाफ के साथ मंडी सचिव दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## छत से गिरकर युवक घायल

**राठ(हमीरपुर)।** छत पर बात करते समय एक युवक असंतुलित होकर छत से गिर गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय हरिश्चंद्र पुत्र घनश्याम मंगलवार को छत पर धूप ले रहा था। तभी अचानक वह फोन पर बात करने लगा। बात करते समय युवक का संतुलन बिगड़ने पर वह छत से गिर गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डा. चतुर्भुज ने बताया कि युवक के दोनों हाथ फैक्चर हो गए हैं और सिर पर गंभीर चोटें आईं है। जिसे युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

## रोडवेज बस के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी भान सिंह पुत्र कंधीलाल ने बताया 12 दिसंबर की दोपहर भाई अजय कुमार अपनी बाइक से पनवाड़ी की ओर जा रहा था। तभी कोतवाली के सैदपुर गांव स्थित पंप के पास रोडवेज बस ने भाई को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गया और बस उसके ऊपर से निकल गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने बस चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## रोडवेड बस ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** कोतवाली के धनौरी गांव निवासी गोपाल कुशवाहा पुत्र रमसी ने बताया कि उसका पुत्र प्रकाश गांव निवासी अपने साथी शिवम और नरेंद्र के साथ 7 जनवरी को ई रिक्शा से चारा लेने खेत की ओर जा रहे थे। तभी राठ डिपो की बस ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पुत्र प्रकाश की मौत हो गई और दोनों साथी घायल हो गए। मृतक के पिता ने रोडवेज बस चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** मुस्करा थाना के बिहुंनी खुर्द गांव निवासी दयाराम चौरसिया और शिवचरण रैकवार ने बताया कि उसका पुत्र दीपक गांव के ही अपने साथी काजू के साथ विवाह पैलेस में आए हुए थे। जब दोनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। लहूलुहान अवस्था में दोनों घायल युवकों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया और काजू की हालत नाजुक होने पर झांसी रेफर कर दिया। लेकिन गोहांड पहुंचते काजू ने भी दम तोड़ दिया। तीनों घटनाओं में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

## अधेड़ की ठंड लगने से मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंर्तगत भैसौली ग्राम निवासी अधेड़ की खेतो मे पानी लगाने के दौरान ठंड से मृत्यु हो गयी। थाने में परिजन द्वारा दी गयी तहरीर में सूरज सिंह यादव निवासी ग्राम भैसोली थाना बकेवर ने बताया कि उनका भाई अनिल कुमार यादव पुत्र श्यामलाल यादव उम्र करीब 43 वर्ष विगत रात अपने खेतो में सिंचाई करने गया था, जहाँ वह गिर गया था और ठंड लगने से उसकी मौत हो गयी थी। देर रात घर वापिस न आने पर हम लोगो ने खेतो में जाकर देखा तो अनिल की मुत्यु हो चुकी थी और ठंड से उसका शरीर अकड़ गया था। थानाध्यक्ष गिरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## फांसी लगाकर युवती ने दी जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ले में मंगलवार की दोपहर 23 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार देवीगंज मोहल्ला निवासी शिवप्रसाद की पत्नी पारूल देवी आज दोपहर घर के अन्दर फांसी के फंदे पर लटक गई। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पीआरवी के हेड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत

**फतेहपुर।** पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल की हृदयघात से मौत हो गई। सिपाही की आकस्मिक मौत से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार की सुबह सिपाही की अर्थी को कंधा देकर उनके ग्रह जनपद रवाना किया गया। रायबरेली जनपद के थाना लालगंज के रघुनाथगंज निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनकर (57) खागा कोतवाली में पीआरवी-1181 में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह अचानक सीने में दर्द हुआ और सांस लेने में तकलीफ हुई तो सहयोगी पुलिस कर्मी नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन लाया गया। यहां शहीद स्मारक स्थल पर एसपी, एएसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गार्ड सलामी देकर शव को उनके ग्रह जनपद रवाना किया गया।

## सड़क सुरक्षा के प्रति छात्राओं ने किया जागरूक

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पांच जनवरी से चार फरवरी के तहत दुर्गादास के पुरवा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीके चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयां अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। मंगलवार को दुर्गादास के पुरवा में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देखा जा रहा है कि यातायात नियमों की अनदेखी के चलते लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है और बेवजह काल के गाल में समा रहे हैं। इससे समाज को जन एवं धन की हानि हो रही है। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में प्रभाव पड़ेगा। लोग यातायात नियमों के प्रति सजग व जागरूक होंगे। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला व एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## पांच से 12 तक चलेगा स्वच्छ ढाबा अभियान-शिवा कुमार

**चित्रकूट।** स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र के ढाबा-रेस्टोरेन्ट पर स्वच्छता के मानकों को पूरा करने तथा प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को जागरूक करने का प्रयास किया। मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला व सुमित गुप्ता ने पांच से 12 जनवरी तक विशेष ढाबा अभियान के तहत ढाबों में साफसफाई, कूडे का विभाजन, शौचालय की सफाई एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने पर जोर दिया। ढाबों में शासन से निर्देशित नियमानुसार बैनर लगाकर जनसहभागिता को प्रेरित किया। टीम ने रिवर व्यू रेस्टोरेन्ट्स, राही पर्यटन रेस्टोरेन्ट, अन्नपूर्णा रेस्टोरेन्ट, श्रीजी रेस्टोरेन्ट, सीता रसोई, बिन्दीराम व शंकर ढाबा आदि प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर पंजीकृत किया। इन्हें आगामी दिनों में स्वच्छ रैंकिंग के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा।

# रूस ने यूक्रेन के बखमुत शहर पर हमले तेज किए

भाषा। कीव

**रूसी बलों ने** पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर के आसपास स्थित यूक्रेनी ठिकानों के खिलाफ अपनी कार्वाई तेज कर दी है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए दावा किया कि इन हमलों में मौतों और बर्बादी का सिलसिला नए स्तर पर पहुंच गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार देर रात बखमुत और नजदीकी शहर सोलेदर के बारे में कहा, सब कुछ नष्ट हो गया है, वहां लगभग जिंदगी तबाह हो गई है। उन्होंने कहा, सोलेदर का आसपास का इलाका कब्जा करने वाले (रूस) सैनिकों की लाशों से पट गया है और हर तरफ हमले के निशान दिख रहे हैं। यह पागलपन जैसा लगता है। रूस ने करीब साढ़े 10 महीने पहले यूक्रेन पर हमला किया था और दोनेत्स्क और तीन अन्य यूक्रेनियाई प्रांतों को पिछले साल अपने में मिला लिया थाअ लेकिन उसके सैनिकों को बढ़त बनाने में संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है।



रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान बोलते हुए

यूक्रेन ने पिछले साल नवंबर में दक्षिणी शहर खेरसान पर दोबारा कब्जा कर लिया था जिसके बाद से दोनों देशों के बीच लड़ाई तेज हो गई है। उप रक्षामंत्री हन्ना मलयार ने कहा, रूस ने लड़ाई में बड़ी संख्या में सैनिकों को झोंका है। उन्होंने कहा, दुश्मन अपने सैनिकों की लाश पर बढ़त बना रहा है और तोप, रॉकेट लांचर का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर अपने ही सैनिकों को निशाना बना रहा है। कीव द्वारा नियुक्त दोनेत्स्क के गवर्नर पावलो किरलेंको ने मंगलवार को सोलेदर और बखमुत पर हमले को निर्दई करार दिया। उन्होंने टेलीविजन पर दिए बयान में कहा, रूसी सेना यूक्रेन के शहरों को मलबे में तब्दील कर रही है और इस घटिया रणनीति के लिए सभी तरह के हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। रूस बिना नियमों के युद्ध कर रहा है, जिससे असैन्य नागरिकों की मौत हो रही है और उनकी पीड़ा बढ़ रही है। रूसी कब्जे वाले दोनेत्स्क के क्रेमलिन समर्थित नेता डेनिस पुशिलिन ने मंगलवार को रूस नियंत्रित टेलीविजन चैनल से कहा कि रूसी सैनिक सोलेदर पर कब्जा करने के लिए बहुत करीब पहुंच चुके हैं, लेकिन यह बढ़त बहुत भारी कीमत चुका कर मिल रही है। उन्होंने कहा कि शहर पर नियंत्रण से बखमुत पर कब्जे की संभावनाए बेहतर होने के साथ-साथ सिवर्स्क पर और हमले में मदद मिलेगी। सिवर्स्क उत्तर में अवस्थित है और यूक्रेन का गढ़ है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को ट्वीट किया कि रूसी सैनिकों ने रूस के निजी सैन्य ठेकेदार वागनर समूह के साथ मिलकर हाल के दिनों में सोलेदर शहर में बढ़त हासिल की है।

## अर्मीनिया ने सैन्याभ्यास रद्द किया, मॉस्को के साथ दूरियां बढ़ी

**एरेवन (अर्मीनिया)।** अर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने मंगलवार को कहा कि उनके देश ने रूसी प्रभुत्व वाली सुरक्षा संधि द्वारा तैयार योजना के तहत सैन्याभ्यास की मेजबानी करने से मना कर दिया है। प्रधानमंत्री की इस घोषाणा से इंगित होता है कि अर्मीनियाई सरकार का रूस के साथ तनाव बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री पशिनयान अर्मीनिया और अलगावादी क्षेत्र नागोर्नो-काराबाख इलाके को जोड़ने वाले गलियारे मे मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने मे असफलता को लेकर लगातार रूसी शांतिरक्षकों की आलोचना कर रहे है जिसे आजरबैजान के कार्यकर्ताओ करीब एक महीने से बंद किए हुए हैं। पशियान ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अर्मीनिया का मानना है कि रूसी प्रभुत्व वाले सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ)द्वारा इस साल तैयार सैन्यभ्यास की योजना मौजूदा परिस्थितियो मे अनुचित है। उन्होंने कहा, कम से कम इस साल यह सैन्याभ्यास नही हो सकता।

# इंडोनेशिया में 7.6 की तीव्रता का भूकंप

भाषा। जकार्ता

**● ऑस्ट्रेलिया में भी महसूस किए गए झटके**

**गहरे** समुद्र में आए भीषण भूकंप के प्रभाव से पूर्वी इंडोनेशिया में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। भूकंप के झटके उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भी महसूस किए गए। नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी ने बताया कि इंडोनेशिया के तानिमबार द्वीप और दक्षिण-पश्चिम मलुकु जिलों में दो स्कूल भवनों और 124 मकानों को नुकसान पहुंचा है। एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने एक बयान में बताया, स्थानीय निवासियों को तीन से पांच सेकेंड तक भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। झटका महसूस होने पर लोगों में डर फैल गया और वे घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केन्द्र तानिमबार द्वीपसमूह के पास बांदा सागर में था जहां की आबादी करीब ।,27,000 है। 7.6 तीव्रता के इस भूकंप के झटके को पापुआ और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांतों सहित उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भी महसूस किया गया। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकीय एजेंसी ने 7.6 की तीव्रता के भूकंप के बाद सूनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे तीन घंटे बाद वापस ले लिया गया। एजेंसी के प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने बताया, भूकंप के केन्द्र के पास मौजूद समुद्री लहरों को मापने वाले उपकरणों के आंकड़ों के अनुसार, समुद्री जलस्तर में कोई बदलाव या अन्य कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी छोर के पास 105 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र गहराई में होने पर उससे सतह पर नुकसान कम होता है, लेकिन इसके झटके अधिक बड़े क्षेत्र में महसूस किए जाते हैं। जियोसाइंस ऑस्ट्रेलिया एजेंसी के अनुसार, डार्विन शहर सहित उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न स्थानों पर ।,000 से अधिक लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।

## श्रीलंकाई राष्ट्रपति की पार्टी स्थानीय चुनाव में राजपक्षे से हाथ मिलाएगी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की युनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) ने आगामी स्थानीय चुनाव मे प्रभावशाली राजपक्षे परिवार नीत श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी से हाथ मिलाने का फैसला किया है। यूएनपी महासचिव पलिथा रांगे बंदारा ने कहा कि दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की सोमवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में स्थानीय निकाय चुनाव पिछले साल ही होने थे, लेकिन आर्थिक संकट की वजह से स्थगित कर दिए गए थे। बंदारा ने कहा, हम अपने चुनाव चिह्न हाथी पर लड़ेंगे और वे (एसएलपीपी) कुछ क्षेत्रों में कमल के निशान पर चुनाव लड़ेंगे जबकि कुछ स्थानों पर साझा चुनाव चिह्न होगा। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय चुनाव के लिए 18 से 21 जनवरी के बीच नामांकन पत्र भरे जाएंगे और मतदान की तारीख बाद मे घोषित की जाएगी।

## फ्रांसीसी प्रधानमंत्री पेंशन में बदलाव का करेंगी खुलासा, कई कर्मचारी परेशान

**पेरिस।** फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्नी मंगलवार को अति संवेदनशील पेंशन व्यवस्था में किए जाने वाले परिवर्तनों का खुलासा करेंगी जिसमें सेवानिवृत्ति की उम्र को बढ़ाने का प्रस्ताव हो सकता है। इस तरह के किसी कदम की पहले ही आलोचना हो रही है और सरकार द्वारा इसका प्रस्ताव करने के बाद वामपंथी विरोधियों और कामगार संघों ने प्रदर्शन का आह्वान किया है। पूर्ण पेंशन के लिए सेवानिवृत्ति की न्यूनतम उम्र 62 साल से बढ़ाकर 64 या 65 साल करने की उम्मीद है जिसका वादा राष्ट्रपति एमैन्युअल मैक्रों ने किया था। पेंशन नीति मे बदलाव संबंधी विस्तृत जानकारी बोर्नी द्वारा संवाददाता सम्मेलन मे दी जाएगी। सरकार का तर्क है कि फ्रांसीसी लोगों की जीवन प्रत्याशा पहले से अधिक हो गई है इसलिए उन्हें वित्तीय रूप से टिकाऊपेंशन प्रणाली मे शामिल होने के लिए अधिक समय तक काम करने की जरूरत है। सभी फ्रांसीसी कामगारों को सरकार की ओर से पेंशन दी जाती है। मध्य वामपंथी और धुर वामपंथी कामगार संगठनों ने पिछले सप्ताह बोर्नी से हुई बातचीत मे प्रस्तावित पेंशन आयुसीमा बदलाव का विरोध किया था। इनमें से कुछ इसके बदले नियोक्ताओं द्वारा किए जाने वाले अंशदान मे वृद्धि के पक्षधर है।

# ईरान परमाणु समझौते से हटने का ट्रंप प्रशासन का फैसला बड़ी रणनीतिक भूल : अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का ईरान परमाणु कार्यक्रम पर एक महत्वपूर्ण समझौते जेसीपीओए से हटने का फैसला हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक भूलों में से एक है। संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) को आमतौर पर ईरान परमाणु समझौते या ईरान समझौते के रूप में जाना जाता है। इस पर सहमति 14 जुलाई, 2015 को ईरान और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ पी5 प्लस। समूह के बीच वियना में बनी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह (राष्ट्रपति जो



बाइडन) प्रशासन जेसीपीओए से हटने के पिछले प्रशासन के निर्णय पर विचार कर रहा है, जो हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक भूलों में से एक है। पी5 प्लस। समूह में सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका तथा जर्मनी शामिल हैं, जिन्होंने बराक ओबामा प्रशासन के दौरान ईरान के साथ एक समझौता किया था। प्राइस ने कहा कि अमेरिका के लिए जेसीपीओए को एक राजनयिक व्यवस्था तक पहुंचाने में सक्षम होने का कारण यह था कि उसने ईरान पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव बनाने के लिए दुनिया भर के सहयोगियों और भागीदारों के साथ काम किया।

## पाकिस्तान बाढ़ : अमेरिका ने अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त मदद की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान मे पिछले साल आई विनाशकारी बाढ़ से उबरने व पुनर्निर्माण के प्रयासो के लिए उसे अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की है। इस भयावह बाढ़ की चपेट में आने से ।,739 लोगो की मौत हो गई थी और करीब 3.3 करोड़ लोगो का जीवन प्रभावित हुआ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसमें शरणार्थी आश्रय क्षेत्रों मे बाढ़ राहत और पुनर्वास प्रयासो मे सहायता के लिए मानवीय मदद भी शामिल है। प्राइस ने कहा, मुझे यह बताते हुए काफी संतोष हो रहा है कि आज अमेरिका बाढ़ से उबरने व पुनर्निर्माण के प्रयासो के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर की घोषणा कर रहा है। इस तरह इस मद में हमारी ओर से अब तक दी गई मदद राशि 20 करोड़ डॉलर हो गई है। प्राइस ने कहा कि इन 10 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल बाढ़ के प्रभावो से निपटने, शासकीय कार्यों, रोग संबंधी निगरानी, आर्थिक विकास और स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु स्मार्ट कृषि, खाद्य सुरक्षा व बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए होगा।

# अवमानना मामले में इमरान खान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के शीर्ष चुनाव निकाय ने अवमानना के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के खिलाफ मंगलवार को जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह मामला पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेताओं द्वारा पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के खिलाफ दिए गए बयानों पर आधारित है। निसार दुर्रानी की अध्यक्षता वाली ईसीपी की चार सदस्ईय पीठ ने खान और उनके करीबी सहयोगी फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ वारंट जारी किया। चुनाव निगरानीकर्ता



ने पिछले साल अगस्त और सितंबर में अवमानना की अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनके खिलाफ नोटिस जारी किया था। इससे पहले पीटीआई नेताओं ने बार-बार आयोग और राजा की उनकी कथित पक्षपातपूर्ण नीति और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के समर्थन के लिए आलोचना की थी। पिछली सुनवाई के दौरान ईसीपी ने पीटीआई नेताओं को उसके समक्ष पेश होने का आखिरी मौका दिया था।

## सेना प्रमुख ने यूएई के राष्ट्रपति के साथ रक्षा संबधों और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधो तथा रक्षा व सैन्य क्षेत्रों मे सहयोग की समीक्षा की। पाकिस्तान इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। दो देशों की यात्रा के क्रम मे सऊदी अरब से यूएई पहुंचे जनरल मुनीर ने सोमवार को शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की। प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद यह जनरल मुनीर की पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है।

# नेपाल के नए पीएम प्रचंड ने प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल किया



भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने मंगलवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सीपीएन-माओवादी सेंटर के 68 वर्षीय नेता प्रचंड ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय, उन्होंने नाटकीय ढंग से नेपाली कांग्रेस नीत चुनाव-पूर्व गठबंधन से नाता तोड़कर विपक्ष के नेता के. पी. शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था। प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में मतदान के दौरान मौजूद 270 सदस्यों में से 268 ने प्रचंड के पक्ष में मत दिया जबकि दो सदस्यों ने उनके खिलाफ मतदान किया। सदन के वरिष्ठतम सदस्य पशुपति शमशेर जेबी राणा ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा ने प्रचंड द्वारा पेश गए विश्वास प्रस्ताव को पारित कर दिया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राणा ने मतदान नहीं किया, जबकि चार अन्य सांसद मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। प्रचंड को 275 सदस्ईय संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए 138 मतों की आवश्यकता थी।

# पेरू में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में 13 लोगों की मौत

भाषा। लीमा

**देश के** कुछ ग्रामीण इलाकों में तत्काल चुनाव की मांग को लेकर फिर से शुरू हुए प्रदर्शनों में सोमवार को दक्षिण-पूर्वी पेरू में करीब 13 लोगों की मौत हो गई। इन ग्रामीण इलाकों के लोग अब भी अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के प्रति वफादारी रखते हैं। पेरू की शीर्ष मानवाधिकार एजेंसी ने मौत के इन मामलों की जांच का आह्वान किया है। इनमें से 12 लोगों की मौत सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों के दौरान हुई, जो बोलीविया की सीमा के पास जुलियाका शहर में एक हवाई अड्डे पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। कैस्टिलो को पद से हटाए जाने और उनकी गिरफ्तारी के बाद दिसंबर की शुरूआत से जारी प्रदर्शन में इतने लोगों की जान कभी नहीं गई। खबरों के अनुसार, जुलियाका में जान गंवाने वाले 12 लोगों में एक नाबालिग भी था। पास के शहर चुकुइटो में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई, जहां प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को जाम कर दिया था।

## अमेरिकी नौसेना ने यमन ले जा रही ईरानी राइफल जब्त करने का दावा किया

**दुबई।** अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में एक जहाज से 2,100 से अधिक राइफल जब्त की हैं। माना जा रहा है कि ए राइफल ईरान से आई थीं और इन्हें ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के लिए यमन ले जाया जा रहा था। राइफल पिछले शुक्रवार को जब्त की गईं जब यूएसएस चिनूक गश्ती जहाज की एक टीम ने लकड़ी के एक पारंपरिक जहाज की तलाशी ली। मध्यपूर्व में स्थित अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के प्रवक्ता कमांडर टिमोथी हॉकिंस ने बताया कि टीम ने कलाश्निकोव-शैली की राइफल जब्त कीं जो जहाज पर हरे रंग के कपड़े में लिपटी हुई थीं। गश्ती जहाज यूएसएस मॉनसून और मिसाइल विध्वंसक यूएसएस द सुलिवन के साथ मिलकर चिनूक ने हथियारों को अपने कब्जे में ले लिया। ए राइफल नौसेना के द्वारा पहले जब्त की गईं अन्य राइफल से मिलती-जुलती हैं। उन राइफल के भी ईरानी होने और यमन ले जाए जाने का संदेह था। हॉकिंस ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, जिस समय हमने जहाज को रोका, उस समय वह उस मार्ग पर था, जिसका इस्तेमाल यमन में हूतियों को अवैध रूप से माल पहुंचाने के लिए किया जाता है। इस बात की पुष्टि हो गई है कि जहाज का चालक दल यमनी मूल का है। हॉकिंस ने कहा कि यमनी चालक दल को यमन के सरकार-नियंत्रित हिस्से में वापस भेजा जाएगा। यमन में मार्च 2015 से गृह युद्ध चल रहा है, जिसमें सऊदी अरब के नेतृत्व वाला सैन्य गठबंधन सरकार का समर्थन कर रहा है जबकि ईरान हूती विद्रोहियों को मदद पहुंचा रहा है। गृह युद्ध में अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 14,500 आम नागरिक हैं।

## भारतीय मूल के रंज पिल्लई कनाडा के युकोन प्रांत के 10वें प्रमुख बनेंगे

भाषा। टोरंटो,

**भारतीय मूल के** कैबिनेट मंत्री रंज पिल्लई 14 जनवरी को कनाडा के युकोन प्रांत के दसवें प्रमुख (प्रीमियर) के रूप में शपथ लेंगे। वह इस पद पर दूसरे भारतीय-कनाडाई नेता होंगे। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी मिली। पार्टी ने कहा कि पिल्लई को आठ जनवरी को सर्वसम्मति से युकोन लिबरल पार्टी का नेता चुना गया।

**CORRIGENDUM**

ICICI Bank

**Branch Office:** ICICI Bank Ltd, 3rd Floor, Plot No- 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005

The sale notice was issued dated **January 09, 2023 in THE PIONEER (ENG) and The PIONEER (Hindi),** for Vehicle No. UP14GT8288 with applicant as **AKSHAY GIRI,** Please note Auction Date to be read as **January 27, 2023.**
Rest all term and conditions remains the same.

**Date: January 11, 2023**
**Place: Delhi/ NCR**

**Authorized Officer**
**ICICI Bank Limited**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of our client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Akhatar Ali** intends to purchase & mortgage the **Land area measuring 100 sq. yds.,** out of Khasra No. 470, Situated at **Jalpura, Paragna Tehsil. Dadri & District Gautam Budh Nagar, U.P.** with our client, against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dated 30.06.2011 having registration No. 10592, related to the Said Property was already lost/misplaced and in this regard NCR/FIR No. **28411/2023** has been lodged with Delhi Police.
Public is hereby warned not to deal with the above-mentioned document & the property. If anyone do the same, then he will be responsible for all consequences. If any person(s) having objection with regard to mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824.

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001,
Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4574/ई-निविदा संशोधन/2022-23 दिनांक : 09/01/2023

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय के पत्रांक सं0-4528/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 07.01.2023 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निविदा क्रं0सं0-05 में अंकित पेयजल योजना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्रं0 सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 05 | कारबारी ग्रान्ट पेयजल योजना में श्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | कारबारी ग्रान्ट पेयजल योजना में नलकूप विकास, उर्ध्व जलाशय निर्माण राइजिंग मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने, विद्युत संयत्र सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठान एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# चीन के कोविड से यूरोप को तत्काल कोई खतरा नहीं : क्लूज

भाषा। कोपेनहेगन

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के यूरोप कार्यालय के निदेशक हैंस क्लूज ने मंगलवार को कहा कि उन्हें चीन में फैले कोविड-19 के प्रकोप के चलते यूरोपीय क्षेत्र के लिए तत्काल कोई खतरा नजर नहीं आ रहा, लेकिन प्रकोप के बारे में और ज्यादा जानकारी की जरूरत है। चीन प्रतिबंधों में अचानक ढील दिए जाने के बाद कोरोना वायरस के देशव्यापी प्रकोप से जूझ रहा है। क्लूज ने कहा कि डब्ल्यूएचओ को चीन से मिली जानकारी के आधार पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन उभरती स्थिति पर नजर रखने के लिए चीन की तरफ से अधिक विस्तृत और नियमित जानकारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हम संतुष्ट नहीं हो सकते। कई देशों ने चीनी यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच को अनिवार्य बना दिया है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अपने यहां आने वाली उड़ानों में सवार



होने से पहले चीनी यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच अनिवार्य कर रखी है। चीन में संक्रमण से संबंधित आंकड़ों की कमी और नए स्वरूप के उभरने की आशंका के बीच अमेरिका, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और कई यूरोपीय व अन्य देशों ने चीनी यात्रियों के लिए सख्त पाबंदियां लागू की हैं। डब्ल्यूएचओ-यूरोप के निदेशक क्लूज ने कहा, हमारा मानना है कि कई देश ऐहतियात के तौर पर कुछ उपाय लागू कर रहे हैं। अपनी आबादी की सुरक्षा के लिए विभिन्न देशों की ओर से एहतियाती कदम उठाना अनुचित नहीं है। हम सार्वजनिक रूप से विस्तारपूर्वक आंकड़े जारी किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## चीन ने कोविड जांच पर जवाबी कार्रवाई में दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा निलंबित किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने देश के यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच सियोल द्वारा अनिवार्य किए जाने के विरोध में पर्यटन या व्यापार के सिलसिले में देश आने वाले दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा व्यस्था को मंगलवार को निलंबित कर दिया। सियोल में चीनी दूतावास द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त नोटिस में कहा गया है कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक कि दक्षिण कोरिया देश में चीनी लोगों के प्रवेश पर अपने भेदभावपूर्ण कदमों से पीछे नहीं हटता। जापान की क्योदो समाचार सेवा ने कहा कि इस प्रतिबंध से जापानी यात्री भी प्रभावित होंगे। जापान के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार को इस खबर की जानकारी है और वह उन उपायों के बारे में चीनी अधिकारियों के साथ अनौपचारिक बातचीत कर रही है जिन पर बीजिंग विचार कर रहा है। नाम जाहिर न करने के अनुरोध पर अधिकारी ने कहा कि अगर प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो यह अफसोसजनक होगा। सियोल में चीनी दूतावास द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त नोटिस में दक्षिण कोरिया द्वारा चीनी लोगों के प्रवेश को लेकर उठाए गए भेदभावपूर्ण कदम को वापस न लिए जाने तक दक्षिण कोरियाई नागरिकों के लिए वीजा निलंबित रहने की बात कही गई है। ऐसा लगता है कि यह घोषणा नए आवेदकों पर लागू होगी और उन दक्षिण कोरियाई लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है जिनके पास वीजा है। इस संबंध में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है। हालांकि चीन ने उन देशों के खिलाफ जवाबी कार्वाई करने की धमकी दी है।

## पाक में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है चीन, विदेश मंत्री ने सुरक्षा उपाय करने को कहा

**बीजिंग।** चीन के नए विदेश मंत्री चिन गांग ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ अपनी पहली फोन वार्ता में कहा कि बीजिंग को पाकिस्तान में काम कर रहे उसके नागरिकों की सुरक्षा की चिंता है और इस नाते मजबूत कदम उठाए जाने चाहिए। हाल में वांग ई की जगह लेने वाले चिन ने नौ जनवरी को बिलावल के अनुरोध पर उनसे फोन पर बात की।

**आरएलएफ लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 14 झड़े, गुरूग्राम पटौदी रोड, ग्राम झुंड सराय वीरान, गुरूग्राम, हरियाणा
सीआईएन : एल74999एचआर1979पीएलसी032747, वेबसाइट : www.rlfltd.com ई-मेल : investorrelations@rlfltd.com, फोन : 011-49075251
31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु तिमाही सीमित-पुनरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 25.21 | 24.38 | 27.04 | 71.35 | 47.70 | 70.10 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर एवं अपवाद एवं असाधारण मदों से पूर्व | (7.63) | (8.40) | 1.65 | (17.33) | (2.87) | (87.64) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर, अपवाद एवं असाधारण मदों के बाद | (7.63) | (8.40) | 1.65 | (17.33) | (2.87) | (87.64) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (7.63) | (8.40) | 1.65 | (17.33) | (2.87) | (87.64) |
| 5 | कुल समावेशी आय | - | - | - | - | - | - |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 |
| | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | | |
| | (क) मूल | (0.08) | (0.09) | 0.02 | (0.02) | (0.03) | (0.89) |
| | (ख) तनुकृत | (0.08) | (0.09) | 0.02 | (0.02) | (0.03) | (0.89) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.rlfltd.com पर उपलब्ध है।

वास्ते आरएलएफ लिमिटेड
हस्ता./-
आदित्य खन्ना
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 01860038

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 10 जनवरी, 2023

# भारत को 2047 तक अगुवा बनाने में प्रवासी भारतीय शामिल हों: राष्ट्रपति

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने मंगलवार को प्रवासी भारतीय समुदाय से आह्वान किया कि वह आजादी की सौवीं वर्षगांठ वाले साल 2047 तक देश को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के तौर पर दुनिया का अगुवा बनाने की यात्रा में सहयात्री बने। मुर्मू ने इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में कहा, भारत अगले 25 साल के दौरान सामूहिक परिश्रम, समर्पण और चौतरफा विकास की महत्वाकांक्षी यात्रा में रहने वाला है ताकि हम 2047 तक एक आत्मनिर्भर देश के तौर पर दुनिया की अगुवाई कर सकें। प्रवासी : अमृत काल में भारत की प्रगति में विश्वसनीय भागीदार की थीम पर आयोजित सम्मेलन की समाप्ति से पहले, राष्ट्रपति ने प्रवासी भारतीय समुदाय को देश की इस यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया। भारतवंशियों की सामूहिक शक्ति, क्षमता, ऊर्जा, अनुभवों, विचारों, ज्ञान, तकनीकी महारत, कारोबारी कौशल और निवेश से आत्मनिर्भर



भारत की अवधारणा को साकार करने में खासी मदद मिलेगी।

मुर्मू ने यह भी कहा, आर्थिक और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के चलते दुनिया इन दिनों चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रही है। इन सब चुनौतियों के बीच भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लक्ष्य के लिए, बड़े आत्मविश्वास के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि इस बात की झलक तमाम बड़े देशों के साथ भारत के मजबूत रिश्तों और कई वैश्विक मंचों पर देश के सशक्त नेतृत्व में मिलती है। मुर्मू ने कहा कि जी20 की मौजूदा भारतीय अध्यक्षता की थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य दरअसल भारत की वसुधैव कुटुम्बकम (पूरी दुनिया एक परिवार) की प्राचीन विचारधारा से प्रेरित है और यह थीम दुनिया के सभी लोगों के उचित व निष्पक्ष विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

राष्ट्रपति ने अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान करने वाले 27 भारतवंशियों को प्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा। गुयाना के राष्ट्रपति और 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के मुख्य अतिथि मोहम्मद इरफान अली शामिल हैं। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर सूरीनाम के राष्ट्रपति और सम्मेलन के विशेष सम्मानित अतिथि चंद्रिकाप्रसाद संतोखी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। प्रवासी भारतीय वैश्विक तंत्र का अद्वितीय और अहम हिस्सा हैं तथा उन्होंने दुनिया के हर भाग में ऊर्जा और आत्मविश्वास से लैस समुदाय के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

## गुयाना, सूरीनाम के राष्ट्रपतियों ने मुर्मू से भेंट की

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंगलवार को यहां सूरीनाम और गुयाना के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात हुई और उन्होंने भारत तथा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। यहां 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन से इतर मुर्मू और भारतीय मूल के दोनों नेताओं के बीच अलग-अलग बैठकें हुईं। राष्ट्रपति कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के साथ बैठक के दौरान, मुर्मू ने तकनीकी सहयोग बढ़ाने और दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में क्षमता निर्माण और कौशल विकास में योगदान देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सूरीनाम के राष्ट्रपति प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन में विशेष अतिथि थे और उन्होंने सोमवार को इस कार्यक्रम को संबोधित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम में तकनीकी सहयोग बढ़ाने और क्षमता निर्माण और कौशल विकास में योगदान के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें पारस्परिक लाभ के लिए अपने व्यापार का विस्तार करने को लेकर मिलकर काम करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू की गुयाना के अपने समकक्ष मोहम्मद इरफान अली के साथ भी बैठक हुई और कहा कि तेल और गैस के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग और तालमेल की अपार गुंजाइश है। प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम में अली मुख्य अतिथि थे। मुर्मू ने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से कहा गया है कि भारत और गुयाना के बीच व्यापार भी बढ़ रहा है। गुयाना में तेल और गैस की हाल की प्रमुख खोजों की ओर इशारा करते हुए मुर्मू ने कहा, इस क्षेत्र में गुयाना और भारत के बीच सहयोग और तालमेल की अपार संभावनाएं हैं।



आगरा में सुबह घने कोहरे व ठण्ड में कबूतरों को दाना खिलाता हुआ एक व्यक्ति

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी के एजेंडे पर नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा महासचिवों की बैठक

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की, जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों, लोकसभा प्रवास कार्यक्रम सहित कई अन्य मुद्दों पर मंथन किया गया। भाजपा मुख्यालय में चली इस मैराथन बैठक में नड्डा के अलावा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी एल संतोष, सुनील बंसल, अरूण सिंह, तरूण चुग, दुष्यंत गौतम, सी टी रवि, विनोद तावड़े और डी पुरंदेश्वरी शामिल हुए। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भी इस बैठक में मौजूद थे। 2024 के लोकसभा चुनावों और आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बूथ को सशक्त करने, वरिष्ठ नेताओं के लोकसभा प्रवास कार्यक्रम और भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन से आमजन को जोड़ने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।

लोकसभा प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा द्वारा चिह्नित उन 160 सीट पर बेहतर प्रदर्शन करना है, जिनपर उसका प्रदर्शन परंपरागत रूप से अच्छा नहीं रहा है। एक नेता ने बताया कि दिल्ली में 16-17 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।

महासचिवों की बैठक में कार्यकारिणी स्थल और इससे जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। साथ ही कार्यकारिणी के एजेंडे पर भी चर्चा हुई। कार्यकारिणी में राजनीतिक, आर्थिक और विदेश नीति पर तीन प्रस्ताव लाए जा सकते हैं। कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और देशभर के भाजपा नेता शिरकत करेंगे, जो इसके सदस्य हैं। महासचिवों के साथ बैठक में नड्डा ने जी-20 पर खासा जोर दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के मुताबिक इससे जुड़े कार्यक्रमों में आम लोगों की अधिक से भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## देश के 120 शहरों में ई कचरा एकत्र करने के लिए एक माह का अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** ई-कचरा एकत्र करने के लिए एक महीने चलने वाला अभियान मंगलवार को देश के 120 शहरों में शुरू हुआ। डंप एंड डोनेट नाम से शुरू अभियान में विभिन्न स्कूलों, संस्थानों और अन्य माध्यमों से जनता तक पहुंचा जाएगा और ई-कचरे और उसके स्वास्थ्य व पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक असर के प्रति जागरूक किया जाएगा। सबसे बड़ा ई- कचरा संग्रह अभियान का दावा करते हुए लायन्स क्लब इंटरनेशनल ने हिंदुस्तान ई-वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड व नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल अलायंस (एनआईएसए) के साथ मिलकर इसे शुरू किया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार ने अभियान शुरू होने के मौके पर कहा, ई-कचरा प्रबंधन के महत्व को देखते हुए सभी मंत्रालयों ने ई-कचरे का निपटारा कर दिया है। भारत जी-20 की अध्यक्षता संभाल रहा है और इस मौके पर ई-कचरा अभियान की शुरुआत और महत्वपूर्ण है।

## जम्मू-कश्मीर को अनिश्चितता से निकालने के लिए सर्वदलीय बैठक करें केन्द्रीय गृहमंत्री

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं को लेकर नेशनल कान्फ्रेंस ने मंगलवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि वह केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को मौजूदा अनिश्चितता और डर के माहौल से उबारने के लिए सर्वदलीय बैठक करें। नेकां के आरोप लगाया कि उपराज्यपाल का प्रशासन संघ शासित प्रदेश में मौजूदा हालात से निपटने में बुरी तरह विफल रहा है। नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) के जम्मू प्रांत के अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता ने केन्द्रीय गृह मंत्री से अनुरोध किया कि वह जम्मू और कश्मीर दोनों जगह अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ आतंकवादी हमलों सहित तमाम आतंकवादी गतिविधियों के कारण पैदा हुई मौजूदा अनिश्चितता और डर के माहौल से जम्मू-कश्मीर के लोगों को उबारने के लिए सर्वदलीय बैठक करें।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ गुप्ता सोमवार को राजौरी जिले के धांगड़ी गांव पहुंचे और आतंकवादी हमले में मारे गए ग्रामीणों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पिछले सप्ताह गांव में हुए आतंकवादी हमले में सात लोग मारे गए हैं। पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं के कारण लोगों के सामने उत्पन्न चुनौतियों के बारे में चर्चा करने के लिए नेकां सहित विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा बार-बार मांग किए जाने के बावजूद सर्वदलीय बैठक बुलाने में उपराज्यपाल की हिचक पर गुप्ता ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के ढुलमुल रवैए के कारण संघ शासित प्रदेश में समस्याए हुईं और आतंकवादी हमलों में कई लोगों की जान चली गई। यही वजह है कि नेकां ने केन्द्रीय गृहमंत्री से संपर्क किया है कि वह सामने आए और सभी राजनीतिक दलों से सलाह करके ठोस योजना बनाएं।

## अडानी कैपिटल ने सीएससी वीएलई को कार्यशील पूंजी प्रदान करना शुरू किया

### ग्रामीण ई-स्टोर का संचालन करने वाले वीएलई को तीन महीनों में कार्यशील पूंजी प्रदान की जाएगी

**नई दिल्ली।** छोटे उद्यमियों की सहायता करके स्थानीय व्यवसायों को मजबूत करने के लिए जन सेवा केंद्रों (सीएससी) ने अडानी कैपिटल के सहयोग से अपने ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को कार्यशील पूंजी प्रदान करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में, सीएससी ग्रामीण ई.स्टोर्स के साथ सूचीबद्ध 100 वीएलई को व्यावसायिक ऋण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि अगले तीन महीनों में 1500 वीएलई को शामिल किया जाएगा। वर्तमान में, 10,000 वीएलई सीएससी ग्रामीण ई.स्टोर्स के साथ सूचीबद्ध हैं। ये वीएलई सीएससी ई.ग्रामीण स्टोर्स द्वारा बनाए गए डिजिटल ग्रामीण मार्केटप्लेस पर डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करते हैं। वीएलई कंपनियों के उत्पादों को दूर.दराज के गांवों में ले जाने में मदद करते हैं। एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल होम एप्लाएंस, वाहन आदि शामिल हैं।

सीएससी, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक एसपीवी के तौर पर स्थापित की गई है। अप्रैल 2020 में सीएससी ने ग्रामीण ई.स्टोर शुरू किया जो दूर.दराज के क्षेत्रों में स्थानीय हस्तशिल्प, किराने का सामान, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पाद ई.कॉमर्स मॉडल के तर्ज पर पहुंचाता है। वर्तमान में 3.64 लाख ग्रामीण ई.स्टोर देश भर में काम कर रहे हैं जिन्होंने कुल 642.77 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। सीएससी ने वीएलई को कार्यशील पूंजी प्रदान करने के लिए एक प्रमुख एनबीएफसी, अडानी कैपिटल के साथ करार किया है ताकि वीएलई को व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्य से तुरंत और आसानी से वित्तपोषण को उपलब्ध कराया जा सके।

सीएससी एसपीवी के एमडी और सीईओ संजय राकेश ने बताया, ग्रामीण ईस्टोर चलाने वाले वीएलई गांवों में विभिन्न उत्पादों की मांग को पूरा करते हैं। किसी भी व्यवसाय की तरह, कार्यशील पूंजी सतत विकास की कुंजी है और अडानी कैपिटल के साथ हमारे समझौते के बाद, हम वीएलई के व्यापार को बढ़ाने और अन्य जरूरतों के लिए, पूंजी उपलब्ध करने में सक्षम हैं और वह भी डिजिटल रूप से अडानी कैपिटल के एमडी और सीईओ गौरव गुप्ता ने कहा, वर्तमान में सीएससी ई.ग्रामीण स्टोर के साथ 10,000 से अधिक ऐसे वीएलई सूचीबद्ध हैं और हमारा लक्ष्य अगले तीन महीनों में 1500 से अधिक ऐसे वीएलई को शामिल करके वित्तपोषण कार्यक्रम को बढ़ाना है।

## भाजपा के राजनीतिक हथकंडों से जम्मू सबसे अधिक प्रभावित : महबूबा

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र को भाजपा के राजनीतिक हथकंडों से सबसे अधिक प्रभावित बताते हुए पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए क्षेत्र के लोगों के हितों के साथ समझौता कर रही है। महबूबा मुफ्ती ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने जम्मू क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान करने के लिए अपने राजनीतिक हितों को जोखिम में डाल दिया जिसने 2014 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा जनादेश दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि कश्मीर और जम्मू क्षेत्रों का एकीकरण जम्मू-कश्मीर के विकास और समृद्धि का सार है। महबूबा मुफ्ती ने यहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, जम्मू कभी पूर्व राज्य का आर्थिक केंद्र हुआ करता था और वह भाजपा के राजनीतिक हथकंडे से सबसे अधिक प्रभावित रहा।



बेंगलुरू में आर्मी दिवस पर फुल ड्रेस में अभ्यास करते हुए एनसीसी कैडेट।

## भाजपा की धोखा दो वाली नीति कश्मीरी पंडितों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार: खरगे

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की इस्तेमाल करो, त्यागो और धोखा दो वाली नीति कश्मीरी पंडितों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने ट्वीट किया, कश्मीरी पंडित कर्मचारी 245 से अधिक दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, जीवन के अधिकार और नए स्थान पर बसाने की मांग कर रहे हैं। उनका महीनों का वेतन बकाया है, उनकी सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है।

खरगे ने आरोप लगाया, भाजपा की इस्तेमाल करो, त्यागो और धोखा दो वाली नीति कश्मीरी पंडितों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार है। पिछले साल आतंकवादियों द्वारा राहुल भट्ट की हत्या के बाद काम पर नहीं जाने वाले अधिकतर कश्मीरी पंडित कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। जम्मू कश्मीर प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में यह जानकारी दी थी।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों के एक समूह ने घाटी छोड़ दी और जम्मू में प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि जब तक यहां सुरक्षा स्थिति में सुधार नहीं हो जाता, तब तक उन्हें कश्मीर से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाए। हालांकि प्रशासन कश्मीरी पंडितों (केपी) की अधिकांश मांगों पर गौर करने के लिए सहमत हो गया, लेकिन उसने उन्हें कश्मीर से बाहर स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया। प्रशासन ने विरोध करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अपना रुख और सख्त कर लिया तथा काम पर नहीं लौटने वालों का वेतन रोक दिया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा को नही मिली कोलकाता में गंगा आरती की अनुमति, किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा को इस सप्ताह के अंत में राज्य में शुरू होने जा रहे गंगासागर मेले के अवसर पर मंगलवार को गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई, जिसके बाद पार्टी ने शहर के बाबूघाट इलाके में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बाद में शाम को कोलकाता पुलिस की औपचारिक अनुमति के बिना बाबूघाट में गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा ने घोषणा की थी कि वह राज्य में आगामी गंगासागर मेले के अवसर पर गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित करेगी। लेकिन कोलकाता पुलिस ने बड़ी संख्या में वाहनों के आवागमन के कारण यातायात जाम लगने, क्षेत्र में मेले के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने और जी20 शिखर सम्मेलन से संबंधित बैठकों का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। कार्यक्रम के लिए जैसे ही भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता बाबूघाट के सामने एकत्र हुए, पुलिस से झड़प शुरू हो गई।

### महिला आयोग ने महिला कैदियों की स्थिति में सुधार के लिए सुझाव दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा है कि कारागारों के बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों का निदान करने और महिला कैदियों की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है तथा कारागारों में ज्यादा कर्मचारियों की भी नियुक्ति करने की आवश्यकता है। आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक में ए सुझाव दिए। महिला आयोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, आयोग ने महिला कैदियों के अधिकारों के संदर्भ में पुलिस प्रशासन विषय पर राष्ट्रव्यापी बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में 16 कारागार महानिरीक्षकानिरीक्षक और कई प्रदेशों एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बयान में कहा गया है कि महिला कैदियों की स्थिति में सुधार को लेकर कई सुझाव दिए गए।

### दूरस्थ शिक्षा डिग्रियों को पारंपरिक शिक्षा प्रणाली की डिग्रियों के समकक्ष मान्यता मिलेगी

**जयपुर।** विवि अनुदान आयोग ने दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियों को पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियों के समान मान्यता देने का फैसला किया है। इग्नू के एक अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। इग्नू की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने यहां एक बयान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना के हवाले से बताया कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियों को पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियों के समान मान्यता दी जाएगी। यूजीसी की यह सार्वजनिक सूचना उन विद्यार्थियों के लिए राहत की सांस है जिन्हें इग्नू की डिग्री को लेकर संशय तथा परेशानियों का सामना कर पड़ रहा था, इस कदम से से इग्नू के पाठ्यक्रमों में नामांकन संख्या बढ़ने के आसार है।

### सुधांशु कुमार ने हासिल किया उपलब्धि

**मुंबई।** सुधांशु कुमार ने अपनी पहली एडटेक कंपनी आईन्यूरॉन को 250 करोड़ रुपये में फिजिक्सवाला को बेच दिया है। सुधांशु इससे पहले डेलॉइट और अर्न्स्ट एंड यंग जैसी कंसल्टिंग कंपनियों के साथ काम कर चुके हैं और उन्होंने साल 2019 में अपने एडटेक स्टार्टअप आईन्यूरॉन की स्थापना की जो भारत में कुशल शिक्षा के क्षेत्र में कुछ किफायती और लाभकारी प्लेटफार्मों में से एक था। सुधांशु कुमार आईन्यूरॉन के संस्थापक एवं सीईओ हैं, जिनके दिल में सीखने और ज्ञान हासिल करने के प्रति सच्ची लगन है। कुमार हमेशा से ही गहन विचारक और जिज्ञासु शिक्षार्थी रहे हैं, जो हमेशा इस बात को जानने के लिए, उत्सुक रहते हैं कि टेक्नोलॉजी की दुनिया में क्या हो रहा है। वे अपने इसी जुनून को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं।

## लखीमपुर में वन भूमि खाली कराने का अभियान जारी

**उत्तरी लखीमपुर (असम)।** असम के लखीमपुर जिले में अवैध रूप से रह रहे लोगों से 450 हेक्टेयर वन भूमि खाली कराने को लेकर मंगलवार को अभियान चलाया गया। इसके तहत करीब 70 बुल्डोजरों और लोगों की मदद से 200 एकड़ जमीन खाली कराई गई। इस कार्रवाई से 201 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं जिनमें से ज्यादातर बांग्ला भाषी मुसलमान हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज के अभियान में जमीन खोदने वाले 43 वाहन, 25 ट्रैक्टर की मदद ली गई। जबकि वहां पुलिस तथा सीआरपीएफ के 600 कर्मी और 200 प्रशासनिक अधिकारीकर्मचारी मौजूद थे।

पावा आरक्षित वन के 2,560.25 हेक्टेयर में से केवल 29 हेक्टेयर पर फिलहाल कोई कब्जा नहीं है। प्रशासन से बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बाद लगभग सभी लोगों ने अपने-अपने मकान खाली कर दिए हैं। वहीं समशुल हक (अनुरोध पर बदला हुआ नाम) ने पीटीआईभाषा को बताया, इस वक्त हम सरसों और मौसमी सब्जियों की अच्छी खेती करते हैं। सरकार ने हमें अपनी फसल काटने का वक्त नहीं दिया। ऐसा लगता है कि उन्होंने जानबूझकर हमें आर्थिक चोट दी।

इस अभियान से प्रभावित लोगों में ज्यादातर आबादी बांग्ला भाषी मुसलमानों की है। किसान ने दावा किया कि स्थानीय सर्किल अधिकारी जमीन पर खेती करने के एवज में उनसे कर वसूलते रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रशासन ने बेहद क्रूरता से हमारे पोखर भर दिए, जहां हम मछलियां पालते थे। हमें मछलियां पकड़ने का मौका नहीं दिया गया। सारी मिट्टी में दफन हो गई हैं। वहीं 55 वर्षीय एक महिला ने दावा किया कि वे भूस्खलन से प्रभावित परिवार हैं जो 25 साल पहले यहां आकर बसे।

अमिना बेगम (अनुरोध पर बदला हुआ नाम) ने सुबकते हुए कहा, पिछली सरकारों ने हमें यहां बसने की इजाजत दी। अब वे हमें यहां से जाने को कह रहे हैं। हम यहां से कहां जाएंगे? इन्हीं दोनों की तरह की अन्य अवैध रूप से रह रहे लोगों का दावा है कि यहां बसे लोगों में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों के अलावा बाढ़ और मिट्टी के कटाव के कारण विस्थापित लोग शामिल हैं।

उन्होंने दावा किया कि पहले उन्हें जमीन के मालिकाना हक का दस्तावेज दिया गया, लेकिन मौजूदा भाजपा नीत सरकार ने उसे खारिज कर दिया। सरकार का दावा है कि इन लोगों ने जमीन पर अवैध कब्जा किया है लेकिन वर्षों से यहां रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मनरेगा, आंगनवाड़ी केन्द्रों, जलापूर्ति और ग्रामीण बिजली आदि की सुविधा मिल रही है।

सोमवार को कुछ परिवारों ने अपना सामान ट्रक में लाद कर वहां से चले गए। कुछ लोग अपना सामान साइकिल पर लाद कर निकले। बच्चे भी अपने माता-पिता के साथ सिर पर सामान लादे चल रहे थे। यह अभियान 450 हेक्टेयर जमीन को खाली कराने के लिए चलाया गया था जिसमें से 200 हेक्टेयर जमीन खाली करा ली गई और बाकी 250 हेक्टेयर अगले दिन खाली कराई जाएगी। इस जमीन पर 299 परिवार रह रहे थे।

## पंजाब में पदयात्रा से एक दिन पहले राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत पंजाब में पदयात्रा आरंभ करने से एक दिन पहले मंगलवार को दोपहर में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। वह इस यात्रा का हरियाणा का पड़ाव अंबाला में पूरा करने के बाद हवाई मार्ग से अमृतसर पहुंचे। केसरिया रंग की पगड़ी पहने राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में कतारबद्ध खड़े हुए और माथा टेका, अरदास में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर की अपनी तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, गुरु के द्वारे, श्री हरमंदिर साहिब पहुंच कर मानवीय मूल्यों में विश्वास और भी गहरा हो जाता है।

कांग्रेस ने राहुल गांधी की स्वर्ण मंदिर पहुंचने की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत से पहले आज राहुल गांधी ने अमृतसर स्थित धार्मिक एकता के प्रतीक विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में माथा टेका और देश की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राहुल गांधी के अमृतसर पहुंचने पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, स्थानीय सांसद गुरजीत सिंह औजला और पार्टी के कई नेता मौजूद थे। पंजाब प्रदेश कांग्रेस के कई नेताओं को मंगलवार सुबह तक इसकी जानकारी नहीं थी कि राहुल गांधी अमृतसर पहुंचने वाले हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार सुबह ट्वीट किया, भारत जोड़ो यात्रा का 116वां दिन हरियाणा के अम्बाला में पूरा हुआ। बुधवार को सुबह पंजाब में यह यात्रा आरंभ होगी। अमृतसर में पवित्र स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद यात्रा आरंभ करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

राहुल गांधी ने मंगलवार को सुबह अम्बाला कैंट के शाहपुर से पदयात्रा आरंभ की। पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता राज बब्बर भी इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा गत बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश से पानीपत के रास्ते हरियाणा में दाखिल हुई थी। यह पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र से होकर अंबाला तक पहुंची। गत 21 से 23 दिसंबर के बीच भी यह यात्रा हरियाणा के मेवात, फरीदाबाद और कुछ अन्य इलाकों से गुजरी थी। रमेश ने बताया, दोपहर में आज भारत जोड़ो यात्रा नहीं होगी। हम पंजाब आएंगे और सरहिंद में रात्रि विश्राम होगा। बुधवार सुबह यात्रा संबंधी ध्वज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा पार्टी की पंजाब इकाई को सौंपा जाएगा। इसके बाद हम पंजाब में पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा बुधवार को मंडी गोबिंदगढ़ से होकर गुजरेगी और खन्ना में रात्रि विश्राम होगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यात्रा के तहत रोजाना दो चरणों में करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

# कोहली का शतक, भारत का जीत से आगाज

## पहले वनडे में श्रीलंका को 67 रन से हराया

भाषा। गुवाहाटी



विराट का 45वां शतक

| | |
|---|---|
| रन | 113 |
| गेंद | 87 |
| चौके | 12 |
| छक्के | 01 |

**विराट कोहली** के करियर के 45वें एकदिवसीय शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 67 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में ।-0 की बढ़त बनाई। कोहली ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 113 रन की पारी खेली जिससे भारत ने छह विकेट पर 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोहली ने 87 गेंद में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा (83) और शुभमन गिल (70) ने भी अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़कर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी।श्रीलंका की टीम इसके जवाब में कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 108, 88 गेंद, 12 चौके और तीन छक्के) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (72) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 306 रन ही बना सकी। शनाका ने कासुन रजिता (नाबाद 09) के साथ नौवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी की। भारत की ओर से उमरान मलिक ने 57 रन देकर तीन जबकि मोहम्मद सिराज ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने छठे ओवर में 23 रन तक दो विकेट गंवा दिए। पारी के चौथे ओवर में सिराज के खिलाफ अविष्का फर्नांडो (05) ने गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर हार्दिक पंड्या को कैच थमाया जबकि इस तेज गेंदबाज ने अगले ओवर में कुसाल मेंडिस (00) को भी बोल्ड किया। चरित असलंका भी 23 रन बनाने के बाद उमरान का शिकार बने। उन्होंने विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच थमाया। असलंका ने डीआरएस नहीं लिया लेकिन रीप्ले में दिखा कि गेंद उनके थाई पैड से टकराकर राहुल के हाथों में गई थी। निसंका और धनंजय डिसिल्वा (47) ने चौथे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारने की कोशिश की। निसंका ने 21वें ओवर में युजवेंद्र चहल पर लगातार दो चौकों और एक रन के साथ 57 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में टीम का रनों का शतक भी पूरा हुआ। रोहित ने इसके बाद मोहम्मद शमी को गेंदबाजी में वापसी कराई और उन्होंने कप्तान को निराश नहीं करते हुए धनंजय को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच करा दिया। धनंजय ने 40 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके मारे। निसंका भी इसके बाद उमरान की उछाल लेती गेंद को पुल करने की कोशिश में अक्षर को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 80 गेंद की पारी में 11 चौके मारे। वानिंदु हसरंगा (16) ने आते ही चहल की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन अगली गेंद को सीधे श्रेयस अय्यर के हाथों में खेल गए। उमरान ने अगले ओवर में दिमुथ वेलालागे (00) को स्लिप में गिल के हाथों कैच कराके श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 179 रन किया। शनाका और चमिका करूणारत्ने (14) ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। पंड्या ने करूणारत्ने को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। श्रीलंका को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 154 रन की दरकार थी। शनाका ने उमरान पर तीन चौके और फिर अक्षर पर दो रन के साथ 50 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। शनाका की उम्दा पारी के बावजूद श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में 112 रन की जरूरत थी जिससे उसकी हार तय हो गई थी। शनाका ने आखिरी ओवर में शमी की पांचवीं गेंद पर चौके के साथ 87 गेंद में दूसरा शतक पूरा किया। इससे पहले चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पिछले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 113 रन की पारी खेलने वाले कोहली एक बार फिर अच्छी लय में दिखे। यहां चार साल पहले हुए एकमात्र एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में शतक (वेस्टइंडीज के खिलाफ 140) जड़ने वाले भारत के पूर्व कप्तान कोहली का भाग्य ने भी पूरा साथ दिया। उन्हें 52 और 81 रन के स्कोर पर जीवनदान मिले। वह अब महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के विश्व रिकॉर्ड 49 शतक से सिर्फ चार शतक दूर हैं। कोहली के नाम पर अब 73 अंतरराष्ट्रीय शतक हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 27 जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक शतक जड़ा है।

### स्कोरबोर्ड

**भारतः** रोहित बो मदुशंका 83, गिल पगबाधा बो शनाका 70, कोहली का मेंडिस बो रजिता 113, अय्यर का फर्नांडो बो धनंजय 28, राहुल बो रजिता 39, पंड्या का हसरंगा बो रजिता 14,पटेल का फर्नांडो बो करूणारत्ने 09,शमी नाबाद 04, सिराज नाबाद 07, अतिरिक्तः 06,कुलः 50 ओवर में सात विकेट परः 373 रन, **विकेट पतनः** ।-143, 2-173, 3-213, 4-303, 5-330, 6-362, 7-364, **गेंदबाजीः** रजिता 10-0-88-3,मदुशंका 6-0-43-।, हसरंगा 10-0-67-0, करूणारत्ने 8-0-54-।, वेलालागे 8-0-65-0, शनाका 3-0-22-।, धनंजय 5-0-33-।

**श्रीलंकाः** निसंका का अक्षर बो उमरान 72,फर्नांडो का पंड्या बो सिराज 05,मेंडिस बो सिराज 00,असलंका का राहुल बो उमरान 23, डिसिल्वा का राहुल बो शमी 47,शनाका नाबाद 108,हसरंगा का अय्यर बो चहल 16, वेलालागे का गिल बो उमरान 00,करूणारत्ने का रोहित बो पंड्या 14, रजिता नाबाद 09,**अतिरिक्तः** 12, **कुलः**50 ओवर में आठ विकेट परः 306 रन, विकेट पतनः।-19, 2-23, 3-64, 4-136, 5-161, 6-178, 7-179, 8-206, **गेंदबाजीः** शमी 9-0-67-।, सिराज 7-।-30-2, पंड्या 6-0-33-।,उमरान 8-0-57-3, चहल 10-0-58-।, अक्षर 10-0-58-0

# प्रसाद ने किशन को बाहर रखने पर की आलोचना

## एक्स फैक्टर बाहर और औसत खिलाड़ी टीम में बरकरार : भारतीय टीम के चयन पर कहा

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व तेज** गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे के लिए अंतिम एकादश से ईशान किशन को बाहर रखने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि दोहरा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी को बाहर नहीं किया जाता। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने साफ तौर पर कहा कि वह शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत करेंगे जबकि ईशान ने पिछली वनडे पारी में दोहरा शतक जड़ा था। प्रसाद ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा , भारत के पिछले वनडे मैच में जिसने दोहरा शतक बनाया था , उसे मौका देना बनता था। गिल के लिए काफी समय है लेकिन दोहरा शतक जमाने वाले को कैसे बाहर कर सकते हैं। ईशान ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक बनाया था। भारत के लिए 33 टेस्ट और 161 वनडे खेल चुके प्रसाद ने कहा कि मौजूदा भारतीय ढांचे में एक्स फैक्टर पर औसत प्रदर्शन को तरजीह दी गई है। यही कारण है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। बार बार बदलाव और शानदार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बाहर। एक्स फैक्टर पर औसत प्रदर्शन को तरजीह। इंग्लैंड में ऋषभ पंत ने आखिरी वनडे में शतक लगाया और भारत श्रृंखला जीता। लेकिन टी20 फॉर्म के आधार पर वह वनडे टीम से बाहर हो गया। दूसरी ओर एक दो पारियों को छोड़कर केएल राहुल लगातार नाकाम रहे लेकिन टीम में जगह बरकरार रखी। प्रदर्शन की मानदंड नहीं रह गया है जो दुखद है। भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने कहा , आज भारतीय टीम को देखकर सहज नहीं हूं। पिछली वनडे पारी में दोहरा शतक लगाने वाला ईशान किशन और पिछली टी20 पारी में शतक जड़ने वाला सूर्यकुमार यादव बाहर है।उम्मीद है कि उनका मनोबल बना रहेगा। राहुल टीम के विकेटकीपर होंगे। पहले वनडे में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार पर श्रेयस अय्यर का तरजीह दी गई है। भारत ने आखिरी बार कोई बड़ा टूर्नामेंट 2013 में जीता था।

### स्पेनिश लीग में एथलेटिक ने ओसासुना को ड्रॉ पर रोका

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने चैम्पियंस लीग में जगह बनाने का मौका खो दिया जब ओसासुना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोका। मैच में अधिकांश समय एथलेटिक का ही दबदबा रहा लेकिन वह मौके को भुना नहीं सकी। अब टीम सातवें स्थान पर रही जबकि चौथे स्थान पर काबिज रीयाल बेटिस के उससे दो अंक अधिक है।बार्सीलोना को रीयाल मैड्रिड पर तीन अंक की बढ़त है। रीयाल सोसिदाद तीसरे स्थान पर है।

### आर्सनल ने आक्सफोर्ड को हराया, अब मुकाबला मैनचेस्टर सिटी से

**आक्सफोर्ड।** आर्सनल ने तीसरे दर्जे की टीम आक्सफोर्ड युनाइटेड को 3-0 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना इंग्लिश प्रीमियर लीग चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी से होगा। आर्सनल के लिए मोहम्मद एलनेनी ने पहला गोल किया जबकि एडी एन ने दो गोल दागे। अब आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी का सामना 28 और 29 जनवरी को एतिहाद स्टेडियम पर होगा। इस जीत के साथ आर्सनल तीसरे दौर से बाहर होने से बच गई। इससे पहले एवर्टन, क्रिस्टल पैलेस, नॉटिंघम फोरेस्ट, बोर्नमाउथ , ब्रेंटफोर्ड, न्यूकैसल, चेलसी और एस्टोन विला निचली लीग की टीमों से हारकर बाहर हो चुके है।

### एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 20 जनवरी से

**लखनऊ।** लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन-एलएसजेए के तत्वावधान में एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग का आयोजन 20 से 31 जनवरी 2023 तक केडी सिंह श्बाबूश् स्टेडियम में होगा। एलएसजेए सचिव एसएम अरशद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्षिक टूर्नामेंट में समाचार पत्रए दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो सहित अन्य मीडिया कर्मी अपनी क्रिकेट क्षमता का प्रदर्शन करेंगे । टूर्नामेंट लीग कम नॉक आउट आधार पर सफेद गेंद से रंगीन ड्रेस में खेला जाएगा।

### गौतम सिंघानिया ने बेस्ट ऑफ शो की ट्रॉफी जीती

**नई दिल्ली।** विंटेज कारों की उपस्थिति और भारत और विदेश से एक बहुत व्यापक जूरी पैनल ने इस कार्यक्रम को भारत की सबसे प्रतिष्ठित विंटेज कार उत्सव बना दिया। 21 गन सैल्यूट कॉनकॉर डी,एलीगेंस 1934 पैकर्ड 1107 कूप रोडस्टर के 10वें संस्करण में सबसे दुर्लभ और सबसे खूबसूरत विंटेज कारों के बीच लड़ाई के बाद बेस्ट ऑफशो जीता। रेमंड के सीएमडी गौतम सिंघानिया हमेशा कार के प्रति उत्साही रहे हैं। बाइक श्रेणी में द बेस्ट ऑफ़ शो ने 1958 वेलोकेट वेनोम 500 जीता, जिसके मालिक पुणे के रूबेन सोलोमन थे। जूरी के सम्मानित पैनल ने बेस्ट ऑफशो के लिए 3 कारों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिसमें मिस्टर गौतम सिंघानिया के 1934 पैकर्ड 1107 कूप रोडस्टर ने बेस्ट ऑफशो ट्रॉफी जीती।

### एनिसिमोवा ने एडीलेड में पहले दौर में जीत दर्ज की

**एडीलेड।** अमेरिका की लकी लूजर अमांडा एनिसिमोवा ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर मे जीत दर्ज की। पिछले साल विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची एनिसिमोवा फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल भी खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को क्वालीफायर के द्वारा टूर्नामेंट में प्रवेश मिला है।

# असम के खिलाफ पृथ्वी का दोहरा शतक

## रणजी : मुंबई के दो विकेट पर 397 रन

भाषा। गुवाहाटी



**पिछले** 18 महीने में भारत की सभी प्रारूपों की टीम से अनदेखी झेलने वाले पृथ्वी साव की नाबाद 240 रन की पारी से मुंबई ने मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन असम के खिलाफ दो विकेट पर 397 रन बनाए। पृथ्वी कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 73) के साथ तीसरे विकेट के लिए 200 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान अब तक 283 गेंद का सामना करते हुए 33 चौके और एक छक्का जड़ा है। पृथ्वी ने अब तक 153 खाली गेंद खेली हैं। पृथ्वी ने स्पिनर रोशन आलम के खिलाफ 76 गेंद में 76 जबकि हरिदिप डेका के खिलाफ 56 गेंद में 53 रन बनाए। पृथ्वी ने इससे पहले मुशीर खान (42) के साथ पहले विकेट के लिए 123 जबकि अरमान जाफर (27) के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पृथ्वी की आक्रामक पारी के विपरीत टीम इंडिया में वापसी की कवायद में जुटे एक अन्य बल्लेबाज हनुमा विहारी ने 202 गेंद में नाबाद 76 रन की धीमी पारी खेली जिससे आंध्र ने फिरोजशाह कोटला मैदान पर दिल्ली की कमजोर गेंदबाज के खिलाफ तीन विकेट पर 203 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज सीआर ज्ञानेश्वर ने भी 158 गेंद में 81 रन की पारी खेली। दिल्ली की ओर से ऑफ स्पिनर रितिक शौकीन सबसे प्रभावी नजर आए। उन्होंने 13 ओवर में 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। हैदराबाद में सौराष्ट्र ने जयदेव उनादकट (28 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों से शानदार प्रदर्शन से मेजबान टीम को 79 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 250 रन बनाकर बड़ी बढ़त की ओर कदम बढ़ाए। सौराष्ट्र के लिए हार्विक देसाई ने 81 जबकि चिराग जानी ने 68 रन की पारी खेली। सौराष्ट्र को 171 न की बढ़त हासिल है जबकि उसके पांच विकेट शेष हैं। हैदराबाद के लिए अनिकेत रेड्डी ने 74 रन पर तीन विकेट चटकाए। पुणे में ग्रुप बी के एक अन्य मैच में रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 118) के शतक और आजिम काजी (नाबाद 87) तथा केदार जाधव (56) के अर्धशतक से महाराष्ट्र ने तमिलनाडु के खिलाफ छह विकेट पर 350 रन बनाए।

### मंत्री की शतकीय पारी से गुजरात के खिलाफ मप्र की ठोस शुरुआत

**इंदौर।** सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री की नाबाद शतकीय पारी से मौजूदा चैम्पियन मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन मंगलवार को गुजरात के खिलाफ तीन विकेट पर 232 रन बनाकर मजबूत शुरूआत की। विकेटकीपर बल्लेबाज मंत्री ने 278 गेंद की नाबाद पारी में अब तक 15 चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में शुभम शर्मा का अच्छा साथ मिला। दोनो ने दूसरे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। शुभम ने 147 गेंद की पारी में 14 चौकों की मदद से 72 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद मंत्री और यश दुबे ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। चिंतन गाजा ने दिन के 17वें ओवर में दुबे की 26 रन की पारी को खत्म किया। इसके बाद चाय के सत्र तक गुजरात के गेंदबाज विकेट लिए जुझते रहे। आखिरी सत्र में स्नेह पटेल ने शुभम को आउट किया जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हार्दिक पटेल ने रजत पाटीदार (चार रन) का विकेट चटकाया। स्टंप्स के समय मंत्री के साथ कप्तान आदित्य श्रीवास्तव 11 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ग्रुप के अन्य मैचो मे मोहाली में जम्मू कश्मीर ने पंजाब के खिलाफी छह विकेट पर 146 रन बनाए जबकि चंडीगढ़ और विदर्भ के बीच तीन ओवर का ही खेल हो पाया। रेलवे ने सूरत मे त्रिपुरा की पहली पारी को 96 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 126 रन बना लिए।

### महिला अंपायर राठी, नारायणन और वेणुगोपालन ने रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया

**नई दिल्ली।** वृंदा राठी, जे नारायणन और गायत्री वेणुगोपालन मंगलवार को प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट मे पदार्पण करने वाली शुरुआती महिला अधिकारी बनी। ए पूर्व स्कोरर, पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर और पूर्व खिलाड़ी है। वेणुगोपालन झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच जमशेदपुर में अधिकारी की भूमिका निभा रही है जबकि नारायणन सूरत मे रेलवे बनाम त्रिपुरा और राठी पोरवोरिम मे गोवा बनाम पुडुचेरी मुकाबले मे अंपायरिंग कर रही है। ए तीनों महिला प्रतियोगिताओं की प्रतिष्ठित अधिकारी है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के महिला अंपायरो को पुरुष घरेलू प्रतियोगिताओं मे मौका देने के फैसले से उन्हे रणजी ट्रॉफी मे अधिकारी की भूमिका निभाने का मौका मिला है। नारायणन 36 साल की है और उन्हे क्रिकेट और इससे जुड़ी सभी चीजे पसंद है। वह मैदान पर उतरना चाहती थी और उन्होंने अंपायर बनने के लिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) से भी कुछ मौको पर संपर्क किया।

# यूपी को उत्तराखंड ने दिया शुरुआती झटका

## वैभव के पांच विकेट से हिमाचल ने ओडिशा की पारी को 191 रन पर समेटा



आंध्र के गुरुश्वरन

**लखनऊ।** ठंड के बीच हो रहे रणजी मुकाबले में उत्तराखंड ने अब तक 21 ओवर के खेल में 29 रन पर उत्तर प्रदेश के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अपना दबदबा बनाया है। टीम के लिए दीपक धापोला ने 10 रन देकर दो विकेट लिए है। उधर नादौन में हिमाचल प्रदेश के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने करियर में तीसरी बार पांच विकेट चटकाए जिससे हिमाचल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को यहां ओडिशा की पहली पारी को 191 रन पर समेट दिया। वैभव ने 14 ओवर में 51 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्हें टीम के अन्य तेज गेंदबाजों ऋषि धवन (44 रन पर दो विकेट) और कुमार अभिनय (39 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। दिन का खेल खत्म होने तक हिमाचल ने दो विकेट पर 91 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। स्टंप्स के समय प्रशांत चोपड़ा 61 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पच्चीस साल के वैभव ने पारी के नौवें ओवर में सलामी बल्लेबाज अनुराग सारंगी (छह रन) को चलाता करने के बाद 16वें ओवर में अंश राठी (तीन रन) की पारी को खत्म किया। सलामी बल्लेबाज शांतनु मिश्रा (52 रन) ने एक छोर संभाले रखा था लेकिन दूसरी ओर से लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। वह टीम के 160 रन के स्कोर पर आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज थे। उनके पवेलियन जाने के बाद टीम ने बाकी के दोनों विकेट जल्दी गंवा दिए। ग्रुप के अन्य मैचों में कल्याणी में बड़ौदा के ज्योत्सनिल सिंह (85) और प्रियांशु मौलिया (50) की अर्धशतकीय पारियों पर बंगाल के गेंदबाज मुकेश कुमार (50 रन पर तीन विकेट) और आकाश दीप (67 रन पर चार विकेट) भारी पड़े। दिन का खेल खत्म होते समय बड़ौदा का स्कोर सात विकेट पर 222 रन था। रोहतक में नगालैंड की टीम हरियाणा के खिलाफ 37 ओवर में 83 रन पर पांच विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी।

### ब्रुक, गार्डनर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई।** इंग्लैंड को पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हैरी ब्रुक मंगलवार को पहली बार आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए।महिलाओं में यह खिताब ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर ने जीता। उन्होंने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया था। वह इस दमदार प्रदर्शन के बूते हरफनमौला खिलाडियों की रैंकिंग में शीर्ष पर भी पहुंची। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 4-। से जीता था।

### मनिका, श्रीजा टेटे स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**दोहा।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने 2023 डब्ल्यूटीटीसी फाइनल्स के एशिया कॉन्टिनेंटल चरण के प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की जबकि देश की तीन अन्य महिला खिलाड़ियों को मंगलवार को यहां अपने-अपने मैच में हार का सामना करना पड़ा। एशियाई कप में कांस्य पदक विजेता बत्रा ने हांगकांग की झू चांगझू को 4-0 से शिकस्त दी। अकुला ने चीनी ताइपे की चेन सु-यू पर 4-3 से जीत के साथ टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश किया। चिताले दिया पराग को जापान की हिरानो मिउ, स्वास्तिका घोष को कोरिया की जियोन जिही और रीथ टेनिसन को जापान की हयात हिना के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। पुरुषों के वर्ग में हरमीद देसाई को चीन के फान झेंडोंग से 0-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### प्रतिबंध घटने के बाद भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल प्रतिस्पर्धा के लिए स्वतंत्र

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह का प्रतिबंध मंगलवार को चार साल से घटाकर एक साल कर दिया गया क्योंकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अपील पैनल ने उनका यह पक्ष स्वीकार कर लिया कि खाने के सप्लीमेंट में गड़बड़ी के कारण वह डोप परीक्षण में विफल रहे थे। उनके वकील ने यह जानकारी दी। नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल ने तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले शिवपाल को पिछले साल 16 अगस्त को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया था क्योंकि सितंबर 2021 में प्रतियोगिता के इतर परीक्षण के दौरान उनका डोप नमूना स्टेरॉयड के लिए पॉजीटिव पाया गया था।

### रुद्राक्ष, मनु और सिफ्ट ट्रायल्स में जीते



**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियन रुद्राक्ष पाटिल, ओलंपियन मनु भाकर और सिफ्ट कौर समरा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह परिसर में ग्रुप ए निशानेबाजी में अपने-अपने ट्रायल मुकाबलों में जीत दर्ज की। रुद्राक्ष ने सोमवार को टी। चरण में दूसरा स्थान हासिल किया था लेकिन मंगलवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी2 ट्रायल के विजेता बने। सिफ्ट कौर समरा ने सोमवार को टी। स्पर्धा में जीत का स्वाद चखने के बाद महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) में लय बरकरार रखते हुए लगातार दूसरी सफलता हासिल की। ओलंपियन मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी। ट्रायल को अपने नाम किया। महाराष्ट्र के रुद्राक्ष ने स्वर्ण पदक मुकाबले में सेना के अनुभवी चैन सिंह को 17-13 से हराया। वह इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 630.8 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थे। चैन इसमें 630 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। क्वालिफिकेशन में असम के हृदय हजारिका 633.6 अंक के साथ शीर्ष पर थे लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे। रेलवे के शाहू तुषार माने ने इसका कांस्य पदक जीता। महिलाओं के थ्री पी में टी। चरण की तरह टी2 में भी पंजाब की सिफ्ट ने अंजुम को 16-14 से हराया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी। ट्रायल के स्वर्ण पदक मैच में मनु ने 27 निशाने साधे।

# उम्मीद है कि हम शीर्ष पर रहेंगे : श्रीजेश

भाषा। राउरकेला



**अपने चौथे** और घरेलू सरजमीं पर तीसरे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को लगता है कि उनकी टीम पिछले टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है और यहां तक कि इस बार पोडियम के शीर्ष पर जगह बना सकती है। प्रतिष्ठित हॉकी विश्व कप शुक्रवार से यहां शुरू होगा। भारत 2018 के टूर्नामेंट में दो मैच जीतकर और एक ड्रॉ करने के बाद अपने पूल में शीर्ष पर था लेकिन क्वार्टर फाइनल में तब उप विजेता रहे नीदरलैंड से 2-। से हार गया था। तब टूर्नामेंट भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेला गया था जो इस बार भी दो आयोजन स्थलों में से एक है। स्पेन के खिलाफ शुक्रवार को ग्रुप डी के भारत के पहले मैच से पूर्व श्रीजेश ने कहा, अपने देश के लिए चौथा विश्व कप खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और खास बात यह है कि घरेलू सरजमीं पर यह मेरा तीसरा विश्व कप है। मुझे नहीं लगता कि किसी खिलाड़ी को घरेलू मैदान पर तीन विश्व कप खेलने का सौभाग्य मिला है।

### युवाओं के दल ने पटनायक का आभार जताया

**भुवनेश्वर।** हॉकी विश्व कप के खुमार में डूबे ओडिशा मे बड़ी संख्या में युवाओ ने राउरकेला से भुवनेश्वर के बीच 300 किलोमीटर की दूरी तय कर सुंदरगढ़ जिले में इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार जताया। राउरकेला पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के दो स्थलों में से एक है। यहां नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम मे 20 मैच खेले जाएंगे।

# साइना और श्रीकांत मलेशिया ओपन के पहले दौर से बाहर

भाषा। कुआलालंपुर



**भारत की** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत का खराब प्रदर्शन जारी रहा और ए दोनों सत्र के पहले मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। वर्ष 2022 में खराब फॉर्म और चोटों से जूझने वाली लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को चीन की हान यूई ने इस 12 लाख 50 हजार इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में 21-12, 17-21, 21-12 से हराया। टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के लिए गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की महिला युगल जोड़ी ही जीत दर्ज कर सकी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने एउंग एनगा टिंग और एउंग पुइ लैम की हांगकांग की जोड़ी को 21-14 21-19 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर खिसक चुकी साइना ने पहला गेम जीतने के बाद वापसी की और महिला एकल मैच को निर्णायक गेम में खींचा। हान ने हालांकि दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन साइना को तीसरे और निर्णायक गेम में कोई मौका नहीं देते हुए बाहर का रास्ता दिखा दिया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत को जापान के गैर वरीय केंता निशिमोतो ने 21-19, 21-14 से हराया। खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत 42 मिनट में हार गए। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले गेम में निशिमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन जापान का खिलाड़ी बढ़त बनाने में सफल रहा। दूसरे गेम में स्कोर एक समय 12-12 से बराबर था लेकिन उसके बाद निशिमोतो ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। आकर्षि कश्यप भी चीनी ताइपै की वेन चि सू से 10-21, 8-21 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गई।